ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते



| सेंसेक्स | 71,595.49 | ▲ +167.06 |
|---|---|---|
| डॉलर | 83.012 | ▼ +0.036 |

**तापमान** (डिग्री सेल्सियस)

आज का अनुमान


| | अधिकतम | न्यूनतम | (न्यूनतम) |
|---|---|---|---|
| रांची | 28.0 | 16.0 | 20.0 |
| धनबाद | 28.0 | 16.0 | 21.0 |
| जमशेदपुर | 32.0 | 17.0 | 23.0 |
| पलामू | 28.0 | 15.0 | 21.0 |

डालटनगंज (मेदिनीनगर), माघ शुक्ल पक्ष 03, विक्रम संवत 2080 डालटनगंज (मेदिनीनगर), सोमवार, 12 फरवरी 2024, वर्ष-30, अंक- 117, पृष्ठ-12, मूल्य ₹3.00, रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 www.rastriyanaveenmail.com

संपादकीय परीक्षा के समय सहायक तौर-तरीके व अकादमिक अपेक्षाएं ...6

डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

पीएम ने हमारी संस्कृति व विरासत...10 देश/विदेश



## एक नजर

### विशाखापट्टनम जा रहे मजदूर की ट्रेन से गिरकर मौत

**हरिहरगंज।** थाना क्षेत्र के अररूआ खुर्द निवासी 45 वर्षीय जितेंद्र विश्वकर्मा की संबलपुर जंक्शन के समीप ट्रेन से गिरकर मौत हो गयी। वह अपने अन्य साथियों के साथ मजदूरी करने के लिए शुक्रवार को विशाखापट्टनम जा रहा था। रविवार को मृतक का शव उसके पैतृक आवास पर पहुंचा। शव को देखते ही मृतक की पत्नी, तीन पुत्री तथा एक पुत्र सहित घर के लोगों में कोहराम मच गया। सभी का रो-रोकर बुरा हाल है। बाद में बटाने नदी घाट पर मृतक का अंतिम संस्कार किया गया। परिजनों ने बताया कि वह घर का एकमात्र कमाऊ सदस्य था। गरीबी के कारण मजदूरी करने अजय यादव नामक ठेकेदार के बुलावे पर विशाखापट्टनम जा रहा था। उधर स्थानीय लोगों ने पलामू उपायुक्त से मृतक के आश्रितों को आर्थिक सहायता देने की मांग की है, जिससे उसके परिवार का भरण पोषण हो सके।

### नये थाना प्रभारी का किया स्वागत

**हरिहरगंज।** रविवार को विभिन्न दलों के नेताओं ने हरिहरगंज के नये थाना प्रभारी इंस्पेक्टर चंदन कुमार के पदभार ग्रहण करने पर गुलदस्ता देकर स्वागत किया। इस दौरान नेताओं ने आशा जतायी कि नये थाना प्रभारी के नेतृत्व में कानून व्यवस्था की स्थिति मजबूत होगी। नवागत थाना प्रभारी ने लोगों की अपेक्षा पर खरा उतरने की बात कही। स्वागत करने वालों में भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष राजीव रंजन, राजद नेता कमलेश कुमार यादव, झामुमो जिला उपाध्यक्ष अतहर हुसैन के अलावे सेवानिवृत्त शिक्षक मृत्युंजय सिंह, शंभू यादव, विनोद पासवान शामिल रहे।

### जूनियर आरआर प्ले स्कूल का उद्घाटन

**हरिहरगंज।** शहरी क्षेत्र अंतर्गत बंजारी मोहल्ला के टंडवा रोड में जूनियर आरआर प्ले स्कूल का उद्घाटन रविवार को कुटुंबा हाई स्कूल के प्रिंसिपल मो. फैजुल रहमान, मुखिया सरोज कुशवाहा, प्रिंसिपल मो. राशिद फैजी, इसरार आलम, एहतेशाम अनवर, मो. असलम आदि ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। निदेशक नौशाबा मोअज्जम ने कहा कि स्कूल में अनुभवी एवं प्रशिक्षित शिक्षकों द्वारा गुणवत्तापूर्ण पढ़ाई की जाएगी। मौके पर इरफान शाहिद, कमलेश कुमार यादव, अतहर हुसैन, इमरान खान, फहीम अख्तर, एहतेशाम अनवर, गुलाम कादिर, फैसल फिरोज, बिट्टू, मेजार, अरविंद मेहता, धीरेंद्र मालाकार मौजूद थे।

### शिव व हनुमान जी की प्राण-प्रतिष्ठा

**हरिहरगंज।** पिपरा थाना परिसर में नवनिर्मित मंदिर में भगवान शिव व बजरंग बली की प्रतिमा का विधि-विधान पूर्वक प्राण-प्रतिष्ठा किया गया। थाना प्रभारी अमित कुमार सिंह, पूर्व थाना प्रभारी सूरज चैल, अभय आनंद, सुरेंद्र सिंह, विक्रम सिंह सहित दर्जनों लोगों ने संयुक्त रूप से हवन किया। क्षेत्रिय महासभा के प्रदेश सचिव रंजीत बहादुर सिंह के तत्वावधान में प्रखंड वासियों के लिये थाना परिसर में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। तेंदुई पंचायत मुखिया प्रतिनिधि अरविंद कुमार सिंह एवं थाना प्रभारी अमित कुमार सिंह के संयुक्त प्रयास से भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

### स्वास्थ्य उपकेंद्र भवन का विधायक ने किया ऑनलाइन शिलान्यास

# उपचार के लिये ग्रामीणों को नहीं जाना होगा दूर



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** स्थानीय विधायक कमलेश कुमार सिंह ने हुसैनाबाद के बुलंद बिगहा में स्वास्थ्य उपकेंद्र भवन निर्माण कार्य का ऑनलाइन शिलान्यास किया। विधायक ने अपने संबोधन में कहा कि विधानसभा क्षेत्र की एक-एक समस्या का समाधान किया जा रहा है। सड़क, स्वास्थ्य केंद्र, विद्यालय भवन के निर्माण से गांव का चहुमुखी विकास हो रहा है। उन्होंने कहा कि हुसैनाबाद प्रदेश का इकलौता विधान सभा है, जहां ग्रामीणों की सहमति से विकास कार्य कराये जा रहे हैं। सड़कों का जीर्णोद्धार के अलावा नई सड़कों का निर्माण भी किया जा रहा है। गांव-गांव में छठ घाट व विवाह मंडप का निर्माण किया गया है। ग्रामीणों की मांग पर क्षेत्र की समस्या दूर करने की दिशा में कार्य किये जा रहे हैं। विधायक प्रतिनिधि अजीत सिंह ने कहा कि क्षेत्र में विकास कार्यों का शिलान्यास और उद्घाटन करने के लिए चार टीमें बनाई गई हैं। चारों टीमें अलग-अलग गांव में स्वीकृत योजनाओं का शिलान्यास कर रही है। उन्होंने योजनाओं पर बेहतर कार्य कराने की जिम्मेदारी ग्रामीणों को दी है। कार्यक्रम में एनसीपी प्रवक्ता योगेंद्र सिंह उर्फ गुड्डू सिंह, जयप्रकाश उपध्याय, दिलीप सिंह उर्फ खुदी सिंह, राजकुमार ठाकुर, हंसराज सिंह, ज्ञानप्रकाश उपाध्याय, बिल्टू बाबा, प्रसाद साव मौजूद थे।

### हवन व महाभंडारे के साथ प्राण-प्रतिष्ठा अनुष्ठान यज्ञ का समापन

# रथ पर सवार बजरंगी ने किया नगर भ्रमण, लगे जयकारे





**नवीन मेल संवाददाता**

**विश्रामपुर।** नगर परिषद अंतर्गत वार्ड नौ के डंडीला खुर्द गांव में नवनिर्मित महावीर मंदिर में बजरंगी बली के तीन दिवसीय प्राण-प्रतिष्ठा अनुष्ठान यज्ञ का समापन रविवार को महाभंडारे के साथ किया गया। इससे पहले सुबह नौ बजे भगवान हनुमान जी की प्रतिमा को रथ पर सवार कर नगर भ्रमण कराया गया। नगर भ्रमण मे काफी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुये। साथ-साथ चल रहे पवनसुत के भक्तों के गगनभेदी जयकारे से वातावरण भक्तिमय हो गया। नगर भ्रमण के दौरान ग्राम देवता की विशेष पूजा-अर्चना की गयी। नगर भ्रमण के उपरांत हनुमान जी की प्रतिमा को मंदिर के गर्भ गृह में स्थापित किया गया। हवन के उपरांत आयोजित महाभंडारे में भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। शनिवार की रात में अखंड कीर्तन भी आयोजित किया गया। जिसमें हरे राम हरे कृष्ण का जाप हुआ। अनुष्ठान यज्ञ मुख्य आचार्य मधुसूदन वैद्य की देखरेख में संपन्न हुआ। मंदिर निर्माण के प्रणेता रामदास शुक्ला उनकी पत्नी चक्रवर्ती देवी, पुत्र अशोक शुक्ला-पुत्रवधु देववंती देवी, प्रवीण शुक्ला, आशीष शुक्ला व पवन शुक्ला ने मुख्य यजमान की भूमिका निभाई। मौके पर वरीय कांग्रेसी नेता अमृत शुक्ला, वार्ड पार्षद दिनेश शुक्ला, रामनवमी पूजा समिति अध्यक्ष आलोक शुक्ला, अजब नारायण शुक्ला, प्रो.नंदलाल शुक्ला, संजय शुक्ला, विकास शुक्ला, रवींद्र शुक्ला, मुरली श्याम दुबे, प्रभात रंजन दुबे, मृत्युंजय दुबे, मिथिलेश चौबे, ओम प्रकाश शुक्ला, लालबाबू शुक्ला मौजूद रहे।

### जयंती पर शहीद जगदेव प्रसाद की प्रतिमा का अनावरण, किया गया नमन

# समाजवाद का प्रतिरूप थे बिहार लेनिन जगदेव प्रसाद



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** शहीद जगदेव विचार मंच देवरी खुर्द के बैनर तले बिहार लेनिन शहीद जगदेव प्रसाद की 102वीं जयंती धूमधाम से मनायी गयी। इस कार्यक्रम में युवा समाजसेवी सह उत्तरी जिला परिषद सदस्य राजू मेहता उर्फ एसपी मेहता ने शहीद जगदेव प्रसाद की प्रतिमा का अनावरण किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सुरेश मेहता ने व संचालन राकेश कुमार मेहता ने किया। मौके पर झारखंड प्रदेश बौद्ध महासभा महिला विंग की प्रदेश अध्यक्ष सुषमा बौद्ध, डॉ. जन्मेजय कुमार, राजद नेता विनय सिंह यादव, साकिर अली उर्फ. राज अली, मुखिया ममता देवी, रामाशंकर चौधरी, देवरी ओपी प्रभारी इंद्रदेव राम को मंच के सदस्यों ने माला पहनाकर स्वागत किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एसपी मेहता ने शहीद जगदेव प्रसाद को अन्याय के खिलाफ संघर्ष का प्रतीक एवं योद्धा करार देते हुए कहा कि सामाजिक अन्याय के खिलाफ न्याय के लिए जीवनपर्यन्त संघर्ष करते हुए जगदेव बाबू ने अपने जीवन का बलिदान कर दिया। समाजवादी विचार धारा के लोगों के लिए उनका जीवन प्रेरणा श्रोत बना रहेगा। मुख्य वक्ता जन्मेजय कुमार ने कहा कि जगदेव बाबू हर क्षेत्र में शोषकों और शोषितों के बीच असमानता की लगतार बढ़ती हुई खाई को पाटने में लगे रहते थे। मौके पर डॉ. लक्ष्मण मेहता, अभिषेक कुमार, संजय कुमार, डॉ. शिव प्रसाद मेहता, शंकर मेहता, अधिवक्ता संजय अकेला, शीला देवी, ऊषा देवी, अजीत कुमार, सुबोध कुमार, विष्णुदेव मेहता, जितेंद्र पासवान मौजूद थे। मिशन गायक ललिता देवी व योगेश कुमार ने अपनी प्रस्तुती से खूब वाहवाही लूटी।

# केवाल की टीम ने खिताब पर जमाया कब्जा



**नवीन मेल संवाददाता**

**हरिहरगंज।** प्रखंड क्षेत्र के घाघरा गांव स्थित बाल सुरक्षा समिति के द्वारा आयोजित क्रिकेट टूनार्मेंट का फाइनल मुकाबला रविवार को केवाल व घाघरा की टीम के बीच मैच खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए घाघरा की टीम ने 16 ओवर में 113 रन बनाये। जबाबी पारी खेलने उतरी केवाल की टीम ने दो ओवर शेष रहते ही लक्ष्य हासिल कर लिया। बतौर मुख्य अतिथि समाजसेवी सह भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष राजीव रंजन व विशिष्ट अतिथि राजद प्रखंड अध्यक्ष महेंद्र यादव ने विजेता व उपविजेता टीमों को ट्राफी देकर सम्मानित किया। मौके पर सेवानिवृत्त शिक्षक मृत्युंजय सिंह, शंभू यादव, राजू शर्मा, दिनेश पासवान, धनेश सिंह, विनोद पासवान, रमेश यादव, मिथिलेश यादव, सुरेन्द्र यादव, बलदेव कुमार, विकास कुमार, अरविंद पाण्डेय मौजूद थे।

# बगैर लाइसेंस चल रहे 13 प्रतिष्ठानों से 36 हजार जुर्माना वसूल



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** नगर पंचायत के द्वारा इन दिनों ट्रेड लाइसेंस को लेकर अभियान चलाया जा रहा है। साथ ही ट्रेड लाइसेंस नहीं लेने वाले दुकानों से जुर्माने के साथ कार्रवाई भी की जा रही है। रविवार को शहर के गांधी चौक व मुख्य बाजार के क्षेत्रों में अभियान चलाकर बिना ट्रेड लाइसेंस संचालित हो रहे 13 प्रतिष्ठानों से 36 हजार रुपए की वसूली की गई। वहीं जुर्माना न दे पाने पर एक दुकान का चालान किया गया। विदित हो कि नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी विपुल सन्नी के नेतृत्व में नगर प्रबंधक हिमानी बाड़ा व नगर पंचायत कर्मियों द्वारा लगातार यह अभियान चलाया जा रहा है। जिससे बिना ट्रेड लाइसेंस के व्यवसाय करने वाले व्यवसायियों में हड़कंप मचा हुआ है। इस संबंध में कार्यपालक पदाधिकारी ने बताया कि बिना ट्रेड लाइसेंस के व्यवसाय करने वाले प्रतिष्ठानों के विरुद्ध नगर पालिका अधिनियम के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### वनभोज से बढ़ता है भाईचारा

**सतबरवा।** गोस्वामी समाज के जिला अध्यक्ष सुनील गोस्वामी की अध्यक्षता में रविवार को मिलन समारोह सह वनभोज का आयोजन चियांकी पार्क में किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गोस्वामी समाज के प्रदेश संरक्षक एवं झारखंड स्टेट बार काउंसलिंग के स्टेटस कमेटी के अध्यक्ष व अखिल झारखंड आजसू के प्रदेश महासचिव राधेश्याम गोस्वामी ने कहा कि जो इंद्रियों को वश में करे सके वही गोस्वामी कहलाता है। मिलन समारोह सह वनभोज के माध्यम से समाज में समरसता एवं आपसी भाईचारा मजबूत होता है। प्रदेश संरक्षक गणेश गिरी ने कहा कि समाज के विकास के लिये कठिन परिश्रम की आवश्यकता है। नगर अध्यक्ष सुबोध गोस्वामी, सचिव मनोज गोस्वामी, उपाध्यक्ष गौतम गोस्वामी, कोषाध्यक्ष संजू गोस्वामी के साथ सतबरवा प्रखंड अध्यक्ष बजरंगी गोस्वामी, लेस्लीगंज का दिलीप गोस्वामी, चैनपुर का अरुण गोस्वामी, तरहसी का नागेन्द्र गोस्वामी को प्रखंड अध्यक्ष बनाया गया। कार्यक्रम में प्रदेश सचिव श्यामलाल गोस्वामी, प्रदेश संरक्षक अरविंद गोस्वामी, मुकेश गोस्वामी, मुनीनाथ गोस्वामी, विशेश्वर गिरी, नागेंद्र गोस्वामी, दिगंबर गोस्वामी, सुनील गोस्वामी, महिला जिला अध्यक्ष शीला गोस्वामी, आरती गोस्वामी, दुर्गा गोस्वामी, शिल्पी गोस्वामी आदि मौजूद रहीं। कार्यक्रम का संचालन प्रदेश सचिव श्यामलाल गोस्वामी ने किया।

# न्याय यात्रा को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने किया जनसंपर्क



**नवीन मेल संवाददाता**

**हरिहरगंज।** प्रखंड के कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने आगामी 15 फरवरी को राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा कार्यक्रम की तैयारी शुरू कर दी है। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष राघव सिंह तथा संचालन प्रदेश प्रतिनिधि कृष्ण कुमार सिंह ने किया। बैठक में मुख्य रूप से बीस सूत्री कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति की उपाध्यक्ष सह झारखंड चुनाव समिति सदस्य विमला कुमारी तथा झारखंड राज्य अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य डॉ. एम तौसीफ, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश प्रभारी उमेर खान मुख्य रूप से शामिल हुये। प्रदेश प्रतिनिधि कृष्ण कुमार सिंह ने भारत जोड़ो न्याय यात्रा में बढ़-कर कर कांग्रेस कार्यकर्ताओं की भागीदारी सुनिश्चित करने पर जोर देते हुए कहा कि यात्रा का हरिहरगंज में जोरदार ढंग से स्वागत किया जाएगा। इसके पहले पदाधिकारियों के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने अररुआ खुर्द, बंजारी, हरिहरगंज सहित कई गांवों तथा मोहल्लों में संपर्क किया। मौके पर प्रखंड उपाध्यक्ष लक्ष्मी राम, मनोज सिंह, मो. डायमंड अली, पूर्व मुखिया कमरू जमा खान, नौशाद आलम, मो. खुर्शीद, निरंजन गुप्ता, ओबीसी अध्यक्ष बबलू कुमार, मो. अल्ताफ मौजूद थे।

# राजीव रंजन बने नये जिला अध्यक्ष

### प्रशिक्षित सहायक अध्यापक संघ की कार्यकारिणी का गठन

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जिला आकलन सफल सह प्रशिक्षित सहायक अध्यापक संघ की रविवार को हुई बैठक में जिला कमेटी का गठन किया गया। बैठक की अध्यक्षता संघ के प्रदेश अध्यक्ष ऋषिकांत तिवारी एवं संचालन राकेश कुमार पांडे ने किया। बैठक में जिला कमेटी नवनिर्माण सह विस्तार करते हुए सर्व सम्मति से राजीव रंजन शुक्ला को अध्यक्ष, सूरत राम को उपाध्यक्ष, प्रेमचंद गुप्ता को महासचिव, सुरेंद्र कुमार सिंह को सचिव, प्रमोद पाठक को कोषाध्यक्ष व आशीष रंजन को उप कोषाध्यक्ष चुना गया। इसी तरह राकेश कुमार पांडे मीडिया प्रभारी व मोहम्मद इमाम अजहर को सोशल मीडिया प्रभारी बनाया गया। कपिल देव प्रसाद गुप्ता, बृजकिशोर तिवारी, उपेंद्र पाठक,सतीश मिश्रा,राजेश मिश्रा,मनोज राम, अंजू कुमारी, विमला कुमारी एवं गिरवर प्रजापति संरक्षक होंगे। जानकारी देते हुए प्रदेश अध्यक्ष ऋषिकांत तिवारी ने कहा कि जिला कमेटी निर्माण से संघ में मजबूती आएगी। मौके पर राजेश कुमार मिश्रा,मधुसूदन प्रसाद,हरेंद्र कुमार सिंह, जगनारायण सिंह, विभावना यादव, हरेंद्र यादव, मनोज राम, अशोक कुमार पांडे उपस्थित थे।

# भवन तैयार फिर भी घर से हो रहा आंगनबाड़ी का संचालन

- सेविका की कार्यप्रणाली पर ग्रामीणों ने जताई आपत्ति
- मुखिया ने सीडीपीओ से वार्ता कर केंद्र में संचालन की उठाई आवाज



**नवीन मेल संवाददाता**

**पाटन।** चार वर्ष से भवन बनकर तैयार होने के बाद भी स्थानीय जंघासी पंचायत के धनगरडीहा गांव में आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 244 का संचालन सेविका द्वारा घर से किये जाने पर ग्रामीणों ने गहरी आपत्ति जताई है। ग्रामीण की शिकायत पर मुखिया पिंकी देवी ने रविवार को आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बाल विकास परियोजना पदाधिकारी से दूरभाष पर बात कर केंद्र को नये भवन में संचालित करने की मांग की। उन्होंने बताया कि सीडीपीओ ने सोमवार से केंद्र भवन पर संचालित किये जाने का भरोसा दिया है। मुखिया ने विभागीय कर्मियों पर आरोप लगाते हुए कहा कि लापरवाही के कारण प्रखंड अंतर्गत कई ऐसे सेंटर हैं। जहां भवन रहते हुये भी घर से केंद्र संचालित हो रहा है। मुखिया ने संबंधित आंगनबाड़ी केंद्र में बिजली व्यवस्था के लिए सहयोग भी प्रदान किया। मौके पर मानवाधिकार आयोग के जिला अध्यक्ष अविनाश सिंह, पंचायत समिति सदस्य कुबेश, उप मुखिया पूनम देवी मौजूद रहीं।

## समारोह

### भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया नमन, दी गयी श्रद्धांजलि

# समर्पण दिवस के रूप में मनी पं. दीनदयाल की पुण्यतिथि



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** भारतीय जनता पार्टी मोहम्मदगंज मंडल ने रविवार को रामबांध पंचायत अंतर्गत बूथ संख्या नौ पर भारतीय जनसंघ के संस्थापक अध्यक्ष पं. दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि को समर्पण दिवस के रूप में मनाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष नीरज कुमार सिंह तथा संचालन विजय कुशवाहा ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ बतौर प्रभारी भाजपा सैन्य प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक कर्नल डॉ. संजय कुमार सिंह ने पुष्प अर्पित और दीप प्रज्ज्वलित कर किया। उन्होंने बताया कि शोषित, पीड़ित, निर्धन व निरीह व्यक्तियों के समग्र उत्थान अंत्योदय के प्रति समर्पण के संकल्प के साथ पुण्यतिथि मनाई जा रही है। इस दौरान गांव चलो अभियान के तहत प्रधानमंत्री मोदी के जन कल्याणकारी योजनाओं से लोगों को अवगत कराया गया। मौके पर मानिक शर्मा, प्रदीप मेहता, विश्वनाथ पासवान, अजय कुमार, प्रवीण कुमार, श्रवण राम उपस्थित थे।

### पंडित जी के सोच को साकार करें कार्यकर्ता




**हुसैनाबाद।** इसी क्रम में भाजपा नगर मंडल व किसान मोर्चा द्वारा भाजपा नेता उदय विश्वकर्मा के काम्प्लेक्स परिसर में भी समर्पण दिवस मनाया गया। भाजपा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रविंद्र कुमार सिंह उर्फ बबलू सिंह ने कहा कि विषम परिस्थति में पं. दीनदयाल द्वारा रोपित पौधा आज विश्व के सबसे बड़े राजनीतिक दल का रूप ले लिया है। उनकी सोच को साकार करना प्रत्येक कार्यकर्ता का दायितव है। इस अवसर पर वरीय नेता रामप्रवेश सिंह, नगर मंडल अध्यक्ष अजय गुप्ता, संतोष कुमार सिंह,रामेश्वर राम,सुबोध कश्यप, राजेश कर्ण,संतोष गुप्ता मौजूद थे।

### विधायक व पूर्व सांसद ने मनाई पं. दीनदयाल की पुण्यतिथि



**पाटन।** विधायक पुष्पा देवी व पूर्व सांसद मनोज कुमार के द्वारा बीजेपी कार्यालय में पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि मनाई गई। कार्यक्रम के प्रारंभ में पंडित दीनदयाल उपाध्याय के फोटो पर माला पहनाकर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किया गया। विधायक ने कहा समाज के समग्र विकास के लिये हम सभी को पंडित जी के बताये मार्ग पर चलना होगा। मौके पर पाटन मंडल अध्यक्ष संजय सिंह, मंडल प्रभारी उदय शुक्ला, कार्यसमिति सदस्य निरंजन पासवान, सदस्य वशिष्ठ पांडे, मंत्री आनंद सिंह, पूर्व पंचायत समिति सदस्य कामता सिंह, पूर्व मुखिया हित नारायण सिंह, पूर्व बीस सूत्री अध्यक्ष गोपाल पासवान,मीडिया प्रभारी सत्येंद्र सिंह, पिंकी विश्वकर्मा आदि मौजूद रहीं।

### स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने किया प्रदर्शन

# रंगिया में गूंजा रोड नहीं तो वोट नहीं का नारा



**नवीन मेल संवाददाता**

**मनातू।** आजादी के 76 वर्ष बाद भी रोड व पुल-पुलिया न होने से क्षुब्ध रंगिया पंचायत के खरीगदाग की स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने मतदान के बहिष्कार का मन बना रही हैं। रोड नहीं तो वोट नहीं का नारा लगाते हुये महिलाओं ने रविवार को प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि कक्षा छह से 10 तक के बच्चों को 40 फीट गड्ढा पार कर स्कूल जाना पड़ता है। बार-बार ध्यान आकृष्ट कराने के बाद भी इस दिशा में किसी ने भी पहल नहीं की। कई अभिभावक तो दुर्घटना के भय से अपने बच्चों को स्कूल नहीं भेजते। नतीजन यहां के बच्चे अशिक्षित रहने के लिये विवश हैं। उन्होंने प्रतिनिधियों व जिला प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराते हुये इस संबंध में तत्काल समुचित कदम उठाये जाने की मांग की है।

संसेक्स 71,595.49 ▲ +167.06
डॉलर 83.012 ▼ +0.036

तापमान (डिग्री सेल्सियस)
आज का अनुमान

| | अधिकतम | न्यूनतम | (न्यूनतम) |
|---|---|---|---|
| रांची | 28.0 | 16.0 | 20.0 |
| धनबाद | 28.0 | 16.0 | 21.0 |
| जमशेदपुर | 32.0 | 17.0 | 23.0 |
| पलामू | 28.0 | 15.0 | 21.0 |

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते



डालटनगंज (मेदिनीनगर), माघ शुक्ल पक्ष 03, विक्रम संवत 2080 | डालटनगंज (मेदिनीनगर), सोमवार, 12 फरवरी 2024, वर्ष-30, अंक- 117, पृष्ठ-12, मूल्य ₹3.00, रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com

संपादकीय ▶ परीक्षा के समय सहायक तौर-तरीके व अकादमिक अपेक्षाएं ...8
डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित
पीएम ने हमारी संस्कृति व विरासत...10 ◀ देश/विदेश




## व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें हमसे

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों को प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर 82925 53444 पर आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में भेज सकते हैं। आपत्तिजनक बातें भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर 8292373444 संपर्क करें।

# लातेहार में रेलवे ट्रेक के समीप वरिष्ठ पत्रकार का शव मिलने से सनसनी

## ● पुलिस के अनुसार, ट्रेन के धक्के से हुई है अजय सिन्हा की मौत ● राष्ट्रीय नवीन मेल परिवार व पत्रकारों ने दी श्रद्धांजलि

### घटना पर पत्रकारों में आक्रोश, उच्च स्तरीय जांच की मांग

**नवीन मेल संवाददाता। बालूमाथ/लातेहार** लातेहार जिले के वरिष्ठ पत्रकार और राष्ट्रीय नवीन मेल के लातेहार जिला ब्यूरो चीफ अजय सिन्हा की डेड बॉडी रविवार को संदिग्ध परिस्थिति में रेलवे ट्रैक के समीप मिलने से पत्रकार जगत में सनसनी फैल गई। शरीर और चेहरे पर मिले जख्म के निशान से सुनियोजित हत्या की आशंका जताई जा रही है। यह घटना हत्या है या एक्सीडेंट इसकी गुत्थी सुलझाने में पुलिस जुट गई है। वहीं पलामू आरक्षी महानिरीक्षक राजकुमार लकड़ा ने बताया कि लातेहार में पत्रकार अजय कुमार सिन्हा ने संभवतः आत्महत्या की है या वे ट्रेन के सामने आ गए थे। ट्रेन के ड्राइवर और गार्ड ने अपने कंट्रोल रूम को आंखों देखी उक्त घटना की जानकारी दी है और वे अपना मोबाइल फोन घर पर ही छोड़ कर वहां गए थे। इधर राज्य में आए दिन पत्रकारों पर हो रहे हमले और हत्या से पत्रकार जगत में आक्रोश देखा जा रहा है। लातेहार



के पत्रकारों ने इस घटना की निष्पक्ष जांच की मांग करते हुए उनकी पत्नी को सरकारी नौकरी तथा मुआवजा देने की मांग की है। वरिष्ठ पत्रकार सुनील कुमार ने कहा कि पारिवारिक विवाद की बात पहले कभी नहीं आई थी और कोई आत्महत्या के लिए 15 किलोमीटर दूर क्यों जाएगा? पत्रकारों ने पत्रकार अजय सिन्हा की मौत पर दुःख व्यक्त करते हुए जिला प्रशासन से मामले की उच्च स्तरीय जांच करने की मांग की। वहीं राष्ट्रीय नवीन मेल परिवार व पत्रकार संघ ने शोक और संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि हम सभी पत्रकार इस दुख की घड़ी में अजय सिन्हा के परिवार के साथ हैं। ईश्वर दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें और स्वजनों को इस पीड़ा को सहने की शक्ति परिजनों को दें। वहीं इस घटना के बाद से परिवारजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। बता दें कि अजय सिन्हा अपने पीछे पत्नी के अलावा दो मासूम बच्चे छोड़ गए हैं। घर की जिम्मेदारी उनके कंधों पर थी। उनके चले जाने से परिवारजनों पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। जबकि लातेहार के पत्रकारों ने इसकी निष्पक्ष जांच की मांग और उनकी पत्नी को सरकारी नौकरी तथा मुआवजा देने की मांग की है।

#### ड्राइवर और गार्ड ने दी आंखों देखी जानकारी

घटना के संदर्भ में पलामू आरक्षी महानिरीक्षक राजकुमार लकड़ा ने बताया कि लातेहार में पत्रकार अजय कुमार सिन्हा ने संभवतः आत्महत्या की है या ट्रेन के सामने आ गए थे। ट्रेन जिससे दुर्घटना हुई है उसके ड्राइवर और गार्ड ने अपने कंट्रोल रूम को आंखों देखी जानकारी दी है।

संबंधित खबरें पेज 3 पर...

## पलामू सर्राफा

सोना (10 ग्राम) 62,290
चांदी (किलो) 70,930

## एसआईटी ने मो. शमीम के ठिकानों पर एक साथ की छापेमारी

# जेएसएससी पेपर लीक मामले में एक अफसर और उसके दो बेटे गिरफ्तार

### अभयर्थियों द्वारा दिए ब्लैंक चेक व दर्जनों एडमिट कार्ड बरामद

### शनिवार को भी पलामू से दो लोगों को किया गया था गिरफ्तार

### दो दर्जन से ज्यादा लोगों को हिरासत में लेकर की गई पूछताछ

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड सामान्य स्नातक योग्यताधारी संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा 2023 (जेएसएससी) पेपर लीक मामले में रांची पुलिस की एसआईटी ने रविवार को झारखंड विधानसभा के एक अवर सचिव व उसके दो बेटों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों के पास से कई कागजातों के साथ-साथ ब्लैंक चेक भी बरामद किये गये हैं। जानकारी के मुताबिक मामले की जांच कर रही एसआईटी को झारखंड विधानसभा के अवर सचिव मो. शमीम के बारे में यह पुख्ता जानकारी मिली थी कि वह और उसके दो बेटे पेपर लीक मामले में संलिप्त हैं। जिसके बाद एसआईटी उनपर लगातार नजर रखे हुए थी। सूचना कन्फर्म होने पर एसआईटी ने शमीम के ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की। छापेमारी के दौरान शमीम के ठिकानों से कई अभ्यर्थियों के द्वारा दिये गए ब्लैंक चेक, दर्जनों एडमिट कार्ड के साथ-साथ कई मोबाइल फोन भी बरामद किए गए हैं। जेएसएससी की सीजीएल परीक्षा में हुए प्रश्नपत्र लीक मामले की जांच के लिए राज्य सरकार ने एसआईटी का गठन किया है। रांची के सदर डीएसपी संजीव ▶▶ शेष पृष्ठ 09 पर



#### 28 जनवरी को हुआ था पेपर लीक

28 जनवरी 2024 को झारखंड सामान्य स्नातक योग्यताधारी संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा 2023 का आयोजन किया गया था। लेकिन परीक्षा संचालन के पहले ही प्रश्नपत्र लीक हो गया। इस घटना के बाद तत्कालीन पुलिस उपाधीक्षक सदर के नेतृत्व में स्पेशल टास्क फोर्स का गठन किया गया था। इसी बीच कांड के अनुसंधानकर्ता सह पुलिस उपाधीक्षक सदर, रांची का रूटीन प्रक्रिया के तहत इस जिले से स्थानांतरण हो गया। बाद में रांची के नव नियुक्त डीएसपी, सदर को इस कांड के ▶▶ शेष पृष्ठ 09 पर

#### बड़ा नेटवर्क है शामिल

रांची के सीनियर एसपी चंदन कुमार सिन्हा ने बताया कि पेपर लीक मामले में कार्रवाई लगातार जारी है। मामले में झारखंड विधानसभा के अफसर की भूमिका सामने आई है, उसके खिलाफ कई सबूत भी पुलिस को हासिल हुए हैं। फिलहाल पूरे नेटवर्क को ध्वस्त करने के लिए छापेमारी अभी भी जारी है। पकड़े गए आरोपियों से लगातार पूछताछ की जा रही है।

# पीएम रोजगार मेले में आज एक लाख युवाओं को देंगे नियुक्ति पत्र

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** रोजगार मेले के तहत पीएम मोदी वीडियो कॉफ्रेंसिंग के द्वारा सोमवार को सरकारी विभागों में नवनियुक्त 1 लाख से अधिक युवकों को नियुक्ति पत्र प्रदान करेंगे। पीएम मोदी इसी कार्यक्रम में नई दिल्ली में बनने वाले 'कर्मयोगी भवन' के प्रथम चरण की आधारशिला भी रखेंगे। मिशन कर्मयोगी के तहत जितने भी कार्य होंगे इस परिसर में उन सभी के बीच सहयोग और तालमेल को बढ़ावा दिया जाएगा। इस रोजगार मेले का आयोजन देशभर में लगभग 47 जगहों पर होगा। इस मिशन कर्मयोगी को केंद्र सरकार के विभागों में जो भर्तियां हो रही हैं, उसके साथ राज्य सरकारों एवं केंद्र शासित प्रदेशों का भी समर्थन मिल रहा है। इस मिशन कर्मयोगी के तहत जिन नवनियुक्त युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपा जाना है, वे केंद्र सरकार के रेल मंत्रालय, राजस्व विभाग, गृह मंत्रालय, रक्षा मंत्रालय, वित्तीय सेवा विभाग सहित कई अन्य विभागों में विभिन्न पदों पर भर्ती होंगे। इसके साथ ही वह सरकारी विभागों में इस नियुक्ति



पत्र के मिलने के बाद योगदान करेंगे। रोजगार मेला के द्वारा देशभर में रोजगार सृजन की जो पीएम मोदी की प्राथमिकता है। उसकी दिशा में यह एक बड़ा कदम है। ऐसे में उम्मीद की जा रही है कि इसके जरिए देशभर में रोजगार के सृजन में तेजी आएगी, जिससे युवाओं को सशक्त बनाने और देश के विकास को गति देने में प्रत्यक्ष भागीदारी होने के साथ ही यह लाभकारी भी साबित होगा। वहीं कर्मयोगी प्रारंभ के माध्यम से कर्मयोगी पोर्टल पर एक ऑनलाइन मॉड्यूल के जरिए नवनियुक्त युवाओं को प्रशिक्षित होने का मौका भी मिल रहा है। यहां इस पर 880 से अधिक ई-लर्निंग कोर्स उपलब्ध कराए गए हैं।

## एक नजर

### सांसद धीरज साहू पहुंचे ईडी कार्यालय, पूछताछ

**रांची।** कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य धीरज साहू रविवार को एयरपोर्ट रोड स्थित ईडी के क्षेत्रीय कार्यालय पहुंचे। इसके बाद ईडी के अधिकारियों ने उनसे पूछताछ शुरू कर दी। इससे पहले शनिवार को भी ईडी ने धीरज साहू से पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के दिल्ली स्थित आवास से बरामद बीएमडब्ल्यू कार के बारे में पूछताछ की थी। धीरज साहू पूछताछ के बाद जब ईडी कार्यालय से बाहर निकले तो पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि दिल्ली स्थित हेमंत सोरेन के आवास से मिली कार हेमंत सोरेन की नहीं है। हालांकि, सांसद धीरज साहू ने मीडिया के अधिकांश सवालों का जवाब नहीं दिया।

### पुरुष अंडर19 विश्व कप : फाइनल में हारा भारत

**बेनोनी (दक्षिण अफ्रीका)।** यहां के विलोमूर पार्क रविवार को खेले गए अंडर-19 आईसीसी पुरुष अंडर-19 क्रिकेट विश्व कप में भारत छठा खिताब जीतने की कोशिश में नाकाम रहा, उसे फाइनल में ऑस्ट्रेलिया अंडर-19 टीम से 79 रनों से हार का सामना करना पड़ा।

# बेटे से विवाद में मां की कर दी हत्या

### शहर के चर्चित नमिता देवी हत्याकांड का एसपी ने किया खुलासा

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पुलिस ने शहर की चर्चित नमिता देवी हत्याकांड का खुलासा करते हुये चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। महिला की हत्या का कारण उनके बेटे के साथ आरोपियों के बीच किसी बात को लेकर हुआ विवाद बताया जा रहा है। पकड़े गये आरोपियों में भास्कर पांडे उर्फ मोंटी पांडे, रितेश कुमार उर्फ मामा, महताब खान एवं बबलू कुमार शामिल ▶▶ शेष पृष्ठ 09 पर



# क्या कांग्रेस में सिर्फ वही रह सकते हैं जो राम का अपमान करें : प्रमोद कृष्णम

**संभल (एजेंसी)।** कांग्रेस से निष्कासन के बाद आचार्य प्रमोद कृष्णम ने प्रेसवार्ता कर कहा कि क्या कांग्रेस में सिर्फ वही रह सकते हैं जो राम का अपमान करें। जो सनातन को मिटाने की बात करें। जो हिन्दुओं की आस्था को ठेस पहुंचाने का काम करें। राम और राष्ट्र पर समझौता नहीं किया जा सकता। आचार्य प्रमोद कृष्णम ने कहा कि निष्कासन बहुत छोटी चीज है। राम, राष्ट्रीय अस्मिता और सनातन पर कोई समझौता नहीं कर सकता। कांग्रेस ने मुझे मुक्ति देने का काम किया है। उन्होंने कहा कि कि मौजूदा विपक्ष नरेन्द्र मोदी से नफरत करते-करते भारत से नफरत करने लगा है। आचार्य प्रमोद कृष्णम ने पूछा कि क्या अयोध्या जाना और राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में शामिल होना पार्टी विरोधी है। क्या राम का नाम लेना पार्टी विरोधी है। कांग्रेस बताए कि पार्टी विरोधी गतिविधियां क्या थीं। क्या कल्कि धाम मंदिर का शिलान्यास कराना पार्टी विरोधी है। क्या प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिलना पार्टी विरोधी है। कांग्रेस ने आचार्य प्रमोद कृष्णम को छः साल के लिए निष्कासित किया है। इस पर उन्होंने कहा कि भगवान राम को 14 वर्ष का वनवास दिया गया था तो एक रामभक्त को ▶▶ शेष पृष्ठ 09 पर

## इंडिया

# भारत रत्न लता मंगेश्कर शायद ही दुबारा कोई हो



सुनील बादल

**भारत** में शायद ही कोई ऐसा हो जिसने सुर साम्राज्ञी लता मंगेश्कर का कोई भी गाना नहीं सुना हो । 36 भाषाओं में गाए उनके गीत विश्व की भौगोलिक सीमाओं से परे हैं । हिंदी फिल्म जगत की तो उनके बिना कल्पना भी नहीं की जा सकती जिन्होंने हर सुख-दुःख,भाव और हृदयस्पर्शी पलों को हर नायिका के हिसाब से अलग अंदाज ऐसा गाया कि हर गीत एक इतिहास बन गया । लोकप्रियता का मापदंड यह है कि क्या महिला क्या पुरुष अपने निजी पलों में उनके गीतों को गुनगुनाकर पिछले कई दशकों से उन्हें सराह रहे हैं और संभवतः कई दशकों तक उनके गीत यूट्यूब पर या अन्य प्लेटफॉर्म पर बजेंगे। इसका बड़ा कारण यह है कि उन्होंने जो गीत गाए उसको जीवंत कर दिया। उनसे मिलते जुलते स्वर कई गायिकाओं के हैं जिन्होंने उनके गाए गानों को भी गाया है पर गीतों में वह प्रभाव नहीं जो सुनने वाला सुध बुध खो दे जैसा प्रसिद्ध नौशाद के साथ पहली बार सुनकर हुआ था। ऐ मेरे वतन के लोगों सुनकर शायद ही किसी भारतीय के रोंगटे ना खड़े हो जाएं। प्यार किया तो डरना क्या, अजी रूठकर कहां जाइएगा, भैया मेरे राखी के बंधन को निभाना,तुम मुझे यूं भुला ना पाओगे जैसे अनगिनत गीत ऐसे हैं जो पेन ड्राइव से लेकर रेडियो,टीवी और यूट्यूब पर लगातार बजकर लोगों पर जादुई असर करते हैं। उस समय के गीतकार, संगीतकार और निमार्ता निर्देशकों को भी इसका श्रेय जाता है जिन्होंने ऐसे कालजयी गीतों की रचना की जो शायद दुबारा ना हो । 28 सितंबर 1929 को इन्दौर में जन्म हुआ पिता पंडित दीनानाथ मंगेशकर एक मराठी संगीतकार, शास्त्रीय गायक और थिएटर एक्टर थे जबकि मां शेवंती गुजराती थीं। पंडित दीनानाथ का सरनेम हार्डीकर था वे गोआ के मंगेशी के रहने वाले थे और इसके आधार पर उन्होंने अपना नया सरनेम चुना। लता के जन्म के समय उनका नाम हेमा रखा गया था जिसे बदल कर लता कर दिया गया। यह नाम दीनानाथ को अपने नाटक 'भावबंधन' के एक महिला किरदार लतिका के नाम से सूझा। लता के बाद मीना, आशा, उषा और हृदयनाथ का जन्म हुआ। वसंत देसाई और गुलाम हैदर जैसे संगीतकारों के सम्पर्क में लता आईं और उनका करियर निखरने लगा। लता के गुलाम हैदर अभिभावक बन गए। वे लता को दिग्गज फिल्म निमार्ता शशधर मुखर्जी के पास ले गए जो उस समय 'शहीद' (1948) नामक फिल्म बना रहे थे। हैदर ने लता को लेने की सिफारिश मुखर्जी से की। लता को सुनने के बाद मुखर्जी ने यह कहते हुए लता को लेने से इंकार कर दिया कि लता की आवाज बहुत पतली है, इससे हैदर भड़क गए। वे लता की प्रतिभा को पहचान चुके थे। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में लता छा जाएगी और ये सारे निमार्ता-निर्देशक लता के चरणों में गिर कर लता से अपनी फिल्मों में गाने की मिन्नत करेंगे। गुलाम हैदर ने लता से 'मजबूर' (1948) में एक गीत 'दिल मेरा तोड़ा, मुझे कहीं का ना छोड़ा' गवाया। यह गीत लता का पहला हिट माना जा सकता है। गुलाम हैदर ने लता में जो प्रतिभा देखी थी इसका जिक्र अक्सर लता करती थीं । अपने सहज सरल स्वभाव के कारण लता फिल्म निमार्ताओं, निर्देशकों और संगीतकारों की पहली पसंद बन गई। हर गाने को लेकर उनकी मेहनत गाने में झलकती थी। संगीतकार लता के पास कठिन से कठिन गीत लाते थे और लता बड़ी आसानी से उन्हें गा देती थी। राज कपूर, बिमल रॉय, गुरुदत्त, मेहबूब खान, कमाल अमरोही जैसे दिग्गज फिल्मकार की पहली पसंद लता ही रही। 1970 से फिल्म संगीत में गिरावट आना शुरू हो गई, लेकिन लता ने अपने आपको इससे बचाए रखा। उनके गाने क्वालिटी लिए होते थे और वे सफलता के शीर्ष पर बनी रहीं। इस दौर में भी उन्होंने पाकीजा, प्रेम पुजारी, अभिमान, हंसते जख्म, हीर रांझा, अमर प्रेम, कटी पतंग, आंधी, मौसम, लैला मजनूं, दिल की राहें, सत्यम शिवम सुंदरम जैसी कई फिल्मों में यादगार गीत गाए। अस्सी के दशक में कई नए संगीतकार उभर कर आए। अनु मलिक, शिवहरी, आनंद-मिलिंद, राम-लक्ष्मण ने भी लता से गीत गवाना पसंद किया। 90 के दशक में लता ने गाना कम कर दिया। इस दौर में भी डर, लम्हें, दिल वाले दुल्हनिया ले जाएंगे, दिल तो पागल है, मोहब्बतें, दिल से, पुकार, जुबैदा, रंग दे बसंती, 1942 ए लव स्टोरी जैसी फिल्मों में लता को सुनने को मिला। मधुबाला से लेकर तो माधुरी दीक्षित तक जैसी तमाम हीरोइनों को उन्होंने आवाज दी। लता की आवाज कभी भी किसी भी अभिनेत्री पर मिसफिट नहीं लगी। शाहरुख खान ने तो एक बार लता के सामने कहा भी था कि काश उन पर भी कोई लता की आवाज में गीत फिल्माया जाता।



# गुहार लगाते रहे स्वजन, चिकित्सक ने नहीं शुरू किया इलाज

- **45 मिनट तक इलाज के अभाव में तड़पती रही महिला, हो गई मौत**
- **मामला सदर अस्पताल गढ़वा का**
- **चिकित्सक ने यह कहकर नहीं किया इलाज कि 15 मिनट में ड्यूटी का टाइम होनेवाला है समाप्त।**
- **मौत के बाद रेस हुआ स्वास्थ्य व प्रशासनिक महकमा**

**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** सदर अस्पताल में रविवार को मानवीय संवेदना को झकझोर देने वाली घटना सामने आयी। इलाज के लिए लाई गई महिला का आन ड्यूटी मौजूद चिकित्सक ने यह कहकर इलाज ही शुरू नहीं किया कि 15 मिनट में ही उनकी ड्यूटी का टाइम समाप्त होने वाला है। परिणाम यह रहा कि 45 मिनट तक इलाज के अभाव में तड़पती रही महिला ने आखिरकार दम तोड़ दिया। इस दौरान पत्नी का हाल देख पति चिकित्सक से मनुहार करता रह गया, लेकिन चिकित्सक ने उसकी एक नहीं सुनी। पलामू जिले के पांडु थाना क्षेत्र के लोवर पांडु के बंधु विश्वकर्मा की पत्नी 40 वर्षीय निर्मला देवी ने पति से नोंकझोंक कर रविवार को कीटनाशक खा लिया था। इसके बाद उसे इलाज के लिए 2.45 बजे गढ़वा सदर अस्पताल में लाया गया।




विस्तृत खबर गढ़वा पेज 7 पर...

## एक नजर

### जन-जन को प्रिय थे राजा मेदिनी राय

**मेदिनीनगर।** पलामू के चर्चित राजा मेदनी राय जन-जन को प्रिय थे। उनकी जयंती के अवसर पर बेरोजगार संघर्ष मोर्चा के सदस्यों ने दुबियाखाड़ स्थित राजा मेदिनी राय की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किया। कार्यक्रम का नेतृत्व मोर्चा अध्यक्ष उदय राम ने किया। उन्होंने कहा कि पलामू के लोकप्रिय राजा मेदिनी राय को प्रजा की सदैव चिंता रहती थी। वे प्रजा की उन्नति के लिये लक्ष्मी स्वरूप गाय प्रदान कर उसकी सेवा करने के लिये प्रेरित करते थे। शिवनारायन साहू ने राजा मेदिनी राय की जीवनी पर प्रकाश डाला। प्रद्युम्न तिवारी , सनी कुमार, उपेंद्र तिवारी, श्याम पाठक, जयपाल मोची, नानक सिंह, मनोज सिंह आदि उपस्थित थे। रामनरेश महतो ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

### भाजयुमो ने नगर मंडल में चलाया गांव चलो अभियान

**मेदिनीनगर।** भारतीय जनता पार्टी केंद्रीय नेतृत्व के द्वारा चलाए जा रहे गांव चलो महाअभियान के तहत भाजयुमो कार्यकर्ताओं ने मेदिनीनगर नगर मंडल के बूथ संख्या 220 पंपुकल बेलवाटिका में लोगों को केंद्रीय योजनाओं की जानकारी दी। युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष ज्योति पांडे के नेतृत्व में संपर्क अभियान चलाकर मोदी सरकार की योजनाओं के बारे में बताया गया। अध्यक्ष श्री पांडे ने घर-घर जाकर लोगों को केंद्र के द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं से अवगत कराया। उन्होंने नागरिकों का एक बार फिर से भाजपा की सरकार व मोदी को पीएम बनाने का आह्वान किया। इस अवसर पर वरिष्ठ नेता विपिन बिहारी सिंह , नगर मंडल अध्यक्ष छोटू सिन्हा, आलोक तिवारी, ओम प्रकाश शर्मा,अमित सिंह, आयुष कुमार, छोटू गुप्ता, अमित सिन्हा उपस्थित रहे।

### युवा कांग्रेस ने की बैठक, बनायी रणनीति

**मेदिनीनगर।** जिला युवा कांग्रेस कार्यकारणी समिति की बैठक प्रदेश महासचिव सह पलामू प्रभारी सादाब खान की अध्यक्षता में की गयी। मौके पर सह प्रभारी विजय बहादुर सिंह और जिला अध्यक्ष परवेज अली मुन्ना खान उपस्थित रहे। अपने संबोधन में जिला प्रभारी ने कहा कि संगठन को धार देने की जरूरत है। देश को नयी दिशा देने के लिये हमारे नेता राहुल गांधी न्याय यात्रा निकाले हैं। मणिपुर से मुंबई तक की इस यात्रा को पूरे देश में अपार जन समर्थन मिल रहा है। 14 फरवरी को झारखंड में न्याय यात्रा का आगमन हो रहा है।

**पहले दिन प्रखंड पदाधिकारियों को दिया गया कूपन**

## विहिप का धर्म रक्षा निधि समर्पण अभियान शुरू

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** विश्व हिंदू परिषद-बजरंग दल जिला कार्यकारिणी की बैठक रविवार को जिला कार्यालय में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष उमेश अग्रवाल व संचालन मंत्री दामोदर मिश्र ने किया। बैठक को संबोधित करते हुये जिलाध्यक्ष ने सभी कार्यकर्ताओं को परम पावन अयोध्या धाम में श्रीरामलला की प्राण-प्रतिष्ठा में दिये गये योगदान के लिये बधाई देते हुये आभार जताया। उन्होंने कहा कि संगठन का ध्येय ही समाजसेवा है। संगठन के वार्षिक कार्यक्रम धर्म रक्षा निधि समर्पण अभियान का श्रीगणेश करते हुये पदाधिकारियों ने प्रखंड से




आये कार्यकर्ताओं को निधि का कूपन प्रदान किया। अभियान का समापन 25 फरवरी को किया जायेगा। मौके पर विभाग संगठन मंत्री विजय यादव, सहमंत्री चौरसिया, कोषाध्यक्ष राजीव गोयल, बलोपासना प्रमुख विकास कश्यप, गौ रक्षा प्रमुख रामव्रत सिंह, सेवा प्रमुख गोपाल तिवारी, पिंकी विश्वकर्मा, दिलीप गिरी, निराला सिंह आदि मौजूद रहे।

**सोननगर में नान इंटरलाकिंग कार्य के कारण रेलवे ने लिया निर्णय**

## डाल्टनगंज से गुजरने वाली कई ट्रेनें रद्द

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** सोननगर में नान इंटरलाकिंग कार्य के कारण पूर्व मध्य रेल ने डाल्टनगंज से होकर गुजरने वाली कई ट्रेनों को रद्द कर दिया है। डाल्टनगंज रेलवे स्टेशन के अधीक्षक उमेश कुमार में बताया कि 11 फरवरी से 23 फरवरी तक बरकाकाना- डेहरी ऑनसोन पैसेंजर ट्रेन रद्द कर दी गई है। इसी तरह रांची-सासाराम इंटरसिटी एक्सप्रेस ट्रेन अप और डाउन में 15 फरवरी से 23 फरवरी तक रद्द की गई है। बरवाडीह से डेहरी ऑन सोन जाने वाली ट्रेन का संचालन भी 23 फरवरी तक बंद रहेगा। इसके साथ ही बीडीएम




सवारी गाड़ी व पलामू एक्सप्रेस का संचालन भी रद्द्द कर दिया गया है। जबकि राजधानी और गरीब रथ एक्सप्रेस परिवर्तित रूट से संचालित होंगी। उक्त ट्रेनें गढ़वा रोड से डेहरी रूट की जगह चोपन-चुनार होकर संचालित होंगी।

## विद्युत स्पर्शाघात से युवक की मौत

**मेदिनीनगर।** मनातू थाना क्षेत्र के सेमरी गांव निवासी जीत नारायण महतो के पुत्र प्रवीण कुमार उम्र 35 वर्ष की विद्युत स्पर्शाघात से मौत हो गयी। परिजनों ने बताया कि शनिवार की शाम प्रवीण अपने घर के पास स्थित ट्रांसफार्मर के पास बिजली का काम कर रहे थे। तभी बिजली करंट की चपेट में आने से वे गंभीर रूप से



घायल हो गये। परिजनों के द्वारा उन्हें इलाज के लिए मनातू सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें बेहतर इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। परिजनों की सूचना पर पहुंची 108 एंबुलेंस से उन्हें मेदनीनगर सदर अस्पताल लाया गया। जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस की देखरेख में पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है।

**दुबियाखांड़ में दो दिवसीय राजकीय आदिवासी विकास महाकुंभ मेला शुरू**

# शिवाजी मैदान में राजा मेदिनीराय की लगेगी प्रतिमा : मिथिलेश ठाकुर

**लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का हुआ वितरण**

**कन्या विवाह के साथ, महिलाओं की हुई गोदभराई**

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** जिला मुख्यालय से करीब दस किलोमीटर दूर रांची मार्ग पर स्थित दुबियाखाड़ में दो दिवसीय राजकीय आदिवासी विकास महाकुम्भ मेला रविवार को शुरू हो गया। पर्यटन, कला, संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग के साथ राजा मेदिनीराय स्मृति न्यास सह मेला समिति की द्वारा आयोजित मेला का उद्धघाटन उपायुक्त शशि रंजन, गढ़वा विधायक मिथिलेश कुमार ठाकुर व मनिका विधायक रामचंद्र सिंह ने मेला समिति के सदस्यों के साथ संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर किया। मेला का समापन 12 फरवरी को होगा। मेला परिसर में पलामू जिला प्रशासन के विभिन्न विभागों द्वारा स्टाल लगाकर सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। मौके पर गढ़वा विधायक मिथिलेश कुमार ठाकुर ने कहा कि 1991 से यह मेला आयोजित किया जा रहा है। वर्षों से आदिवासी लोग इस मेले के माध्यम से अपनी संस्कृति अपनी सभ्यता की पहचान को बढ़ाने का काम कर रहे है। अब यह मेला राजकीय मेला का रूप ले चुका है। उन्होंने कहा कि पलामू प्रमंडल के



### किया जायेगा व्यापक प्रचार-प्रसार

पलामू उपायुक्त शशि रंजन ने कहा कि अगले वर्ष राजकीय आदिवासी विकास महाकुंभ मेला का राज्यभर में व्यापक प्रचार- प्रसार किया जाएगा। सुदूरवर्ती गांवों और कस्बों में रह रहे आदिम जनजाति परिवारों तक प्रशासन पहुंचकर योजनाओं का लाभ दे रही है। इससे समाज के लोगों का उत्थान एवं बेहतर विकास हो रहा है। उन्होंने कहा कि इस मेले के माध्यम से स्टॉल लगाकर सरकार की विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जा रही है।

लोगों की भावनाओं को तत्कालीन मुख्यमंत्री ने समझा और आदिवासियों के सपनों को पूरा करने का काम किया। आने वाले वर्षों में राजकीय मेला का परिदृश्य और बेहतर होगा। उन्होंने कहा कि राजा मेदिनी राय की प्रतिमा शिवाजी मैदान में लगाई जाएगी। आदिवासियों को जगाने और आपकी पहचान दुनिया भर में पंहुचाने का काम हमारी सरकार कर रही है। मनिका विधायक रामचंद्र सिंह ने कहा कि राजकीय आदिवासी विकास महाकुंभ मेला की शुरूआत करने वालों ने काफी सराहनीय कार्य किया है। इस मेले को राजकीय मेला का दर्जा देने के कारण आदिवासी समाज आपको हमेशा सम्मान देने का काम करेगी। उन्होंने कहा कि आदिवासी समाज शुरूआत से ही काफी कष्ट का सामना करते आ रहे हैं। मेले के माध्यम से आदिवासियों को उनका हक, अधिकार देकर उनके सपनों का झारखंड बनाने का प्रयास हो रहा है। मेला में मेदिनीराय स्मृति न्यास-सह- मेला समिति के अध्यक्ष अर्जुन सिंह ने सभी का स्वागत करते हुए मेला के इतिहास से अवगत कराया। मौके पर कलाकारों द्वारा आदिवासियों की भाषा संस्कृति एवं पहचान को प्रदर्शित करते हुये आदिवासी नृत्य-संगीत प्रस्तुत किया गया। मेले में शहीद राजा मेदिनी राय के वंशजों के ऊपर लिखी पुस्तक अतीत के झरोखों और वर्तमान की झलक का लोकार्पण किया गया। मेला में मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के तहत पूनम कुमारी, प्रियंका कुमारी, कुमारी श्वेता, संगीता कुमारी, नेहा कुमारी नैना कुमारी, रिया कुमारी, नेहा कुमारी, सीता कुमारी, गायत्री कुमारी को सम्मानित किया गया। वहीं खुशबू कुमारी, पुनीता देवी, शीला देवी, अनिमा पूनम केजर, अनीता देवी, कौशल्या कुमारी, खुशबू देवी, प्रीति कुमारी, श्रुति कुमारी, सरिता देवी का गोद भराई कराया गया। सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के तहत अनिता कुमारी, दीपावली कुमारी, निभा कुमारी, नेहा कुमारी, काजल कुमारी, कविता कुमारी, रोशनी कुमारी, सुषमा कुमारी, खुशबू कुमारी, बिंदु कुमारी को लाभान्वित किया गया। मौके पर डीडीसी रवि आनंद, प्रशिक्षु आईएएस रवि कुमार, समाज कल्याण पदाधिकारी नीता चौहान, जिला परिषद के उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह, खेल पदाधिकारी उमेश लोहरा, सदर अनुमंडल पदाधिकारी अनुराग तिवारी, अंचल अधिकारी अमरदीप बलहोत्रा उपस्थित थे।

**हाउसिंग कॉलोनी के मैदान पर आयोजित सम्मेलन में उमड़े लोग**

## हक व अधिकार के लिये पिछड़ा वर्ग गोलबंद

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** हक व अधिकार से जुड़े 11 सूत्रीय मांगों के समर्थन में ओबीसी एकता एव अधिकार मंच द्वारा रविवार को शहर के हाउसिंग कालोनी मैदान पर महासम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुये मंच के संयोजक ब्रह्मदेव प्रसाद ने कहा कि ओबीसी समाज की जनगणना करवा कर सभी महिलाओं व युवाओं को आरक्षण मिलना चाहिए। शिक्षा, रोजगार सहित चुनाव में भी आबादी के अनुरूप ओबीसी की भागीदारी सुनिश्चित की जाये। श्री प्रसाद ने कहा कि जो ओबीसी समाज की बात करेगा समाज उसी के साथ रहेगा। ओबीसी

**ओबीसी समाज की जनगणना करवा कर सभी महिलाओं व युवाओं को आरक्षण मिलना चाहिए**



समाज को दरकिनार करने की कोशिश करने वालों को कुर्सी से उखाड़ फेंका जायेगा। हमारी लड़ाई किसी पार्टी या फिर किसी नेता, मंत्री से नहीं है, बल्कि हमारी लड़ाई सीधे सरकार से है। मौके पर शत्रुघ्न कुमार, सुशील कुमार अग्रवाल, धर्मेंद्र कुमार, महेंद्र प्रसाद, महेंद्र गुप्ता, लाल सूरज, अविनाश देव, सतीश शाह, रामदास साहू, डॉ. राज नारायण पटेल, विनोद कुमार, अशर्फी चंद्रवंशी, श्रवण कुमार, युगल पाल, विरेंद्र शाह, अजय वर्मा, अर्चना प्रकाश, शंकर विश्वकर्मा, अख्तर अंसारी, गोरखनाथ चौधरी, आनंद विश्वकर्मा आदि ने भी अपने व्यक्त किया।

**अंतर जिला जूनियर एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन अहमदाबाद में**

## राष्ट्रीय जूनियर स्पर्धा में भाग लेंगे पलामू के 10 छात्र

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** गुजरात के अहमदाबाद में आयोजित जूनियर स्तर की राष्ट्रीय

**आज गजरात के लिये रवाना होंगे प्रतिभागी**

प्रतियोगिता में पलामू के 10 छात्र भाग लेंगे। इनमें रेड़मा में चाय की दुकान चलाने वाले अनिल राम के पुत्र आयुष कुमार भी शामिल हैं। आयुष की मां गृहिणी हैं। बचपन से ही प्रतिभाशाली आयुष का सपना ओलंपिक में देश के लिये मेडल जीतना है। वे जिले के ओरिएंट पब्लिक स्कूल में कक्षा 7 के छात्र हैं। एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में आगामी 16 फरवरी से आयोजित 19वें



राष्ट्रीय अंतर जिला जूनियर एथलेटिक्स प्रतियोगिता में पलामू के 10 छात्र भाग लेंगे। कोच मोनू कुमार ने बताया कि इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतिभागियों के चयन के लिए जिला स्तर पर ट्रायल हुआ था। सभी प्रतिभागी 12 फरवरी को अहमदाबाद के लिए रवाना होंगे। प्रतिभागियों में आयुष कुमार, संध्या कुमारी, अर्पणा कुमारी, संध्या कुमारी, मानसी कुमारी, दीपक कुमार, अंशु कुमार सिंह, प्रत्यय पांडे, प्रतीक उपाध्याय और आशुतोष कुमार ठाकुर शामिल हैं।

### बेरोजगार संघर्ष मोर्चा ने की बैठक

**पलामू।** बेरोजगार संघर्ष मोर्चा की बैठक कचहरी परिसर में की गई। बैठक की अध्यक्षता मोर्चा अध्यक्ष उदय राम ने की। बैठक में सफल अभ्यर्थियों की नियुक्ति की मांग को लेकर चलाए जा रहे आंदोलन की समीक्षा की गई। बैठक में कहा गया कि 361 लोगों की नियुक्ति हेतु मेरिट लिस्ट बना था। जिसमें से सिर्फ 255 लोगों को ही अभी तक नियुक्त किया जा सका है। कर्मियों की कमी के कारण जहां कामकाज प्रभावित हो रहा है। वहीं दूसरी तरफ जिले के विभिन्न विभागों में 500 से अधिक पद रिक्त हैं। वक्ताओं ने कहा कि यदि इस संबंध में तत्काल समुचित पहल नहीं की गयी तो करो या मरो की तर्ज पर आंदोलन किया जायेगा। बैठक में मिथिलेश कुमार, उपेंद्र तिवारी, अजीत कुमार सिंह, राजेश रंजन, यमुना प्रजापति, राजेश यादव, मो. शफीक अंसारी उपस्थित थे।

**शिवाजी मैदान में होगा कार्यक्रम, सीएम आन लाईन करेंगे सम्बोधित**

## सखी मंडल से जुड़ी महिलाओं का प्रमंडल स्तरीय सम्मेलन आज

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** झारखण्ड सरकार के ग्रामीण विकास विभाग के तत्वावधान में जेएसपीएल से जुड़ी सखी मंडल की महिलाओं का राज्यस्तरीय एक्सपोजर व क्षमता संवर्धन शिविर सह प्रमंडल स्तरीय महिला महासम्मेलन का आयोजन सोमवार को शहर के शिवाजी मैदान में किया जायेगा। राज्य के मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन बतौर मुख्य अतिथि रांची से ऑन लाईन महिलाओं को सम्बोधित करेंगे। जबकि बतौर विशिष्ट अतिथि सूबे के मंत्री आलमगीर आलम एवं मंत्री सत्यानंद भोक्ता के साथ स्थानीय विधायक अलोक चौरसिया का सम्बोधन होगा। उक्त जानकारी जेएसपीएलएस के



आशीष शुक्ला ने दी है। उन्होंने बताया कि इस सम्मेलन में सांसद विष्णु दयाल राम , रामचन्द्र चंद्रवंशी विधायक विश्रामपुर, सुनील सिंह सांसद चतरा, शशिभूषण मेहता विधायक पांकी, पुष्पा देवी विधायक छत्तरपुर, कमलेश सिंह विधायक हुसैनाबाद, मिथिलेश ठाकुर विधायक गढ़वा, भानू प्रताप शाही विधायक भवनाथपुर, रामचन्द्र सिंह विधायक मनिका एवं बैद्यनाथ राम विधायक लातेहार सम्मेलन में आमंत्रित अतिथि होंगे। श्री शुक्ला ने बताया कि सम्मेलन में प्रमंडल के पलामू, गढ़वा व लातेहार की समूह से जुड़ी करीब दस हजार महिलायें शामिल होंगी। कार्यक्रम अपराह्न 12:30 बजे से शुरू होगा।

### विकसित भारत के तहत मुखिया के नेतृत्व में लगा शिविर

**मेदिनीनगर।** हमारा संकल्प, विकसित भारत कार्यक्रम के तहत रविवार को कंडा स्थित सूर्य मंदिर प्रांगण में मुखिया नरेंद्र सिंह के नेतृत्व में शिविर लगाकर सैकड़ों ग्रामीणों को केंद्र सरकार संचालित विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गयी। कार्यक्रम का संचालन पंचायत सचिव शिव कुमार यादव ने किया। मौके पर केंद्र सरकार के द्वारा आयुष्मान भारत कार्ड, किसान सम्मान निधि, उज्ज्वला योजना, पीएम आवास आदि योजनाओं पर चर्चा की गयी। मंडल अध्यक्ष महादेव प्रसाद यादव ने कहा कि भाजपा सरकार का नौ वर्ष का कार्यकाल 70 साल पर भारी है। मौके पर पंचायत समिति सदस्य बबीता देवी,वार्ड सदस्य मीना देवी, किरण देवी, विजय राम मौजूद थे।

**आजसू छात्र संघ ने बुलंद की आवाज, जताया रोष**

## प्रश्नपत्र लीक मामले की सीबीआई जांच की मांग



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** अखिल झारखण्ड छात्र संघ ( आजसू ) द्वारा आज परिसदन भवन में वार्ता कर झारखण्ड संयुक्त स्नातक स्तरीय प्रतियोगिता परीक्षा के प्रश्न पत्र लीक मामले की सीबीआई जांच की मांग की गयी। संगठन के नीलाम्बर-पीताम्बर विश्वविद्यालय प्रभारी अभिषेक राज ने कहा की जेएसएससी सीजीएल परीक्षा में भारी मात्रा में धांधली हुयी है। सरकार द्वारा प्रश्न पत्र लीक मामले को लेकर गठित एसआईटी से आजसू संतुष्ट नहीं है। छात्रों के हकश-अधिकार के मुद्दों को लेकर आजसू, झारखण्ड कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) के खिलाफ अपनी चार सूत्री मांगो को लेकर राज्यव्यापी आंदोलन करेगी। इन मांगों में परीक्षा की जांच सीबीआई से कराने,इस परीक्षा में हुई धांधली के खिलाफ आंदोलन कर रहे निर्दोष छात्रों पर से प्राथमिकी अविलंब वापस लेने, आयोग के अध्यक्ष सहित सभी पदाधिकारियों को बर्खास्त करने, गलत तरीके से चयनित परीक्षा एजेंसी को काली सूची में डालने के साथ झारखण्ड नकल कानून के तहत कानूनी कार्रवाई करने की मांग मुख्य रूप से शामिल है। मौके पर जिला अध्यक्ष राहुल मिश्रा, हिमांशु सिंह,विपिन शुक्ला, सनी, प्रियांशु वर्मा, मुकेश पासवान,समीर तिवारी मौजूद थे।

### आज से शुरू होगा हस्ताक्षर अभियान

अभिषेक ने बताया की पेपर लीक मामले में अखिल झारखण्ड छात्र संघ 12 फरवरी को सभी विश्वविद्यालय /महाविद्यालय मुख्यालय पर हस्ताक्षर अभियान चलायेगा। 13 फरवरी की संध्या को मशाल जुलूस और प्रदर्शन , 15 फरवरी को मुख्यमंत्री को उपायुक्त के माध्यम से सीबीआई जांच की मांग के लिए पत्रक और 17 फरवरी को राजभवन के समक्ष एक दिवसीय प्रदर्शन का आयोजन किया जायेगा।

**पहल** — राज्य पैरामेडिकल परिषद ने वर्ष 2023 की परीक्षा के लिए किया अधिसूचित

# पहली बार पैरामेडिकल का परीक्षा केंद्र बना एमएमसीएच

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** मेदिनी राय मेडिकल कॉलेज को पहली बार पैरामेडिकल छात्र-छात्राओं का परीक्षा केंद्र बनाया गया है। झारखंड राज्य पैरामेडिकल परिषद ने वर्ष 2023 की परीक्षा के लिए एमएमसीएच को केंद्र अधिसूचित किया है। इस बात की जानकारी पैरामेडिकल कोर्स के अधिकारी डॉक्टर जितेंद्र कुमार ने दी है। इस पैरामेडिकल परीक्षा में गढ़वा ,पलामू और हजारीबाग के पैरामेडिकल कॉलेज या संस्थाओं के विद्यार्थी भाग लेंगे। डॉ. कुमार ने बताया कि छात्र-छात्राओं की संख्या 400 से ऊपर है। यह परीक्षा 12,13,15 और 16 फरवरी को आयोजित की जायेगी। परीक्षा के लिये राजकीय

**छात्र-छात्राओं की संख्या 400 से ऊपर है, यह परीक्षा 12,13,15 और 16 फरवरी को आयोजित की जायेगी : डॉ. कुमार**




### पिछले वर्ष ही खुला है पैरामेडिकल संस्थान

राजकीय पैरामेडिकल संस्थान मेदिनी राय मेडिकल कॉलेज में पिछले ही वर्ष खुला है। संस्थान में 29 छात्र-छात्राओं ने नामांकन लिया है। 20 सीट रिक्त रह गई है। बहरहाल परीक्षा केंद्र बनने से यहां के छात्र-छात्राओं में हर्ष व्याप्त है।

पैरामेडिकल संस्थान में चार बड़े हॉल बनाये गये हैं। डा. कुमार ने बताया कि परीक्षा पूर्ण शुचिता के साथ ली जायेगी।

## आवश्यकता है

1994 से प्रकाशित आइपीआरडी और डीएवीपी से मान्यताप्राप्त प्रतिष्ठित दैनिक **'राष्ट्रीय नवीन मेल'** को अपने रांची और डाल्टनगंज संस्करण के लिए उत्साही और ऊर्जावान चीफ रिर्पोटर, समाचार संपादक, पेजिनेटर/सब एडिटर, मार्केटिंग कार्यकारी और प्रखंड स्तर से लेकर ब्यूरो स्तर के रिर्पोटर की आवश्यकता है। ससमय उचित पारिश्रमिक और अन्य सुविधाएं। शैक्षणिक योग्यता, अनुभव, स्थान और मानदेय की मांग के विवरण के साथ शीघ्रातिशीघ्र आवेदन करें। पत्राचार पूर्णतः गोपनीय रहेगा। hr.rnmail@gmail.com या प्रधान संपादक 'राष्ट्रीय नवीन मेल', 502 बी, मंगलमूर्ति हाइट्स, विशाल मेगामार्ट के पास हरमू रोड रांची 834001 (झारखंड)।

## एक नजर

### जंगल के जरूरतमंद जोतकारों को वन पट्टा व लाभ देने की मांग

**गिद्धौर।** प्रखंड मुख्यालय स्थित ठाकुरबाड़ी परिसर में रविवार को झारखंडी भाषा-खतियान संघर्ष समिति के तत्वावधान में वन पट्टा अधिकार अधिनियम 2006 से संबंधित बैठक हुई, जिसमें अबुआ वीर दिशोम अभियान 2023 को लेकर जागरूकता अभियान चलाने व ग्रामीणों को संगठित करने का निर्णय लिया गया। साथ ही प्रदीप कुमार मौर्य द्वारा विस्तृत रूप से इस अभियान के बारे में जानकारी दिया गया। वहीं ग्रामीणों से वन विभाग के विरुद्ध कानूनी लड़ाई लड़ने का आवाह्न किया गया। जंगल के जरूरतमंद जोतकारों को वन पट्टा व समुचित लाभ देने की मांग भी की गई। बताया गया कि वर्षों से ग्रामीण बंजर भूमि को जोत कोढ़ कर गुजर बसर कर रहे हैं। लेकिन अब उस भूमि को वन विभाग अधिग्रहण करने में जुट गया है। ग्रामीण अपने हक अधिकारों के लिए एकजुट हों। बैठक में महेश बांडो, मनोज वर्मा, दर्शन दांगी, कैलाश कुमार आदि मौजूद थे।

### अनिल उरांव को टंडवा थाने की जिम्मेवारी

**चतरा।** जिले में नवपदस्थ चार पुलिस निरीक्षकों का पदस्थापन विधि व्यवस्था को देखते हुए रविवार को कर दिया गया। एसपी राकेश रंजन द्वारा जारी आदेश के अनुसार पुलिस निरीक्षक अनिल उरांव को टंडवा थाना प्रभारी की जिम्मेवारी दी गई है। वहीं पप्पू शर्मा को सदर अंचल का पुलिस निरीक्षक, अमरदीप को हंटरगंज व मंजू कुमारी को इटखोरी अंचल का पुलिस निरीक्षक बनाया गया है।

### सरस्वती पूजा को लेकर हुई शांति समिति की बैठक

**टंडवा।** टंडवा थाना परिसर में रविवार को शांति समिति की बैठक सरस्वती पूजा शांति और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाये जाने को लेकर हुई। जिसकी अध्यक्षता अंचलाधिकारी राजेंद्र दास एवं संचालन नव पदस्थापित पुलिस इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी अनिल उरांव ने किया। बैठक में मुख्य रूप से थाना क्षेत्र में सरस्वती पूजा शांतिपूर्ण माहौल में मनाए जाने हेतु ग्रामवार वस्तु स्थिति की समीक्षा की गई। मौजूद पदाधिकारियों ने पूजा के दौरान भड़काऊ गीत नहीं बजाने तथा मैट्रिक व इंटर की परीक्षा को देखते हुए तेज साउंड में वाद्ययंत्रों का इस्तेमाल रात के 10 बजे के बाद पूर्णतः प्रतिबंध लगाने की बात कही। दूसरी ओर प्रतिमा विसर्जन को लेकर रूट चार्ट के अलावे समय सारणी की भी जानकारी ली गई। थाना प्रभारी ने उपस्थित लोगों से शांति व आपसी सद्भाव के साथ पूजा करने की अपील की। उपस्थित लोगों ने बैठक में एनटीपीसी बाईपास सड़क पर बने पुल के पास क्षतिग्रस्त सड़क के कारण हो रही दुर्घटनाओं को देखते हुए मरम्मती कराने का सुझाव दिया। थाना प्रभारी ने बढ़ते सड़क दुर्घटनाओं को नियंत्रण करने हेतु लोगों से हेलमेट पहन कर दो पहिया वाहन चलाने की बातें कही। मौके पर विश्वजीत उरांव, महेश मुंडा, मनीर आलम, मोहिब अंसारी के अलावे थाना क्षेत्र के विभिन्न पंचायतों के प्रतिनिधियों समेत दोनों समुदायों के प्रबुद्ध जन शामिल थे।

# आठ केंद्रों में पांच माह से नहीं हो रहा टीकाकरण

## बारियातु प्रखंड के सैकड़ों बच्चे धात्री व गर्भवती महिलाएं परेशान

**नवीन मेल संवाददाता। बारियातु** प्रखंड के आठ टीकाकरण केंद्र अम्बाखाड़, बानालात, बनवार, बरवाडिह, सिमरा टोला, करबला इटके, इटके-2 व पिपराडिह में पिछले पांच माह से एएनएम नहीं आने के कारण गर्भवती, धात्री महिलाओं व 0 से 5 वर्ष के बच्चों का टीकाकरण नहीं किया जा रहा है। इसके कारण केंद्र में टीका लगवाने वाली गर्भवती महिलाएं व बच्चे बिना टीका लगवाए बीते पांच माह से लगातार वापस लौट रहे हैं।

स्वास्थ्य विभाग द्वारा महत्वाकांक्षी योजना चला कर गर्भवती महिलाओं व नवजात शिशुओं को कई गंभीर व लाइलाज बीमारियों से बचाव के लिए टीकाकरण किया जाता है ताकि जच्चा बच्चा स्वस्थ्य रहे। आश्चर्यजनक की बात तो यह है कि आठ केंद्रों में विभाग व एएनएम की लापरवाही के कारण सैकड़ों बच्चे और महिलाएं टीकाकरण से वंचित हैं। इस संबंध




में बीते 14 जनवरी को अखबार के माध्यम से स्वास्थ्य विभाग को अवगत कराया गया था।

इसके पश्चात संज्ञान में लेते हुए बालुमाथ प्रभारी चिकित्सा प्रभारी डॉ प्रकाश बडाइक ने उक्त सभी टीकाकरण सत्र में 5 फरवरी को विशेष अभियान का आयोजन कर टीकाकरण करने के लिए केंद्र वार कर्मी अम्बाखाड़ में एएनएम स्नेहालता सिन्हा, रमेश पांडे, बानालात में कलावती कुमारी, अरूण शर्मा, बनवार में रिंकु कुमारी, रंजीत कुमार बरवाडिह में बसंती कुमारी (जोगियाडिह) गुलान कुरैशी, सिमरा टोला में सोनी कुमारी, करबला इटके रजंती कुमारी अशोक कुमार, इटके-2 में सरिता कुमारी, संदीप कुमार, पीपराडिह में बसंती कुमारी (बारिखाप) विपिन कुमार एवं संबंधित पोषक क्षेत्र के सहिया साथी को नियुक्त किया गया था, लेकिन उक्त सभी कर्मियों की लापरवाही के कारण अब तक टीकाकरण नहीं किया गया। इससे सबंधित टीकाकरण केंद्र के ग्रामीणों में रोष है। इस संबंध में बालूमाथ चिकित्सा प्रभारी डॉ प्रकाश बड़ाईक से पूछे जाने पर बताया कि किसी कारण वश टीकाकरण नहीं हो पाया है। अगले सप्ताह नियुक्त टीम के माध्यम से कैंप कर उक्त सभी टीकाकरण केंद्रों पर नियुक्त कर्मियों के द्वारा टीकाकरण किया जायेगा।

## थाना प्रभारी ने कहा-प्रथम दृष्टया ट्रेन के धक्के से हुई है अजय सिन्हा की मृत्यु

# पत्रकारों ने की एसआइटी गठित करने की मांग



रेलवे ट्रैक, जहां से मिला शव

**नवीन मेल संवाददाता। बालूमाथ/लातेहार/रांची**

लातेहार जिले के वरिष्ठ पत्रकार और राष्ट्रीय नवीन मेल के लातेहार जिला ब्यूरो अजय सिन्हा की डेड बॉडी रविवार को रेलवे ट्रेक के समीप मिलने प्रेस बयान जारी करते हुए लातेहार थाना प्रभारी आशुतोष कुमार ने जानकारी दी कि रविवार को दोपहर ढाई बजे सूचना प्राप्त हुई कि लातेहार जिले के राष्ट्रीय नवीन मेल दैनिक समाचार पत्र के ब्यूरो चीफ अजय सिन्हा का शव लातेहार एवं डेमु स्टेशन के बीच डाउन लाइन के किनारे पड़ा हुआ है। इस आशय की प्रविष्टि थाना दैनिकी में करते हुए इसके सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई के क्रम में यह ज्ञात हुआ कि इनकी आकस्मिक मृत्यु प्रथम दृष्टया मालगाड़ी के सामने अचानक आ जाने से धक्का लगने से हुई है। सत्यापन के क्रम में उक्त मालगाड़ी के चालक से बात की गई तो उनके द्वारा बताया गया कि वह उस ट्रेन को डाउन लाइन पर लेकर जा रहे थे। ट्रेन तेज गति से चल रही थी कि लातेहार की ओर डेमू स्टेशन के बीच डाउन लाइन पर पोल संख्या 214/16 एवं 214/18 के बीच एक व्यक्ति अचानक ट्रेन के सामने आ गया। इससे उसका रन ओवर हो गया। इसकी सूचना उनके द्वारा कंट्रोल रूम को भी दी गई है।

### पत्रकार अजय सिन्हा की मौत को लेकर पत्रकारों में उबाल

लातेहार के एक दैनिक अखबार के ब्यूरो चीफ की संदिग्ध परिस्थिति में मौत के मामले को लेकर रांची प्रेस क्लब ने सरकार से एसआईटी का गठन कर पूरे मामले की निष्पक्ष जांच जांच की मांग की है। वहीं नगड़ी के दिवंगत पत्रकार प्रदीप महतो के निधन पर भी गहरा शोक व्यक्त किया गया। इस मामले को लेकर प्रेस क्लब में शोकसभा का आयोजन कर दिवंगत पत्रकारों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस मामले में प्रेस क्लब के अध्यक्ष सुरेंद्र लाल सोरेन ने लातेहार के पत्रकार की संदेहास्पद मौत की जांच की मांग की और कहा कि दो पत्रकारों के निधन से प्रेस क्लब मर्माहत है। वे सरकार से यह भी मांग करते हैं कि वह दिवंगत पत्रकार के परिजनों को सरकारी सहायता प्रदान करे। शोक सभा में प्रेस क्लब रांची



के अध्यक्ष सुरेंद्र लाल सोरेन, सचिव अमरकांत, कोषाध्यक्ष कुबेर सिंह, मैजेनिंग कमेटी सदस्य आरजे अरविंद, विजय मिश्रा, महिला पत्रकार शर्मिष्ठा मजमुदार, रेखा पाठक, करबी दत्ता, शिला कुमारी, नीलू मिश्रा, सुमेधा चौधरी, डॉ लीलावती, नेहा वारसी, प्रतिमा सिंह उपस्थित रहे।

### जिले के पत्रकारों ने किया शोक प्रकट

शोक प्रकट करने वाले में अजित कुमार, मो. मुबारक, रुस्तम, रूपेश कुमार, आलोक कुमार, संजय कुमार, चंद्रप्रकाश सिंह, सुनील प्रसाद, आशीष टैगोर, राजीव मिश्रा, बद्री प्रसाद, संजीव गुप्ता, संजीव गिरी, मनीष उपाध्याय, नीरज सिन्हा, बीरेंद्र प्रसाद, योगेश प्रसाद, पंकज प्रसाद, विवेक सिन्हा, उत्कर्ष पांडे, रोशन कुमार, मुकेश सिंह, विभूति नाथ सिंह, रामकुमार राम, संजय प्रजापति, राजेश प्रसाद, विकास तिवारी, राहुल पांडेय, रुपेश कुमार, अमित दास, सौरभ कुमार गुप्ता, मनोजदेव दत, रुपेश अग्रवाल, धीरज कुमार, वीरेंद्र प्रसाद समेत जिले भर के पत्रकार शामिल हैं।

# हर विद्यालय में हो संस्कृत विषय की पढ़ाई

## कान्यकुब्ज ज्योतिषी ब्राह्मण समाज के महासम्मेलन में सरकार से की गई मांग

**नवीन मेल संवाददाता। गिद्धौर**

गिद्धौर प्रखंड अंतर्गत चतरा-हजारीबाग सीमाने पर गिद्धौर थाना क्षेत्र अंतर्गत बलबल गरम कुंड स्थित मां बागेश्वरी मंदिर प्रांगण में रविवार को कान्यकुब्ज ज्योतिषी ब्राह्मण समाज का भव्य महासम्मेलन किया गया। इसमें भाग लेने पहुंचे अतिथियों का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। इसके बाद भगवान परशुराम के चित्रांकन पर पुष्पांजलि अर्पित व दीप प्रज्वलित किया गया व स्वस्तिवाचन गणेश वंदना शंख ध्वनि के साथ कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया।



कार्यक्रम की अध्यक्षता चतरा जिला कान्यकुब्ज ज्योतिषी ब्राह्मण समाज के जिलाध्यक्ष संजय पांडेय व संचालन सचिव राजन पांडेय ने किया। कार्यक्रम की विधि व्यवस्था को लेकर एसडीओ के निदेर्शानुसार दंडाधिकारी के रूप में अंचल कर्मचारी प्रमोद कुमार सिंह एवं कनीय अभियंता सचिन दत्त शर्मा उपस्थित थे। महासम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि समाज के प्रदेश अध्यक्ष अमरेश गणक व प्रदेश प्रवक्ता नंदकिशोर पांडेय उपस्थित थे। कार्यक्रम में संस्कृत विषय पढ़ने पर विशेष चचाएं की गई। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा के इस विषय पर कुलपति महोदय को लिखित आवेदन दिया गया है। यदि विद्यालय में संस्कृत विषय की पढ़ाई नहीं की जाती है तो आने वाले दिन में धरना प्रदर्शन भी किया जा सकता है ताकि आने वाले पीढ़ी के बच्चे अच्छे ज्ञानी कहला सके।

वहीं उपस्थित विद्वानों ने परशुराम भगवान की मंदिर बनाने पर भी चर्चा करते हुए समाज में एक जुटता बनाए रखने का आवाह्न किया। साथ ही साथ प्रत्येक वर्ष इसी प्रकार सम्मेलन करने की बात कही गई। कार्यक्रम में कोषाध्यक्ष संतोष पांडेय, संरक्षक कृष्ण देव पांडेय, उपाध्यक्ष अजय शर्मा, गिद्धौर प्रखंड अध्यक्ष संजय पांडेय, कार्यकारिणी सदस्य यदुनंदन पांडेय सहित काफी संख्या में समाज के लोग उपस्थित थे।

### पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि मनाई

**महुआडांड़।** भारतीय जनता पार्टी के मार्गदर्शक पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि को समर्पण दिवस के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा मंडल अध्यक्ष शंभू प्रसाद ने की। इसमें मुख्य रूप से जिला उपाध्यक्ष भानू प्रसाद, गांव चलो अभियान के संयोजक भईया आनंद, किशोर नाथ शाह, जिला परिषद एस्टेला नगेसिया, भीष्म पितामह दिलीप गुप्ता, वरिष्ठ भाजपाई सत्यनारायण प्रसाद, पूर्व मंडल कोषाध्यक्ष बिनोद सिंह, उपाध्यक्ष हीरा लाल प्रसाद, महामंत्री सुनील जायसवाल, कोषाध्यक्ष अजय प्रसाद, भीम प्रसाद गुप्ता, प्रशांत सिंह, प्रदीप नाथ शाह, सिम्पल कुमार, नागेश मुंडा, दीपेंद्र नाथ शाह, रबी शोनी, नरेंद्र सिंह, मो शकील खान, पुनम बड़ाइक, दिलीप जायसवाल, बिशनाथ राम, संदीप कुमार, सजाक मियां, सहजाद खान आदि उपस्थित थे।

# छिपादोहार देवी मंदिर का विधायक ने किया उद्घाटन



**नवीन मेल संवाददाता। बरवाडीह** प्रखंड के छिपादोहर रेलवे स्टेशन परिसर स्थित नवनिर्मित देवी मंडप देवी मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के उपरांत विधायक रामचंद्र सिंह ने रविवार को उद्घाटन किया।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार छिपादोहर रेलवे स्टेशन परिसर में देवी मंदिर का निर्माण किया गया है। मंदिर के उद्घाटन के अवसर पर माता की नौ देवियों के स्वरूप की आकर्षक झांकी भी निकाली गई। विधायक ने सामूहिक भंडारा सह प्रसाद वितरण कार्यक्रम का भी शुभारंभ किया। मौके पर मंदिर निर्माण समिति के सभी सदस्य सांसद प्रतिनिधि अजय सोनी, तेतर यादव, मुखिया वेरोनिका कुजूर, संरक्षक दीपा देवी, माधुरी देवी, मंजू देवी, अरुण प्रसाद, मुन्ना गुप्ता, पवन गुप्ता, राजू प्रसाद, निजामुद्दीन अंसारी, रविंद्र राम, विजय यादव, पूर्व उप मुखिया सरवन सिंह, डॉक्टर सुशील कुमार, सुरेंद्र राम, आनंद प्रसाद नंदू, दीपक प्रसाद, मुकेश चंद्रवंशी आदि मौजूद थे।

# चौथी बार मंत्री बनने के बाद सत्यानंद पहुंचे चतरा, किया रोड शो



**नवीन मेल संवाददाता। चतरा**

चौथी बार झारखंड में कैबिनेट मंत्री बनने के बाद रविवार को सत्यानंद भोक्ता चतरा पहुंचे। हवाई मार्ग से चतरा पहुंचे मंत्री का कार्यकताओं ने कॉलेज मैदान में किया पारंपरिक तरीके से भव्य स्वागत। इसके उपरांत शहर में मंत्री ने किया रोड-शो। कहा विकास के पथ पर राज्य को ले जा रही महागठबंधन सरकार। विकास योजनाओं को धरातल पर उतारने को ले सरकार कटिबद्ध, बिछाया जा रहा विकास का जाल। रोड-शो में भारी संख्या में गठबंधन के लोग शामिल थे।

# प्रजापति समाज को जागरूक व एकजुट होने की जरूरत : गौतम

**नवीन मेल संवाददाता। चतरा/कान्हाचट्टी**

झारखंड प्रजापति (कुम्हार) महासंघ नगर इकाई चतरा द्वारा रविवार को वनभोज सह मिलन समारोह कार्यक्रम का आयोजन सदर प्रखंड के भेड़ी फॉर्म (ऊंटा) में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य जिला अध्यक्ष गौतम प्रजापति उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ जगदीश प्रजापति ने समाज के लोगों को अंग वस्त्र देकर किया। जिलाध्यक्ष प्रजापति ने संबोधित करते हुए कहा कि हम सब को जागरूक एवं एकजुट होने की जरूरत है। राजनीति पर विशेष बल देते हुए आगामी लोकसभा चुनाव में प्रजापति समाज एकजुट होकर स्थानीय उम्मीदवार को समर्थन देने की बात कही। वहीं पप्पु प्रजापति ने कहा कि समाज के



लोग भी जागरूक हो रहे हैं, जिसके कारण समाज के एकता एवं मजबूती का राजनीतिक लाभ आगामी नगर परिषद, विधानसभा एवं लोकसभा चुनाव में मिलेगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में नगर अध्यक्ष शंभू प्रजापति, उपाध्यक्ष जगदीश प्रजापति, सचिव फूलचंद प्रजापति, जिला मीडिया प्रभारी सह अंकेक्षक पप्पू प्रजापति, कोषाध्यक्ष भैरव प्रजापति, सह सचिव कैलाश प्रजापति आदि ने अहम भूमिका निभाया। इस मौके पर शंभू नाथ प्रजापति, महादेव प्रजापति, चतरा सिविल कोर्ट के अधिवक्ता गणेश पंडित, अधिवक्ता कृष्ण प्रजापति, जितेंद्र प्रजापति, बिनोद, अनिल, विकास, चंदन, रामचंद्र, लक्ष्मण, नवल किशोर, मोहन, अर्जुन, रविंदर, मोदी भगत, वीरेंद्र, राजू, महेंद्र, भुवनेश्वर, दिलचंद, गणेश प्रजापति आदि मौजूद थे।

# सड़क निर्माण के नाम पर बिना नोटिस के गरीबों के घर तोड़ डाले

**नवीन मेल संवाददाता। महुआडांड़**

एक तरफ सरकार ग्रामीणों को आवास उपलब्ध कराने के लिए तरह-तरह की योजनाएं चला रही है। वहीं लातेहार जिले के महुआडांड़ प्रखंड में सड़क निर्माण के नाम पर ग्रामीणों के घर तोड़ दिये गये। घर उजड़ जाने से ग्रामीण दर-दर भटकने को मजबूर हो गये हैं। दरअसल, प्रखंड के बसकरचा से कूडो गांव तक पक्की सड़क का निर्माण कराया जा रहा है। सड़क को चौड़ा करने के लिए ग्रामीणों की निजी जमीन का भी अधिग्रहण करना पड़ा। सरकारी प्रावधान के तहत जमीन अधिग्रहण के बाद ग्रामीणों को उचित मुआवजा दिया जाना था। सड़क निर्माण के दौरान यदि किसी ग्रामीण का घर अधिग्रहीत हो जाता है तो उसके लिए भी अलग से मुआवजा राशि तय की जाती है। लेकिन सड़क निर्माण कार्य में सरकार के इस प्रावधान की जमकर धज्जियां उड़ायी गयीं। संवेदक द्वारा आनन-फानन में ग्रामीणों की जमीन और मकान का मुआवजा दिये बिना ही जमीन का अधिग्रहण कर लिया गया। प्रखंड के केवरकी केनाटोली गांव में करीब एक दर्जन ग्रामीणों के घर तोड़ दिये गये और उनकी जमीन का अधिग्रहण कर लिया गया। जब ग्रामीणों ने मुआवजे की मांग की तो उन्हें मात्र 10-10 हजार रुपये दिये गये। ग्राम प्रधान साइमन एक्का, मनोहर, मिखाइल कुजूर आदि ग्रामीणों ने बताया कि सड़क निर्माण के नाम पर उनके घर व जमीन को जबरन अधिग्रहण कर लिया गया है। लेकिन बदले में न तो उचित मुआवजा दिया गया और न ही उन्हें कहीं आवास मुहैया कराया गया। इधर, ग्रामीण गंधुर उरांव ने बताया कि सड़क निर्माण के नाम पर छह जगहों पर उनकी जमीन का अधिग्रहण कर लिया गया है, लेकिन मात्र 10 हजार रुपये ही दिये गये। जब भी मुआवजे की मांग की जाती है तो ठेकेदार व लिपिक द्वारा सकारात्मक जवाब नहीं दिया जाता है। इससे ग्रामीण परेशान है।

**राजनीति**

## आजसू सुप्रीमो ने प्रतापपुर में विशाल जन समूह को किया संबोधित

# जोरी को निश्चित रूप से प्रखंड बनाऊंगा : सुदेश

**नवीन मेल संवाददाता। प्रतापपुर**

झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री सह आजसू सुप्रीम सुदेश महतो का रविवार को जिले के प्रतापपुर पहुंचने पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने फूल माला पहनकर बड़े उत्साह के साथ स्वागत किया। इसके उपरांत महतो प्रतापपुर प्रखंड के हाई स्कूल के मैदान में आयोजित आजसू के सम्मेलन में पहुंचकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। वहीं सम्मेलन में उपस्थित जन समूह को संबोधित करते हुए आजसू सुप्रीमो ने कहा कि प्रदेश के लोगों को पहचान देने नियोजन एवं विस्थापन का फामूर्ला तय करने, साल में 5 लाख युवाओं को सरकारी नौकरी देने सहित कई वायदा करके सत्ता के शीर्ष पर आकर सरकार तो बना लिए लेकिन वायदा पूरा नहीं किया। पूर्व में भी झारखंड मुक्ति मोर्चा और कांग्रेस का चेहरा लोगों ने देखा है। मंत्री भोक्ता बड़े सौभाग्यशाली है जो ताज को पहचानते हैं



आज को नहीं। जिसका मंत्री जेल में है और वह नगाड़ा बजा रहे हैं। यहां राजपाठ नहीं है, लोकतंत्र है। यहां सबसे बड़ा नेता वही होगा जो जनता का सेवक होगा और अशोक गहलोत भी ऐसा ही व्यक्ति है। इनमें जज्बा है। यह आपके सम्मान को टूटने नहीं देंगे और आपके साथ हमेशा खड़े होंगे। आगे कहा कि झारखंड को मॉडल स्टेट बनाने की बात कही जा रही है तो यह कैसा मॉडल है कि वर्तमान मॉडल के अनुसार तो मुख्यमंत्री इस्तीफा देकर जेल में हैं। भ्रष्टाचार इस कदर है कि कोई भी कर्मचारी या अधिकारी हो बिना पैसे का सरकारी काम नहीं करते। पिछले दिनों हुए प्रश्न पत्र के लीक होने पर उन्होंने कहा कि नियम बनाया गया था कि प्रश्न लीक होने पर करोड़ रुपये जुर्माना और गिरफ्तारी होगी। लेकिन क्या आज तक किसी को पकड़ा गया। सिर्फ कमेटी बनाकर यह बताया गया की कार्रवाई जारी है। उन्होंने जनता से आवाहन करते हुए कहा कि क्या 2024 की तैयारी की जाए। चतरा से मेरा यह अभियान शुरू हुआ है जो पूरे झारखंड में चलेगा। जोरी को प्रखंड बनाने का प्रस्ताव मैंने रखा था, जो अभी तक स्थगित है। जोरी को प्रखंड निश्चित रूप से बनाऊंगा यह मेरा वादा है। मंच पर अशोक गहलोत के साथ सुबोध कुमार, जितेंद्र बाबा, संतोश यादव सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# दालचुंआ में सड़क की समस्या यथावत

**नवीन मेल संवाददाता। चंदवा**

प्रखंड मुख्यालय से महज बारह से पंद्रह किमी की दूरी पर स्थित दालचुंआ गांव जंगलों के बीच बसा हुआ है। यहां जीतोड़ मेहनत करने वाले आदिवासी समुदाय के लोग आजादी के पूर्व से ही निवास करते आ रहे हैं। गांव में आज इनके घरों की संख्या लगभग चालीस के करीब है। यहां के लोग भोले भाले व निडर स्वभाव के हैं जो इनके घने जंगलों के बीच रहने से ही झलकता है। आजादी के 75 वर्ष गुजर जाने के बाद भी गांव के विकास में खासा परिवर्तन नहीं हो पाया है और आज भी यहां के ग्रामीण विकास की राह देख रहे हैं। गांव के लोग बताते हैं कि पिछले वर्ष गांव में शुद्ध पेयजल के लिए सोलर जलमीनार और बिजली की व्यवस्था की गई है। लेकिन मूल सुविधा सड़क और बच्चों को शिक्षा प्राप्त करने के लिए प्राथमिक विद्यालय का आभाव है।

### बिजली-पानी की व्यवस्था तो हो गई, पर आवागमन व शिक्षा की सुविधा नहीं



सड़क व विद्यालय बनने का अभी भी ग्रामीण राह देख रहे हैं। सोलर जल मीनार तो वर्ष भर पहले लगा है पर इसे दो चार दिन पूर्व ही चालू किया गया है। इससे पूर्व ग्रामीण एक क्षतिग्रस्त हुए कुएं से अपनी प्यास बुझाने को मजबूर थे।

यहां के बच्चे जंगलों के बीच से होकर लगभग दो किलोमीटर की दूरी तय कर प्राथमिक शिक्षा के लिए जाते हैं तथा माध्यमिक शिक्षा प्राप्त करने के लिए इन्हें छह किमी की दूरी तय करना पड़ती है। स्कूल जाने के दौरान बच्चों पर कई तरह के खतरों की संभावनाएं हमेशा बनी रहती है। पक्की सड़क नहीं रहने के कारण मरीज को आम दिनों में परेशानी तो होती ही है पर बरसात के दिनों में सड़क की समस्या लोगों के लिए परेशानी का सबब बन जाती है। गर्भवती महिलाओं व मरीजों को समय पर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए उन्हें खाट पर ले जाना पड़ता है। माल्हन पंचायत के मुखिया जतरू कुमार मुण्डा ने कहा कि गांव में सड़क निर्माण के लिए वे लगातार प्रयासरत रहे हैं और कई बार लातेहार उपायुक्त को पत्राचार भी किया है। उन्होंने बीते दिनों जिला स्तरीय बैठक में भी सड़क की समस्या से अधिकारियों को अवगत कराने का काम भी किया था। पर अबतक इस ओर कोई पहल नहीं हो पाई है। मुखिया व स्थानीय ग्रामीणों ने वर्तमान उपायुक्त हिमांशु मोहन से इस पहल करने की उम्मीद जताई है।

## एक नजर

### भाजपा ने मनाई दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि



**कैरो।** कैरो भारतीय जनता पार्टी के मंडल अध्यक्ष लखन उरांव अगुवाई में पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्य तिथि मनाई गई। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष लखन उरांव ने कहा कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय शोषित, पीड़ित के सच्चे हमदर्द थे। उनकी सोच समाज के अंतिम व्यक्ति तक सुविधा पहुंचना था। हमें उनकी सोच को पूरा करने की अवश्यकता है। मौके पर बजरंग उरांव, बिशेशर प्रसाद दिन, कैलाश महतो, नसीर आलम, तालीम खान, रविन्द्र शुक्ला समेत अन्य भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

### रुद्र महायज्ञ संचालन समिति गठित, अध्यक्ष सुरेंद्र, सचिव महादेव



**इटखोरी(चतरा)।** जिले के इटखोरी प्रखंड अंतर्गत कल्याणपुर गांव स्थित शिव मंदिर परिसर में श्री श्री 108 रुद्र महायज्ञ सह 5वें वर्षगांठ के तैयारी को लेकर रविवार को बैठक की गयी। जिसकी अध्यक्षता सुरेंद्र सिंह व संचालन महादेव प्रजापति ने किया। जिसमें गांव समेत आस-पास के दर्जनों धर्मप्रेमी शामिल हुए। बैठक में हर-हर महादेव के जयघोष के साथ बैठक आरंभ करते हुए बताया गया कि 1 मार्च को महायज्ञ का शुभारंभ शिव मंदिर से भव्य कलश यात्रा के साथ की जाएगी। 9 मार्च को भंडारे के साथ महायज्ञ संपन होगा। शिव मंदिर के 5वें वर्षगांठ के रूप मे मनाने का निर्णय लेते हुए श्री श्री 108 रुद्र महायज्ञ का समर्थन किया। सर्वसम्मति से महायज्ञ के सफल संचाल को लेकर समिति का गठन करते हुए अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह, सचिव महादेव प्रजापति, कोषाध्यक्ष निरंजन प्रजापति, उपाध्यक्ष विजय प्रजापति व पैमान नायक, प्रवक्ता राजेंद्र प्रजापति, संरक्षक युगल प्रजापति, सहदेव प्रजापति, अमृत यादव व बैजनाथ राण को चुना गया। बैठक में मोहम्मद आलम साहब, मोहम्मद मोजाहिर हुसैन, मोहम्मद साकिर मास्टर, मोहम्मद इसराल साहब आदि ने यज्ञ को सफल बनाने में. सहयोग व सहायता देने का आश्वासन दिया।

### किसी ने सिखाया नहीं, माता की कृपा से बना रहे मूर्तियां, विकलांग होने के बावजूद मूर्ति निर्माण कर करते हैं भरण पोषण

# 17 साल से मूर्तियां बना रहे हैं लोहरदगा के 36 वर्षीय जितेंद्र पाठक

**राहुल कौशल। लोहरदगा**

हर इंसान में कुछ न कुछ अलग काबिलियत भी होती है। अपनी कमियों को समझकर उस पर विजय पाना ही हर जिंदगी का लक्ष्य है। इंसान वही है जो अपनी खूबियों का पलड़ा भारी कर अपनी कमियों को पछाड़ देता है और दिए हुए संदर्भों में खुद को मुक्कम्मल साबित करता है। पर ये भी सच है कि सामाजिक धारणाओं और संकुचित सोच के चलते शारीरिक विकलांगता के शिकार लोगों को समाज में अपनी खुद की समस्याओं के आलावा भी बहुत सी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

हौसला और हिम्मत हो तो विकलांगता तरक्की में आड़े नहीं आती। विकलांगता कोई अभिशाप नहीं है। इस दुनिया में कोई भी परिपूर्ण नहीं है, कोई न कोई कमी हर इंसान में मौजूद होती है। लोहरदगा के कुछ विकलांग ऐसे हैं जिन्हें भगवान ने ऐसा हुनर बख्शा है कि जिसकी लोग चहुंओर तारीफ कर रहे हैं। सुविधाओं के अभाव में भी विकलांगों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। विकलांगता कहीं भी इनकी प्रतिभा को दबा नहीं पा रही है। समय समय पर लोगों ने अपनी प्रतिभा दुनिया के सामने दिखाई भी है, जिन्हें मौका मिला वह तो बाहर चले गए और जिन्हें मौका नहीं मिला वह इसी जगह में अपने हुनर को लेकर मौके की तलाश करते रहे हैं। इनमे से एक हैं लोहरदगा के 36 वर्षीय नवयुवक जितेंद्र कुमार पाठक। जिन्होंने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। बचपन से विकलांग जितेंद्र पाठक की प्रतिमा बनाने की शौक पिछले 17 साल से है। पिछले कई वर्षों से वह माता सरस्वती, मां दुर्गा समेत अन्य देवी देवताओं की प्रतिमा बना रहे हैं। उन्होंने बताया कि प्रतिमा निर्माण में अच्छी आमदनी नहीं होती है, परंतु उन्हें इस कार्य में मन लगता है। शुद्ध एवं पवित्र भाव से माता की प्रतिमा का निर्माण खुद करते हैं। अपनी हस्तकला के सहारे वह अपना एवं अपने घर परिवार का भरण-पोषण करते हैं।

लोहरदगा शहरी क्षेत्र के अलावे सेन्हा में स्थापित होने वाले जगत जननी मां जगदंबा की प्रतिमा के अलावा, मां सरस्वती, मां लक्ष्मी, भगवान गणेश एवं कार्तिक समेत अन्य देवी देवताओं की प्रतिमाओं का निर्माण कार्य पूर्ण कर रहे हैं। प्रतिमाओं को आकर्षक रूप देने में वे दिन रात मेहनत कर रहे हैं। उसने एक दो नहीं, बल्कि सरस्वती पूजा, दुर्गा पूजा सहित अन्य त्योहारों में ढेर सारी प्रतिमा बनाते हैं। प्रतिमा निर्माण में इनकी कला साधना परिलक्षित होता है।



### ऐसे मिली मूर्ति बनाने की प्रेरणा

वर्ष 2007 में काली मंदिर में काली पूजा होने वाली थी। मंदिर में स्थापित मां काली की प्रतिमा को देखकर जितेंद्र के मन में मूर्तियां बनाने की सोच ने जन्म लिया था। वे बताते हैं कि मूर्ति बनाने की प्रेरणा मां काली से मिली। इसके बाद वह मूर्ति बनाने की शुरुआत की। सबसे पहले उन्होंने मां काली की प्रेरणा से माता काली की ही प्रतिमा बना दी। देखते देखते वे माता दुर्गा, सरस्वती, लक्ष्मी, गंगा, गायत्री, श्री गणेश, लक्ष्मी नारायण, कार्तिकेय समेत सभी देवी देवताओं की मूर्तियां बनाने लगे। बेहतर मूर्ति निर्माण के लिए आसपास के इलाकों में मूर्ति बनाने वालों के पास जाकर घंटों बैठते थे। उनके निर्माण की बारीकियों को बड़े गौर से देखते-देखते खुद भी सब सीख गया।

# लेवी वसूलने की योजना बना रहे तीन अपराधी धरे

### पुलिस ने दो कट्टा व चार गोली बरामद कर ऑटो किया जब्त

**नवीन मेल संवाददाता। गुमला**



व्यापारियों से लेवी वसूलने की योजना बना रहे तीन अपराधियों को पुलिस ने पालकोट थाना क्षेत्र के बांदोडीह जंगल के समीप से धर दबोचा। गिरफ्तार अपराधियों में हुए रायडीह थाना क्षेत्र के जमगई निवासी वीरेंद्र खड़िया, सिप्रिंगा निवासी संदीप कुजूर और पालकोट थाना क्षेत्र के बांदोडीह निवासी बुद्धेश्वर नगेसिया शामिल है।

एसडीपीओ बसिया नाजीर अख्तर ने रविवार को पालकोट थाना परिसर में प्रेसवार्ता कर पूरे मामले की जानकारी दी। एसडीपीओ ने बताया कि गुप्त सूचना मिली कि जंगल के पास तीन व्यक्ति हथियार के साथ हैं और किसी घटना को अंजाम देने की फिराक में हैं। इस सूचना पर थाना प्रभारी पालकोट अनिल लिंडा के नेतृत्व में एसआईटी टीम का गठन किया गया और घेराबंदी कर एक ऑटो से जा रहे सभी तीनों अपराधियों को दबोचा गया। उनके पास से दो कट्टा और चार गोली बरामद हुई। इसके साथ ही पुलिस ने हरे काले रंग का ऑटो जब्त किया है। गिरफ्तार अपराधियों ने बताया कि वे सभी महुआ, लाह अथवा धान के व्यापारियों से लेवी वसूलने की योजना बना रहे थे।

### मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर ग्रामीणों ने आयोजित की बैठक

**भंडरा।** भौरों ग्राम में रविवार को श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर निर्माण सह प्राण प्रतिष्ठा को लेकर ग्रामीणों की बैठक हुई। मंदिर निर्माण कमेटी के अध्यक्ष बादल प्रजापति के अध्यक्षता में हुई बैठक में मंदिर का निर्माण पूर्ण करते हुए प्राण प्रतिष्ठा की तैयारियों को लेकर विचार विमर्श किया गया। मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रम की तिथि निर्धारित की गई। सोमवार को कलश यात्रा, मंडप प्रवेश, 16 अप्रैल को वेदी पूजन, मूर्ति का जलाभिषेक, 17 अप्रैल को नगर भ्रमण एवं प्राण प्रतिष्ठा, 18 अप्रैल को अखंड हरि कीर्तन एवम भंडारा का आयोजन किया जाएगा। संपूर्ण कार्यक्रम आचार्य सतीश चंद्र शास्त्री व ब्रज किशोर मिश्र के सानिध्य में किया जाएगा। मौके पर शंकर साहू, बुद्धेश्वर प्रजापति, गौरी प्रजापति, शामिल महतो, गौरी प्रजापति, रामकुमार प्रजापति, चरण देव प्रजापति, प्रकाश प्रजापति, रूपेश कुमार मिश्रा ,उमेश प्रजापति, ईश्वरी मोहन शर्मा, लल्लन सोनी, रामवृक्ष साहू आदि उपस्थित थे।

# पंचायती राज को मजबूत करने के लिए आवाज बुलंद करेंगे मुखिया

### मुखिया संघ की बैठक में विकास कार्यों को गति देने पर बनी सहमति

**नवीन मेल संवाददाता। भंडरा**



प्रखंड क्षेत्र के भंडरा पंचायत भवन में रविवार को मुखिया संघ की बैठक हुई, जिसमें विकास कार्यों को गति देने पर विचार विमर्श किया गया। बैठक की अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष सह उदरंगी पंचायत के मुखिया परमेश्वर महली ने की। बैठक का संचालन सचिव सह गडरपो पंचायत के मुखिया सुमित उरांव द्वारा किया गया।

महली ने कहा कि पंचायतों में विकास कार्यों को गति देने के लिए प्रखंड विकास पदाधिकारी, कार्यक्रम पदाधिकारी मनरेगा एवं संबंधित विभागीय कर्मियों के साथ आपसी सामंजस्यता की आवश्यकता है। इसमें किसी भी स्तर पर उदासीनता बरती गई तो सरकार के ग्रामीण विकास का सपना साकार नहीं हो पाएगा। संघ ने सरकार की नीतियों पर भी चर्चा करी। बैठक में विकास कार्यों, संघ के कार्यों व समस्याओं, संघ की मजबूती सहित कई बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा हुई। महली ने कहा कि मुखिया के अधिकार में दिन व दिन कटौती हो रही है। इससे पंचायती राज व्यवस्था कमजोर व लचर होगी। सरकार की इस मनमानी से पंचायत प्रतिनिधि ही बदनाम हो रहे हैं। बैठक में सभी ने पंचायती राज को मजबूत करने तथा मुखिया के अधिकार को और भी व्यापक बनाने के लिए आवाज बुलंद करने का निर्णय लिया। मौके पर मुखिया इंद्रदेव उरांव, टेले उरांव, धनेश्वरी उरांव, कइली उरांव, सुमंती तिग्गा आदि मौजूद थे।

# निःशुल्क चिकित्सा शिविर का 51 लोगों ने उठाया लाभ



**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

सेवा भारती लोहरदगा के द्वारा चुन्नीलाल उच्च विद्यालय के प्रांगण मे लगातार 87वां सप्ताह रविवार को सुबह निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इसमें 51 लोगों ने अपने शुगर, बीपी, ऑक्सीजन लेबल, वजन, हार्ट बीट आदि की जांच करवाते हुए डॉक्टर से परामर्श लिए।

जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ ने कहा कि जल्द ही ग्रामीण क्षेत्रों में प्रत्येक माह स्वास्थ्य शिविर लगाया जाएगा। डॉ कुमुद ने कहा कि लोगों को अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग रहना चाहिए और समय-समय पर अपना चेकअप कराते रहने चाहिए। मौके पर अवधेश मित्तल, जयप्रकाश शर्मा, संजय चौधरी, सुबोध महतो, मोतीलाल अग्रवाल, अंजलि सर्राफ, शिमला देवी, अशोक कुमार शाह, अतुल सर्राफ, सुकेश महतो, सुनील अग्रवाल सत्यम सर्राफ, सुरेंद्र प्रसाद, दिलीप तमेड़ा, मुकेश अग्रवाल, संतोष अग्रवाल, वीरेंद्र उरांव, प्रदीप कुमार, गणेश महतो, मनमोहन प्रसाद, अजय अग्रवाल, सोनिया पोद्दार, मीना देवी, डोमन चंद्र कर्मकार, सुंदर देवी, मनोज अग्रवाल, नवनीत गौर, चंपा देवी, किशोर अग्रवाल, बीना देवी, मुन्नी देवी, प्रभु दयाल साहू, रमेश शर्मा, मोतीलाल, सुशील अग्रवाल, सुधा बर्मन, दुर्गेश नंदनी शर्मा, स्नेहा शर्मा, उदय कास्यंकार मौजूद थे।

# सदर थाना के नए प्रभारी का स्वागत

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**



झारखंड राज्य दफादार चौकीदार पंचायत शाखा लोहरदगा प्रखंड के चौकीदारों ने जिला अध्यक्ष शमशुल अंसारी के नेतृत्व में सदर थाना के नए थाना प्रभारी सह पुलिस निरीक्षक रत्नेश मोहन ठाकुर को बुके देकर स्वागत किया। थाना प्रभारी ने चौकीदारों को संबोधित करते हुए अपने-अपने क्षेत्र में आंख कान खुला रखने को कहा। जहां दिक्कत महसूस होती हो तुरंत थाना प्रभारी को बताएं। हम हमेशा आपके साथ हैं। उन्होंने चौकीदारों को शराब का सेवन नहीं करने का नसीहत भी दी। कोई भी छोटी बड़ी सूचना प्राप्त हो तुरंत थाना प्रभारी को सूचित करने का निर्देश दिए। मौके पर चौकीदार संघ के जिला अध्यक्ष शमसुल अंसारी, अनिल उरांव, सुरेश उरांव, बरतु उरांव, शनिचरिया उराइन, प्रति उराइन आदि चौकीदार मौजूद थे।

# हत्याकांड का उद्भेदन करने पर थाना प्रभारी सम्मानित



**नवीन मेल संवाददाता। कुडू**

कुडू प्रखंड के उप प्रमुख एनुल अंसारी के नेतृत्व में रविवार को कुडू थाना प्रभारी बिश्वजीत कुमार सिंह को प्रखंड प्रमुख एवं सभी पंचायत समिति सदस्यों ने फूल माला और पगड़ी बांध कर सम्मानित किया और आभार प्रकट किया।

ज्ञात हो कि बीते रविवार चार फरवरी की सुबह पूर्व पंसस और बाजार संवेदक संतोष मांझी उर्फ मंगलू की गोली मारकर हत्या के बाद लोगों में भय का माहौल व्याप्त था। इसको लेकर प्रखंड सहित जिले के प्रतिनिधियों और आम लोगों ने तुरंत अनुसंधान कर दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग की थी। इसके बाद जिले के पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमां के कुशल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में इस हत्याकांड के लिए गठित की गई विशेष टीम ने आशा से बेहतर प्रदर्शन करते हुए इस कांड का महज चंद दिनों में उद्भेदन किया एवं दोषी अपराधियों की पहचान और गिरफ्तारी सुनिश्चित की है। इस पूरे अभियान में स्थानीय थाने के प्रभारी बिश्वजीत कुमार सिंह ने भी अहम भूमिका निभाई। एनुल अंसारी ने कहा कि पुलिस अधीक्षक और उनकी पूरी टीम एक संवेदनशील और कर्मठ पुलिस पदाधिकारी ही नहीं बल्कि एंटी क्राइम एवं एंटी क्रिमिनल सोच रखने वाले व्यक्तित्व हैं, शहर के बीचो बीच हुए हत्याकांड का जिस रिकॉर्ड समय में इनके द्वारा उद्भेदन करके अपराधियों को जेल भेजा गया है इससे कहीं ना कहीं आमजनों का विश्वास पुलिस प्रशासन पर कायम हुआ है।

# सेन्हा में मंदिर निर्माण कमेटी का गठन

**नवीन मेल संवाददाता। सेन्हा**



प्रखंड के सीठियो पंचायत में गोबरा टंगरा समीप मंदिर निर्माण को लेकर ग्रामवासियों का बैठक की गई। इसमें मंदिर निर्माण को लेकर कमेटी का गठन किया गया। इसमें सर्वसम्मति से अध्यक्ष रिपुसूदन साहू, कोषाध्यक्ष प्रमोद सिंह, सचिव सुजीत भगत को चयनित करते हुए कमेटी का विस्तार किया गया। पदाधिकारियों ने सभी भक्तजनों से बढ़-चढ़कर सहयोग करने की अपील की, जिससे मंदिर को भव्य बनाया जा सके। वहीं विहिप के अध्यक्ष रंजीत साहू ने कहा कि प्रखंड के सारे पूजनीय स्थलों का जीर्णोद्धार के साथ बाउंड्री कराया जाएगा। बैठक में मुकेश सिंह, सतीश सिंह, रवि साहू, देवेंद्र, दीपक साहू आदि शामिल रहे।

## धर्म-कर्म

### नवनिर्मित सिद्धि विनायक हनुमान मंदिर में भंडारे का आयोजन

# प्राण प्रतिष्ठा को लेकर निकाली गई शोभायात्रा

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**



शहर के पुराना शुक्र बाजार स्थित अजय पार्क के समीप नवनिर्मित सिद्धि विनायक मंदिर में हनुमानजी व विश्वकर्मा भगवान जी की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। इसमें करीब तीन हजार लोग शामिल हुए। यह शोभा यात्रा यात्रा हनुमान मंदिर परिसर से अजय पार्क से होते हुए बरवा टोली, महाबीर चौक अपर बाजार, जामा मस्जिद, महात्मा गांधी बीर शिवाजी मार्ग न्यू रोड़ होते हुए वापस मंदिर परिसर में संपन्न हुई।

शोभायात्रा यात्रा में पुरोहित चंद्रशेखर मिश्र, जयशंकर मिश्र, पंकज मिश्र, परमानंद मिश्र व गोपाल मिश्र ने यजमान सरोज प्रजापति, पत्नी सरिता देवी, दीपक अग्रवाल, पत्नी पिकी अग्रवाल, महेंद्र प्रजापति, पत्नी यशोदा देवी, विनय शर्मा, पत्नी जयंती देवी व रविशंकर शर्मा, पत्नी नीलम शर्मा आगे भगवान हनुमान, भगवान विश्वकर्मा, शिव लिंग आदि प्रतिमा को गोद लिए चल रहे थे। शोभायात्रा को लेकर भक्तों में खासा उत्साह देखा गया। प्राण प्रतिष्ठा के तीसरे दिन मौके पर वेदी विसर्जन, पुष्पाजंलि, शांति जल ग्रहण व प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

शोभा यात्रा के दौरान मंदिर समिति के अध्यक्ष सरोज प्रजापति, दीपक अग्रवाल, महेंद्र प्रजापति, एसडीएम अमित कुमार, एसडीपीओ श्रद्धा केरकेट्टा, सांसद प्रतिनिधि चंद्रशेखर प्रसाद, राजेंद्र खत्री, अजय मितल, अजय प्रजापति, इंद्र प्रजापति, प्रमोद प्रजापति, अभिशेक शर्मा, गुडू गुप्ता, दीपक गुप्ता, आनंद साव, नवल अग्रवाल, शिव प्रजापति, आशीष गुप्ता, सूरज गुप्ता, मनोहर गुप्ता, प्रदीप कुमार, कुलदीप गुप्ता, विवेक शर्मा, राहूल प्रजापति, अभिषेक शर्मा आदि शामिल हुए। भंडारे का आयोजन हुआ, जिसमें हजारों भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया।

# झारखंड का प्रतिनिधित्व करने वाले लोहरदगा के कलाकार को दी बधाई

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**



शहरी क्षेत्र में स्वतंत्रता सेनानी शहीद वीर बुधु, बुधन सिंह, शिव शंकर राम आर्य, छेदीलाल आजाद की प्रतिमा बनाने वाले मूर्तिकार सह रंगमंच, चित्रकला आदि क्षेत्रों में झारखंड का प्रतिनिधि करने वाले लोहरदगा के जनजातीय समाज के कलाकार दिलेश्वर लोहरा को स्थानीय लोगों ने बधाई दी है। उनके द्वारा बनाए गए मणिपुर के पत्थर से बने बर्तन में सोहराय आदिवासी लोक चित्रकला को दिल्ली के मेजर ध्यान चंद स्टेडियम में 10 से 18 फरवरी तक ट्राईफेड द्वारा आयोजित आदि महोत्सव कार्यक्रम में राष्ट्रपति को भेंट किया गया तथा झारखंड के सोहराय पेंटिंग आदि कला के बारे में जानकारी दी गई। महोत्सव में देश के सभी राज्यों के जनजातीय समाज के तकरीबन 1000 से ज्यादा कारीगरों द्वारा 300 स्टॉल के माध्यम से क्षेत्रीय हस्तकला तथा सांस्कृतिक चीजों की प्रदर्शनी की गई। मौके पर केंद्रीय जनजातीय कार्य मंत्री अर्जुन मुंडा भी उपस्थिति थे। लोहरा की इस उपलब्धि पर सामाजिक कार्यकर्ता ओम प्रकाश सिंह, शिक्षाविद मदन मोहन पांडे, सड़क सुरक्षा सदस्य संजय बर्म्मन, अधिवक्ता देवाशीष कार, अनूप राय, भाजपा जिला अध्यक्ष मनीर उरांव, मोहन दुबे, बीके बालाजीनपा, फिरोज शाह, सुधीर अग्रवाल, क्रिकेटर आशीष कुमार, रिपु सू दन साहू, फुलदेव उरांव, तरुण देवघरिया ने बधाई दी है।

## एक नजर

### 'चलो गांव की ओर' अभियान के व्यापक स्वीकृति

**गिरिडीह।** भारतीय जनता पार्टी का देशव्यापी अभियान चलो गांव की ओर के तहत गिरिडीह विधानसभा के निवर्तमान विधायक निर्भय कुमार शाहाबादी ने पार्टी द्वारा निर्धारित नगरमंडल के वार्ड नम्बर 2 में कल्याणडीह और उसके आसपास के गांवों में प्रवास किया। वहां पहुंच कर ग्रामीणों से वर्तमान केंद्र की मोदी सरकार के द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभ के बारे में लाभुकों से जानकारी ली। जहां सभी लाभ ले रहे लाभुकों ने बड़े जोश के साथ एक स्वर में हां हमे प्रधानमंत्री आवास,निःशुल्क राशन,आयुष्मान कार्ड,शौचालय, उज्ज्वला योजना के तहत गैस सिलेंडर एवम चूल्हा मिला है।साथ हर घर नल से जल भी मिल रहा है।

### सरस्वती पूजा को लेकर तिसरी में शांति समिति की बैठक संपन्न

**गिरिडीह।** आगामी 14 फरवरी को सरस्वती पूजा को लेकर क्षेत्र में शांति पूर्वक पूजा संपन्न करने को लेकर रविवार को तिसरी थाना परिसर में थाना प्रभारी की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। थाना प्रभारी प्रदीप कुमार ने शांति समिति और पूजा कमिटी सदस्य से जानकारी लिया कि 14 फरवरी को तिसरी प्रखंड में कितने जगह पूजा होती है। सभी सदस्यों ने बताया कि प्रखंड में पूजा शान्ति पूर्वक होती है लेकिन कुछ जगह पुलिस फोर्स की जरूरत पड़ती है । थाना प्रभारी प्रदीप कुमार ने सभी सदस्य से कहा कि सभी पूजा शांतिपूर्वक होना चाहिए। पुलिस प्रशासन आप लोग के साथ है। सभी से कहा कि इस दिन कोई किसी भी तरह का हुड़दंग करता है तो तुरंत थाने को सूचित करना है। किसी प्रकार का हुड़दंग बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। शांति व्यवस्था को भंग करने की कोशिश करने वालों पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### 10 से 25 फरवरी तक चलेगा फाइलेरिया रोधी कार्यक्रम

**गिरिडीह।** गांडेय प्रखंड अंतर्गत अहिल्यापुर थाना क्षेत्र के बुधुडीह गांव में राज्यस्तरीय फाइलेरिया रोधी स्वास्थ्य कार्यक्रम मोनिटरिंग टीम जांच संबंधित अन्य जानकारी को लेकर पहुंचे। जांच के दौरान स्टेट आईसीबीसीसी कंस्लटेंट डा सुफियान अली ने कहा कि यह एमडीए कार्यक्रम जो फाइलेरिया उन्मूलन के लिए चलाया जा रहा है। इसी क्रम में जांच की जा रही है। कहा कि घर घर जा कर सहिया दीदी,सेविका दीदी के द्वारा लोगों को फाइलेरिया रोधी दवाईयां खिलाया जा रहा है।

कहा कि सहिया दीदी व सेविका दीदी के द्वारा विधिवत दवाई खिलाना व हाऊस मार्किंग की जा रही है और इसके साथ साथ लोगों को जागरूक भी किया जा रहा है। यह कार्यक्रम 10 फरवरी से 25 फरवरी तक घर घर जाकर विधिवत चलेगा। कहा कि इन सभी बिन्दुओं पर जांच की जा रही है और बताया कि सभी कार्य संतोषजनक पाया गया है। कहा दो वर्ष से अधिक उम्र को यह दवाई देनी है।

झंडा मैदान में रसोईया संघ ने किया सभा का आयोजन

# 14 फरवरी से आयोजित हड़ताल को स्थगित करने का लिया निर्णय



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**
झारखंड राज्य विद्यालय रसोईया संघ के द्वारा रविवार को झंडा मैदान में सभा का आयोजन किया गया। संघ की जिला सचिव गुंजा देवी की अध्यक्षता में हुई बैठक में आगामी 14 फरवरी से होने वाली अनिश्चितकालीन हड़ताल स्थगित करने का निर्णय लिया गया। बताया कि उक्त निर्णय सदर विधायक के आग्रह और उनके द्वारा सभी मांगो पर विचार करने के आश्वासन पर लिया गया है। बैठक के दौरान जिला रसोईया संघ के संरक्षक नारायण महतो ने कहा यदि फिर टाल मटोल हुआ तो अगले विधानसभा सत्र के दौरान संघ विधानसभा घेराव करने के लिए बाध्य होगी। बताया कि बैठक के दौरान निर्णय लिया गया कि 16 फरवरी को मजदूरों के देश व्यापी हड़ताल को सफल बनाने के लिए राज्य भर के झारखंड राज्य विद्यालय रसोईया संघ के तमाम रसोईया सड़क पर उतर कर मार्च व प्रदर्शन कर मजदूर विरोधी, किसान विरोधी केंद्र सरकार के खिलाफ आवाज बुलंद करेगी। कहा कि केंद्र सरकार ने रसोईया को मिलने वाली 60 प्रतिशत राशि रोक लगा दी है। जिससे स्पष्ट होता है कि मोदी सरकार न सिर्फ रसोईया विरोधी है बल्कि महिला विरोधी भी है। बैठक को अखिल भारतीय किसान महासभा राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य कामरेड पुरन महतो, झारखंड राज्य विद्यालय रसोईया संघ की सोमरी देवी, हेमंती देवी, सुनिता देवी, सेवकी देवी असमा खातुन, गुलशन बीबी, सारो देवी, कौशल्या देवी, शांति देवी, मालती देवी सहित अन्य ने संबोधित किया।

# दर्जनों ने थामा भाकपा माले का दामन



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**
बेंगाबाद प्रखंड क्षेत्र के बैदाडीह में रविवार को भाकपा माले की एक बैठक हुई. बैठक में भाकपा माले कमिटी का गठन किया गया और दर्जनाधिक लोगों ने भाकपा माले की सदस्यता ग्रहण की. बैठक में भाकपा माले नेता राजेश यादव ने कहा कि संगठन बनाये बिना आम लोग सुरक्षित नहीं रह सकते. इलाके में सक्रिय समाज विरोधी और दलाल किस्म के लोग आम लोगों का आर्थिक करते रहते हैं. तरह तरह की साजिश कर निर्दोष लोगों को फंसाया जाता है कि उनका आर्थिक दोहन किया जा सके. ऐसे में संगठन मजबूत कर ही उनका मुकाबला किया जा सकता है. मौके पर उन्होंने पार्टी का दामन थामने वाले लोगों का स्वागत किया और उन्हें लाल झंडा के साथ खड़ा रहने का भरोसा दिया. इस दौरान आगामी 17-18 फरवरी को जमुआ के मिजार्गंज में भाकपा माले के 13वें जिला सम्मेलन को सफल बनाने की अपील की गई. बैठक में मंजूर इलाही, सदीक अंसारी, दशरथ ठाकुर, श्रवण ठाकुर, तालेश्वर ठाकुर, एतवारी महतो, बदरुद्दीन अंसारी, अलाउद्दीन अंसारी, इंदर ठाकुर सुखदेव ठाकुर समेत अन्य लोग उपस्थित थे.

# सरस्वती पूजा को लेकर थाना में शांति समिति की बैठक आयोजित




**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**
मुफस्सिल थाना में रविवार को शांति समिति का बैठक किया गया। बताया गया कि सरस्वती पूजा के लेकर के शहर में चहल-पहल रहती है, इस बैठक में शहर के सभी प्रतिनिधि एवं मुफस्सिल क्षेत्र के मुखिया प्रतिनिधि लोगों को बैठक में बुलाई गई यह बैठक गिरिडीह के एसडीपीओ विनोद रवानी की उपस्थिति में की गई मुफस्सिल थाना के थाना प्रभारी भी मौजूद रहे और थाना के सभी एस आई लोग भी मौजूद थे, सभी मुखिया प्रतिनिधि की उपस्थिति में एसडीपीओ ने बताया कि सरस्वती पूजा एक हिंदू पूजा है।जिसको सभी को शांति व्यवस्थाएं बनाए रखना है, अपने-अपने क्षेत्र में शांतिपूर्वक से मूर्ति को विसर्जन करवाना है कहीं भी कोई तरह की दिक्कत होती है तो प्रशासन को बताकर सहायता ले सकते हैं उसने यह भी बताया कि डीजे और अश्लील गानों को ना बजाए जिससे दूसरे समाज के लोगों को आहत हो इस बैठक में प्रखंड पदाधिकारी गणेश रजक, प्रमुख पूनम देवी, उप प्रमुख सभी लोग मौजूद थे।

### सरिया थाना परिसर में शांति समिति की बैठक संपन्न

**गिरिडीह।** सरिया थाना परिसर में रविवार को सरस्वती पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक हुई। इस बैठक की मुख्य रूप से बगोदर सरिया एसडीएम संतोष गुप्ता, एसडीपीओ धनंजय कुमार राम उपस्थित थे। बैठक की अध्यक्षता एसडीएम संतोष गुप्ता ने किया व संचालन थाना प्रभारी अनीश कुमार पाण्डेय ने की। बैठक मे मुख्य रूप से सरस्वती पूजा को शांति पूर्वक व धूम धाम से मनाने की अपील की गईं, साथ ही पूजा के विसर्जन के दौरान डीजे पर अश्लील गानों पर प्रतिबंध रहेगा। साथ ही हुड़दंगियों पर पुलिस की पौनी नजर रहेगी ।उक्त बैठक के दौरान एसडीएम संतोष गुप्ता ने कहा कि सरकार का सख्त निर्देश का पालन करना जरूरी है, डीजे पर प्रतिबंध रहेगा, विधि व्यवस्था के खिलाफ काम करने वाले असामाजिक तत्वो पर प्रशासन कार्रवाई करेगी वही एसडीपीओ धनंजय राम ने सभी पूजा कमिटियों से आग्रह किया कि शांति पूर्वक पूजा करे शराब पर बंदी रहेगी।

पूजा को लेकर शांति समिति बैठक सम्पन्न

# असामाजिक तत्वों पर रहेगी पुलिस की पैनी नजर : एसडीपीओ



**नवीन मेल संवाददाता। गिरीडीह**
बिरनी थाना परिसर में रविवार को आगामी सरस्वती पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। जिसमें मुख्य रूप सरिया एसडीपीओ धनंजय कुमार राम उपस्थित थे। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी सुनील कुमार वर्मा व संचालन बिरनी थाना प्रभारी मृतुन्जय कुमार सिंह ने किया जबकि प्रमुख रामु बैठा, ओपी प्रभारी सुमन्त प्रसाद, जिला सांसद प्रतिनिधि नारायण पाण्ड्य, पूर्व प्रमुख प्रतिनिधि मनोज सिंह, पेशम मुखिया रागिनी सिन्हा, शाखाबारा मुखिया ममता कुमारी, बलगो मुखिया कुसुम देवी खेदवारा मुखिया कंचन देवी लक्ष्मण दास,अमित गुप्ता, अन्य जनप्रतिनिधि भी मौजूद रहे। बैठक में आये हुए जनप्रतिनिधियों ने आपने अपनी बातों को रखा और आगामी सरस्वती पूजा शांति पूर्व तरीके से मनाने का अपील किया। वहीं समाजसेवियों और जनप्रतिनिधि ने कहा कि बिरनी के सभी समुदाय के लोग एकता का परिचय देते आये हैं, आगामी सरस्वती पूजा मै भी शांति और एकता का परिचय देते हुए शांतिपूर्ण तरीके से त्योहार मनाएंगें।

# ऑनलाइन गेम हारने पर छात्र ने की आत्महत्या



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**
बिरनी प्रखण्ड के जितकुंडी में रविवार को 10 वीं में पढ़ने वाला छात्र श्याम कुमार ने जहर खा कर की आत्महत्या। जानकारी के अनुसार बिरनी पंचयात अंतर्गत जितकुंडी निवासी अर्जुन साव का बड़ा बेटा +2 उच्च विद्यालय पलौंजिया के 10वीं कक्षा का छात्र था। सोमवार से उसके मैट्रिक की परीक्षा थी परन्तु उससे एक दिन पहले ही उसने जहर खा कर जान दे दिया। परिजनों ने बताया कि पिछले शुक्रवार के शाम में श्याम ने कहा वह रोल खाने के लिए बरमसिया जा रहा है वहां से आने के बाद अपने कमरे में चला गया। सभी को लगा कि परीक्षा है उसकी तैयारी कर रहा है इसलिए किसी ने उसके बारे में कोई चिंता नहीं किया। शाम में भी कमरे से नहीं निकलने पर परिजनों ने उसे फोन किया तो वह फोन उठा लिया परन्तु कुछ बोल नहीं रहा था।

**क्या है मामला**

परिजनों के अनुसार श्याम फोन में गेम खेला करता था । कभी गेम में जीतता था तो कभी हार जाता था। बताया जाता है कि शुक्रवार को वह गेम में ज्यादा ही पैसा हार गया जिससे वह टेंशन में आ गया । इतना पैसा बर्बाद हो जाने के शायद डर से ही उसने जहर खा लिया उसे लगा कि परिवार को पता चलेगा तो उन्हें डाटेंगे।

# सरस्वती पूजा के चंदा को लेकर महिला और पुरुषों के साथ मारपीट करने का आरोप



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**
तिसरी थाना क्षेत्र के खोंटो के समीप रविवार की शाम सरस्वती पूजा का चंदा कर रहे कुछ लोगों ने पुत्र के तिलक कार्यक्रम के लिए जा रहे महिला व पुरुषों के साथ चंदा लेने को लेकर मारपीट कर दिया। जिसमें तिलक कार्यक्रम में जा रहे कई महिला व पुरुष के मामूली रूप से चोटिल होने की बात बताई जा रही है। इस मामले को लेकर तिसरी थाने में आवेदन भी दिया गया है। आवेदन अनुसार मनसाडीह निवासी कुंती देवी पति अशोक ठाकुर अपने देवर के तिलक कार्यक्रम के लिए गांव के अन्य महिला व पुरुष के साथ 4 मोटरसाइकल पर 8 लोग सवार होकर मिजार्गंज स्थित सूर्य मंदिर जा रहे थे। इसी क्रम में खिजुरी से लगभग 1 किलोमीटर आगे कुछ लोगों ने सरस्वती पूजा के चंदा हेतु उनकी गाड़ियां रुकवा दी। जिसके बाद चंदा कर रहे लोगों और तिलक कार्यक्रम में जा रहे लोगों के बीच अत्यधिक चंदा राशि मांगने को लेकर बहस हो गई। बताया जाता है कि चंदा कर रहे लोग हाथापाई पर उतर आए। इस दौरान हुई मारपीट में कुंती देवी, कलवा देवी, कविता देवी, उषा देवी, दिलीप ठाकुर और अशोक ठाकुर मामूली रूप से चोटिल हो गए। जिसके बाद उक्त लोग तिलक कार्यक्रम को स्थगित कर तिसरी थाने पहुंचे जहाँ थानेदार से शिकायत करते हुए लिखित आवेदन भी दिया। इन लोगों के द्वारा दो मोबाईल छीनने का भी आरोप लगाया गया है। वहीं मामले की जानकारी के बाद तिसरी पुलिस उक्त स्थान पहुंची जहां चंदा कर रहे लोग पुलिस को देखते ही भागने लगे। फिलहाल तिसरी पुलिस मामले की पड़ताल में जुटी है।

## न्यूज बॉक्स

### लोकसभा चुनाव में जीत का परचम लहराएगी भाकपा :भुवनेश्वर मेहता



**हजारीबाग।** ऑफिसर्स क्लब चरही में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी हजारीबाग लोकसभा स्तरीय बैठक पूर्व सांसद भुवनेश्वर प्रसाद मेहता की अध्यक्षता में रविवार को हुई।बैठक में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य सचिव महेंद्र पाठक , राष्ट्रीय परिषद के सदस्य प्रमोद कुमार पांडे , महादेव राम ,मजदूर नेता लखनलाल महतो,सुजीत घोष , बनवारी साव, कलाम रसीदी ,अजय सिंह सहित नेतृत्व के कई साथी मौजूद थे । हजारीबाग के पूर्व सांसद भुवनेश्वर प्रसाद मेहता ने कहा कि देश में लोकतंत्र खतरे में है , लोकतंत्र और संविधान को बचाने के लिए देश की कई राजनीतिक पार्टियां एकजुट हो चुकी है, लेकिन ईडी सीबीआई और अन्य एजेंसियों का इस्तेमाल विपक्ष को कुंद करने के लिए मोदी सरकार कर रही है।भाकपा एक बार फिर दमखम के साथ हजारीबाग लोकसभा चुनाव लड़ेगी और जीतेगी। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य सचिव महेंद्र पाठक ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी को हजारीबाग से दो बार भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ने परास्त किया है । देश के कद्दावर नेता यसवंत सिन्हा को भी हराकर भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ने इतिहास रचा है। बैठक सर्वसम्मति से सभी प्रखंडों में कार्यकर्ता सम्मेलन बुथ कमेटी का गठन , बुथ कमेटी का सम्मेलन करने का निर्णय लिया गया। वक्ताओं ने कहा कि इंडिया गठबंधन में भी भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी की भी दावेदारी है। बैठक में पूर्व सांसद भुनेश्वर प्रसाद मेहता, राज्य सचिव महेंद्र पाठक, राष्ट्रीय परिषद सदस्य पीके पांडे ,महादेव राम, जिला सचिव विष्णु कुमार, प्रोफेसर डॉक्टर अनवर ,स्वयंवर पासवान, लखनलाल महतो ,सुजीत कुमार घोष, मनोज महतो ,गुलाम जिलानी, कृष्ण कुमार मेहता ,सोनिया देवी ,एहसान अंसारी कयूम खान, कयुम मलिक, मेवालाल प्रसाद, मनोज महतो, कृष्ण कुमार मेहता ,इंद्रमणि देवी ,कलम रसीदी ,शंभू कुमार, अजय कुमार सिंह निजाम अंसारी ,महालाल मांझी, मांझी, पोछाई प्रसाद, पूर्व मुखिया कमालुद्दीन, डॉ बीएन ओहदार सहित दर्जनों कामरेड उपस्थित थे।

### संगठन मजबूती को लेकर हुई भारतीय प्रजातांत्रिक मंच की बैठक



**हजारीबाग।** शिक्षा, स्वास्थ्य, समाजिक बुराई हेतु जागरूकता तथा राजनीतिक भागीदारी इन चार मुख्य उद्देश्यों पर निर्मित भारतीय प्रजातांत्रिक मंच की जिला ईकाई की एक महत्वपूर्ण बैठक पेलावल में हुई।बैठक में प्रस्ताव पारित कर संगठन को मजबूत बनाने का निर्णय लिया गया ।बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिला अध्यक्ष बाबर अंसारी ने मंच के सदस्यों से आगमी 18 फरवरी को कोडरमा जिला में होने वाली केन्द्रीय बैठक को सफल बनाने के लिए अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने की अपील की । कार्यक्रम का संचालन मंच के संरक्षक जहांगीर अंसारी तथा धन्यवाद ज्ञापन केन्द्रीय कार्यकारी अध्यक्ष निसार खान ने किया। मौके पर असगरी अंजूम, सहाना परवीन, परवेज अहमद, कमाल कुरैशी, माशूक अंसारी, मो. रब्बानी, महबूब आलम, सरदार खान, अशरफ तुफानी, खुदा बक्श, आशिक रजा, मो अफसर, गुलाम गौश, तसलीम अंसारी, मो अकबर, मो दानिश, आसिफ रजा, मो शहाबुद्दीन, फैज आलम, मो अफान, अब्दुल अजीज एवं मो शमशाद उपस्थित थें।

### सांसद ने मधुपुर-रांची इंटरसिटी एक्सप्रेस को दिखाई हरी झंडी



**बरही ।** रविवार से बरही रेलवे स्टेशन पर मधुपुर रांची इंटरसिटी एक्सप्रेस का ठहराव प्रारंभ हो गया. देर संध्या 6.55 बजे स्थानीय सांसद जयंत सिन्हा ने इंटरसिटी एक्सप्रेस को बरही स्टेशन से हरी झंडी दिखाकर गंतव्य के लिए विदा किया. गाड़ी 6.50 बजे बरही स्टेशन पहुंची. जहां स्थानीय सांसद सहित पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव, जिप उपाध्यक्ष किशुन यादव, अर्जुन साव, संजीव कटरियार, अंबिका सिंह, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर आदि सहित कई प्रबुद्धजनों ने स्वागत किया. मौके पर रेलवे के कई अधिकारी भी मौजूद थे. अब यह ट्रेन प्रतिदिन सुबह 6 बजे रांची से बरही पहुंचेगी और 6:02 मिनट पर मधुपुर के लिए प्रस्थान करेगी. जबकि संध्या 6:44 बजे मधुपुर से बरही पहुंचेगी और 6:46 पर रांची के लिए प्रस्थान करेगी. सांसद ने सभी को शुभकामनाएं देते हुए इसे बरही के लिए बड़ी उपलब्धि बताया. उन्होंने बताया कि इंटरसिटी के ठहराव से आस पास के लोगो को लाभ मिलेगा, साथ ही विष्टाडोम कोच का भी लुत्फ उठा पाएंगे.

### अतिक्रमण के खिलाफ ग्रामीणों की बैठक संपन्न, समिति का हुआ गठन



**बरकट्ठा।** प्रखंड के बरकट्ठा दक्षिणी पंचायत अंतर्गत ग्राम कोनहरा कला में अतिक्रमण एवं अन्य समस्यायों को लेकर ग्रामीणों की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता मुखिया अब्बास अंसारी और संचालन ईश्वर यादव ने किया। बैठक में गांव में हो रहे अतिक्रमण एवं जन समस्यायों पर चर्चा की गई। साथ ही गांव में कुरीतियों को समाप्त करने हेतु समिति का गठन किया गया। अध्यक्ष मुखिया अब्बास अंसारी, उपाध्यक्ष ईश्वर यादव, सचिव पूर्व मुखिया मुंशी पासवान, कोषाध्यक्ष अब्दुल हफीज को बनाया गया। साथ ही सोलह लोगों को कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया। मौके पर मुखिया अब्बास अंसारी ने कहा कि चयनित समिति के सभी सदस्य निष्पक्ष भावना से कार्य करें और गांव की समस्यायों को दुर करने का प्रयास करें। मौके पर ईश्वर यादव ने कहा कि आपसी भाईचारे को बढ़ावा देने के उद्देश्य से समिति का गठन किया गया। इसका सभी सदस्य निस्वार्थ भाव से निर्वहन करेंगे। बैठक में वार्ड सदस्य प्रतिनिधि जहीर अंसारी, वकील अंसारी,मनी यादव, अयुब अंसारी समेत दर्जनों की संख्या में लोग उपस्थित थे।

नमन इंटरनेशनल स्कूल रेम्बा के बच्चों ने किया राजभवन का शैक्षणिक भ्रमण

# शैक्षणिक भ्रमण से बच्चों का सर्वांगीण विकास होता है : निदेशक



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**
नमन इंटरनेशनल स्कूल रेम्बा के द्वारा निशुल्क 2 दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत विधालय के 18 मेधावी बच्चों को झारखंड के राजभवन का शैक्षणिक भ्रमण करवाया गया। इस दौरान बच्चों को रांची का मुख्य स्थल मोराबादी मैदान, नीलांबर पीतांबर पार्क एवं अन्य जगहों का भ्रमण कराया गया एवं इनकी महत्ता को बताया गया। 62 एकड़ में फैले राजभवन परिसर के शैक्षणिक भ्रमण में राजभवन का मुख्य भवन, अशोक गार्डन, बिरसा मंडप, फूलो झानू गार्डन, बापू गार्डन, मूर्ति गार्डन से रूबरू हुए। इस भ्रमण के दौरान बच्चों को राजभवन का गुलाब बाग का दीदार कराया गया जहां सैकड़ों प्रजाति के गुलाब फुल का दीदार किए। इस शैक्षणिक भ्रमण में विधालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक अशोक कुमार, विधालय के आर्डिनेटर संदीप कुमार, शिक्षक राजकुमार, अंकित कुमार के द्वारा बच्चों को इस भ्रमण के दौरान संपूर्ण जानकारी एवं टूर गाइडेंस दी गई। बच्चों ने इस भ्रमण से काफी प्रभावित हुए। इस शैक्षणिक भ्रमण में विधालय के कक्षा 1 से 5 तक के निम्नलिखित मेधावी बच्चे शिवम कुमार आदेश कुमार, आयुष कुमार, रघुवीर पंडा,मुन्ना कुमार, अक्षत कुमार, दीपांशु कुमार, श्रीकांत वर्मा, चाहत कुमार,देवांशु कुमार राणा, रूपेश कुमार, सोनू कुमार, सागर कुमार दास, नितेश कुमार, शिवम कुमार, साहिल अनवर,अजमल अंसारी एवं सक्षम कुमार गुप्ता को शामिल किया गया। नमन इंटरनेशनल स्कूल रेम्बा के निदेशक दीनदयाल प्रसाद ने बताया की ऐसे शैक्षणिक भ्रमण से बच्चों का सर्वांगीण विकास होता है। बच्चों के द्वारा राज्य का सर्वोच्च स्थान का भ्रमण करना यह वाकई गरिमामय है, ऐसे आयोजन विधालय द्वारा लगातार किया जाएगा ताकि बच्चों का सर्वांगीण विकास हो। इस आयोजन में विद्यालय के शिक्षको एवं कर्मियो के साथ-साथ विशेष कार्य पदाधिकारी बीरबल महतो एवं जितेंद्र कुमार की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# रंगारंग कार्यक्रम के बीच प्रारंभ हुआ श्रीदस महोत्सव



**नवीन मेल संवाददाता। बरही**
रंगारंग कार्यक्रम के बीच देवचंदा मोड़ स्थित श्रीदस इंटरनेशनल स्कूल का 11वाँ स्थापना दिवस सह श्रीदस महोत्सव प्रारंभ हुआ. जिसका शुभारंभ स्थानीय सांसद जयंत सिन्हा, पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव आदि अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया. विद्यालय प्रबंधन ने मोमेंटो देकर अतिथियों का स्वागत किया. कार्यक्रम का संचालन करते हुए विद्यालय के मुख्य सलाहकार रंजीत चंद्रवंशी ने उपस्थित लोगो को कार्यक्रम की पृष्ठभूमि सहित विद्यालय की उपलब्धियों से अवगत कराया. उद्घाटन सत्र में बोलते हुए विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक ने ग्रामीण क्षेत्र में बच्चो को गुणवतापूर्ण शिक्षा देने के लिए प्रबंधन को बधाई दी. साथ ही अभिभावकों से बच्चो को स्मार्ट बनाने के लिए स्मार्ट स्कूल चयन करने परंतु स्मार्ट फोन से दूर रखने की सलाह दी. मुख्य अतिथि सांसद सिन्हा ने भी प्रबंधन को स्थापना दिवस की शुभकामनाएं देते हुए बधाई दी. उन्होंने कहा कि श्रीदस इंटरनेशनल स्कूल का विकास निरंतर अग्रसर है. बच्चो को शिक्षा का बेहतर माहौल देने का काम किया है.

## इंसान अपनी किस्मत को दोष देता है और यह नहीं सोचता की यह बीज हमने ही बोया है : अज्ञात

# एक देश एक कानून यूसीसी पर सवाल

यूसीसी पर चल रही बहस और विरोध के बीच कुछ तथ्य प्रासंगिक हैं संविधान सभा में केएम मुंशी और अन्य ने यूसीसी को मूल अधिकार वाले अध्याय में शामिल करने की मांग की थी जो मन ली जाती तो तो यह कानून सभी के लिए बाध्यकारी हो जाता। मूल अधिकार वाले अध्याय-3 में रावण को पराजित करने के बाद लौट रहे राम-लक्ष्मण और सीता के साथ अधर्म पर धर्म की जीत का चित्र है। पर नजीरुद्दीन अहमद और कुछ सदस्यों के विरोध के कारण इसे मार्गदर्शक सिद्धांत वाले अध्याय-4 में डाला गया। जहां कुरुक्षेत्र में श्रीकृष्ण गीता के उपदेश से अर्जुन के मोह को हरने की कोशिश करके कर्म के लिए प्रेरित कर रहे हैं।संविधान में स्त्री और पुरुष, दोनों को बराबरी से चुनावों में वोट डालने का अधिकार है। सभी धर्मों के स्त्री और पुरुषों के लिए आपराधिक कानून भी समान हैं। लेकिन शादी, तलाक, बच्चे और संपत्ति से जुड़े सिविल मामलों में धर्म के आधार पर महिलाओं के लिए वर्गीकरण है। डॉ. राजेंद्र प्रसाद ने वर्ष 1956 में हिंदू कोड बिल के साथ मुस्लिम समुदाय के लिए भी कानून बनाने की बात कही थी । वर्ष 1985 में शाहबानो मामले के बाद भी इस बारे में ठोस कदम उठा कर स्थायी समाधान लिया जा सकता था पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले को पलटकर पलायनवादी नीति अपनाई गई । इंडोनेशिया, बहरीन, तुर्किये और लेबनान जैसे मुस्लिम देशों की तरह आधुनिक कानून लागू कर इसे सुलझाया जा सकता था । उत्तराखंड इसे लागू कर देश के लिए रास्ता दिखा रहा है पर सियासी बवाल और धार्मिक विरोधाभास के साथ कई कानूनी चुनौतियां भी हैं। जैसे लिव-इन के दौर में बहु-विवाह पर प्रभावी रोक कैसे लगेगी ? प्रस्तावित कानून में लिव-इन में रहने की स्वघोषणा के साथ अभिभावकों को सूचना देने का प्रावधान है। सुप्रीम कोर्ट के फैसले और कानून के बावजूद सभी शादियों के रजिस्ट्रेशन के नियमों का पालन नहीं हो रहा, तो फिर लिव-इन के दौर में शादी और तलाक के मामलों का निर्धारण कैसे होगा? दूसरा, देश के कानून के अनुसार, शादी के लिए न्यूनतम उम्र लड़कियों के लिए 18 साल और लड़कों के लिए 21 साल है। लड़कियों की शादी की उम्र 18 से 21 साल करने पर संसद में कई साल से सिर्फ मंथन हो रहा है। उत्तराखंड में पूर्व जज की कमेटी ने भी माना है कि बाल-विवाह के पीछे अशिक्षा और गरीबी बड़ी वजह है। हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट के अनुसार, नाबालिग बच्चों के सहमति से बने संबंधों को अपराध के दायरे से बाहर रखा जाना चाहिए। इसलिए लड़कियों की उम्र को बढ़ाने के बजाय लड़कों की शादी की न्यूनतम उम्र को भी 18 साल करने पर विचार होना चाहिए। इससे लैंगिक समानता के साथ कानून-पालन का भाव बढ़ेगा। तीसरा, कुछ लोग यूसीसी को जनसंख्या विस्फोट से निपटने का कारगर उपाय मानते हैं। भारत में कई दशकों से जनसंख्या नियंत्रण पर सिर्फ कानून बनाने की बात हो रही है, जबकि जमीनी हकीकत यह है कि अगले 10 वर्षों में कामकाजी आबादी कम होने के साथ बूढ़ों की तादाद भी बढ़ जाएगी। यूसीसी के तहत लिव-इन से पैदा होने वाले नाजायज बच्चों को भी कानूनी अधिकार मिलेंगे। सरोगेसी के तहत भी लोग बच्चे पैदा करते हैं। इन नई चुनौतियों के बीच दो बच्चों की नीति पर प्रभावी अमल कैसे होगा?

> **मूल अधिकार वाले अध्याय-3 में रावण को पराजित करने के बाद लौट रहे राम-लक्ष्मण और सीता के साथ अधर्म पर धर्म की जीत का चित्र है। पर नजीरुद्दीन अहमद और कुछ सदस्यों के विरोध के कारण इसे मार्गदर्शक सिद्धांत वाले अध्याय-4 में डाला गया। जहां कुरुक्षेत्र में श्रीकृष्ण गीता के उपदेश से अर्जुन के मोह को हरने की कोशिश करके कर्म के लिए प्रेरित कर रहे हैं।संविधान में स्त्री और पुरुष, दोनों को बराबरी से चुनावों में वोट डालने का अधिकार है। सभी धर्मों के स्त्री और पुरुषों के लिए आपराधिक कानून भी समान हैं।**

इन दिनों

# परीक्षा के समय सहायक तौर-तरीके व अकादमिक अपेक्षाएं

***बड़ी*** संख्या में बच्चे जो अपनी परीक्षाओं, विशेषकर बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी करते हैं, वे सभी अपने अकादमिक प्रदर्शन को लेकर चिंता और तनाव का अनुभव करते हैं। इसके कारण विभिन्न प्रकार की मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य समस्याएं पैदा हो जाती हैं। बच्चे अक्सर माता-पिता और परिवार, शिक्षकों व स्कूल प्रणाली, सहपाठियों, मीडिया और बड़े पैमाने पर समुदाय की अपेक्षाओं पर खरा उतरने का दबाव महसूस करते हैं। इसलिए, बच्चों को परीक्षा की चुनौतियों से उबरने में मदद करने के लिए सहायक तौर-तरीकों और अकादमिक अपेक्षाओं के बीच संतुलन बनाना महत्वपूर्ण है। तनाव और चिंता का आकलन करने के लिए किये गये शोध अध्ययनों से पता चला है कि छात्र सिरदर्द, हृदय गति में वृद्धि, उच्च रक्तचाप, पेट दर्द, मांसपेशियों में ऐंठन, पीठ दर्द, लगातार थकान, कब्ज, दस्त और नींद की गड़बड़ी सहित शारीरिक परेशानियों की शिकायत करते हैं। बोर्ड के छात्र तनाव और चिंता के प्रति संवेदनशील होते हैं क्योंकि वे शारीरिक व भावनात्मक परिवर्तन के महत्वपूर्ण दौर में होते हैं। इन अध्ययनों में उल्लेख किया गया है कि उत्तरोत्तर तनाव सीधे तौर पर मानसिक स्थिति से जुड़ा है और स्मरणशक्ति में भी कमी लाता है। ये गड़बड़ियां वर्षों तक बनी रह सकती हैं, जिनके कारण स्कूल तथा आगे चलकर कार्यस्थल में काम करते वक्त क्षमता पर दुष्प्रभाव पड़ सकता है।

शिक्षक व अभिभावक के लिए शांत होने और **योजना बनाने की घड़ी :** जब हम 'परीक्षा तनाव' पर नजर डालते हैं, तो हमें पता चलता है कि एक बच्चे के जीवन में दो सबसे महत्वपूर्ण लोग उनके माता-पिता और शिक्षक हैं। मुक्त संचार, भावनात्मक समर्थन प्रदान करना, सकारात्मक मानसिकता को बढ़ावा देना, बच्चे की भावनाओं को मान्य करना, ट्रिगर की पहचान करना, विश्राम तकनीक सिखाना, शारीरिक गतिविधि और स्वस्थ आदतों को प्रोत्साहित करना, आश्वासन और पुनः आश्वासन प्रदान करना, तनाव प्रबंधन सिखाना तथा अभिव्यक्ति को प्रोत्साहित करना, इसके कुछ कारगर उपाय हैं। अनिश्चितता को दूर करके और स्पष्ट अपेक्षाएं व अध्ययन सामग्री प्रदान करके, शिक्षक छात्रों को अधिक तत्पर तथा आत्मविश्वास महसूस करने में मदद कर सकते हैं। शिक्षक छात्रों को सूझ-बूझ और विश्राम तकनीकों का निर्देश देकर तनाव कम करने की रणनीतियों को पाठ्यक्रम में शामिल कर सकते हैं, ताकि वे कठिन दिनों में उनका अभ्यास कर सकें। परीक्षा की चुनौतियों और तनाव पर काबू पाने में सहायता के लिए देखभाल एवं सहायक घरेलू माहौल भी उतना ही महत्वपूर्ण है। इसमें छात्र की भलाई और शैक्षणिक अपेक्षा के बीच एक बेहतर संतुलन बनाये रखते हुए सहायता, प्रेरणा और समझ प्रदान करना शामिल है। सचेत पालन-पोषण में आपके बच्चे का समर्थन करना, समझना और परीक्षा के दबावों व चुनौतियों से निपटने के दौरान उसके साथ रहना शामिल है। 'अपने बच्चे को यह समझाएं कि परीक्षा में उनका प्रदर्शन चाहे जैसा भी हो, आप हमेशा उनके साथ हैं'' यह बहुत महत्वपूर्ण बात है। अपने बच्चों को उनकी भावनाओं को व्यक्त करने और उनकी आलोचना किये बिना परीक्षा पर चर्चा करने की अनुमति दें। उन पर उत्कृष्टता की अत्यधिक मांग का बोझ नहीं डाला जाना चाहिए। उन्हें एक अध्ययन कार्यक्रम बनाने में मदद करें, जिसमें ब्रेक और डाउनटाइम शामिल हो। माता-पिता के रूप में उनका सहयोग करें, जैसे शांत परिवेश वाला अध्ययन स्थान, स्वस्थ नाश्ता और आवश्यक अध्ययन सामग्री। बच्चों को अपनी देखभाल करना और उन्हें विश्राम कौशल सिखाना जरूरी है, जैसे गहरी सांस लेने के व्यायाम, छोटी सैर और शांत संगीत। इसके अलावा यह भी जरूरी है कि माता-पिता अपने बच्चे की पढ़ाई के लिए कोई नियम-कानून न लागू करें। उन्हें एक निश्चित मात्रा में स्वतंत्रता और जिम्मेदारी के साथ अपने स्वयं के शेड्यूल और जिम्मेदारियों को संभालने की अनुमति दें। केवल अंतिम परिणामों पर ध्यान केंद्रित करने के बजाय परीक्षा देने की प्रक्रिया में छोटी सफलताओं और महत्वपूर्ण पड़ावों का स्वागत करें।

**'सिर्फ नतीजों का नहीं, प्रयासों का भी उत्सव मनाएं'**

ऐसे दृष्टिकोण को प्रोत्साहित करें जो सीखने और विकास को केवल उच्च ग्रेड प्राप्त करने से आगे रखता हो। जब भी बच्चे को कठिनाइयां हों, तो उन्हें उनकी पिछली सफलताओं और उपलब्धियों की याद दिलाएं तथा सकारात्मक दृष्टिकोण बनाये रखें। माता-पिता को अपने बच्चे की क्षमताओं पर विश्वास करना चाहिए।

**परीक्षा तनाव को कम करने में अन्य हितधारकों की भूमिका**

परीक्षा के दौरान बच्चों द्वारा अनुभव किये जाने वाले तनाव को दूर करने के लिए कई हितधारकों के बीच सहयोग आवश्यक है, जिनमें से प्रत्येक छात्रों की भलाई के समर्थन में एक अनूठी भूमिका होती है। छात्रों की सामान्य भलाई को बढ़ावा देने वाली प्रक्रियाएं और नीतियां विकसित करना स्कूल प्रशासकों की जिम्मेदारी है। यह सुनिश्चित करने के अलावा कि शैक्षणिक मानक उचित हैं, वे तनाव कम करने की रणनीतियों को क्रियान्वित कर सकते हैं और सकारात्मक स्कूल माहौल को बढ़ावा दे सकते हैं। न केवल स्कूल प्रणाली, मीडिया स्वस्थ सीखने की आदतों को बढ़ावा देने, शैक्षिक संसाधनों की पेशकश करने और अकादमिक सफलता के सकारात्मक व संतुलित चित्रण को प्रोत्साहित करने वाली पहल का समर्थन करके मदद कर सकता है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति (2020) और छात्रों का मानसिक स्वास्थ्य राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी, 2020) ने विभिन्न हितधारकों के लिए विभिन्न सिफारिशों के माध्यम से छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य की समस्या का समाधान सुझाया है। छात्रों की मानसिक स्वास्थ्य आवश्यकताओं का समाधान करने के लिए, राष्ट्रीय शिक्षा नीति स्कूलों के भीतर परामर्श सेवाएं और सहायता नेटवर्क प्रदान करने का सुझाव देती है। यह कक्षा में मनोवैज्ञानिक और भावनात्मक समर्थन की अहमियत को मानती है। इन भावनाओं की गंभीरता को देखते हुए, सहायता प्राप्त करने के लिए शीघ्रता से कार्य करना महत्वपूर्ण है। ऐसे में हमें ये बात समझनी होगी कि 'सहायता मांगना शक्ति का द्योतक है' और तनाव तथा मानसिक स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से निपटने के विभिन्न तरीके मौजूद हैं। कई देशों में सहायता और दिशा-निर्देश प्रदान करने के लिए हेल्पलाइन, संकट समाधान सेवाएं और मानसिक स्वास्थ्य विशेषज्ञ आसानी से उपलब्ध हैं। हालांकि, तनाव सतर्कता और सतर्क व्यवहार को प्रोत्साहित करता है, लेकिन तनाव की एक निश्चित मात्रा वास्तव में सहायक और फायदेमंद मानी जाती है। परिणामस्वरूप बच्चों को उचित तैयारी करने में सहायता मिलती है, लेकिन जब यह नियंत्रण से बाहर हो जाता है, तो इसके भयानक परिणाम हो सकते हैं। कई बच्चे खुद यह पता लगाते हैं कि परीक्षाओं के तनाव को कैसे संभालना है- एक शेड्यूल बनाना, दोस्तों से बात करना, अधिक अध्ययन करना, टीवी देखना, पाठ्येतर गतिविधियों में भाग लेना, माता-पिता या अन्य वयस्कों से बात करना, वर्कआउट करना आदि- कुछ बच्चों को इसकी आवश्यकता होती है। उन्हें दूसरों की तुलना में अधिक सहायता और मार्गदर्शन की जरूरत पड़ती है। लेकिन, यदि आवश्यक हो, तो हमेशा मानसिक स्वास्थ्य पेशेवर, परामर्शदाता या किसी परिचित व भरोसेमंद व्यक्ति से मदद लेने का सुझाव दिया जाता है। 'आत्मविश्वास मायने रखता है: हर बच्चे में एक अनोखी क्षमता होती है' यह ध्यान रखना हमेशा महत्वपूर्ण है कि प्रत्येक बच्चा अलग है और कुछ रणनीतियां काम कर भी सकती हैं और नहीं भी। इसलिए, बच्चे की विशिष्ट आवश्यकताओं और उसके स्वभाव को देखते हुए पढाई के तौर-तरीकों में परिवर्तन करना भी जरूरी हो जाता है।

**- प्रो. सरोज शर्मा अध्यक्ष, एनआईओएस और डॉ. सुनीता जे. कथूरिया सलाहकार (अनुसंधान एवं मूल्यांकन), एनआईओएस**

> **बच्चे अक्सर माता-पिता और परिवार, शिक्षकों व स्कूल प्रणाली, सहपाठियों, मीडिया और बड़े पैमाने पर समुदाय की अपेक्षाओं पर खरा उतरने का दबाव महसूस करते हैं। इसलिए, बच्चों को परीक्षा की चुनौतियों से उबरने में मदद करने के लिए सहायक तौर-तरीकों और अकादमिक अपेक्षाओं के बीच संतुलन बनाना महत्वपूर्ण है।**

## आपकी बात

### लेखकों को मिलेगी ऊर्जा



देवेश कु घोष

आज के डिजिटल युग में हाशिये पर चले गये लेखकों को ललित गर्ग जी के लेख ने ऑक्सीजन देने का काम किया है। ' पुस्तकें पुनः अपने सम्मानजनक स्थान पर प्रतिष्ठित होंगी ' जैसी घोषणा ऊर्जा प्रदान करती हैं । जब लड़ाई वैचारिक हो तो पुस्तकें हथियार का काम करती हैं, पुस्तकें दिमाग को चुस्त दुरुस्त रखती है, हाथ से स्पर्श न करो तो अपनत्व का एहसास नहीं देता आदि भावुक कर देने वाली पंक्तियाँ हैं। लेख में पुस्तक मेला को 'पुस्तकों का वसंतोत्सव' लिखना पढ़ कर बहुत अच्छा लगा। अब तो आलमारी में सजी पुस्तकें हमें हसरत भरी निगाहों से देखती हैं। साक्षरों का स्पर्श पाने को लालायित रहती हैं। वाह ललित जी !आपके सुझाव के अनुसार चुनावी माहौल में वोट मांगने आये उम्मीदवारों से गुड लाइब्रेरी खुलवाने का आग्रह तो क्रांति ला देगा। विश्वसनीय लोगों द्वारा यदि मोहल्ला स्तर पर भी पुराने पुस्तकों का संग्रह कर पुस्तक बैंक बनाया जाये तो पाठक वर्ग के बहुत सारे उद्देश्य पूरे हो सकते हैं। यदि लंबी दूरी की रेल गाड़ियों में भी पुस्तक विक्रय और पढ़ने के लिए व्यावहारिक शर्त पर पुस्तकें उपलब्ध हों तो मजा आ जाय। अस्पताल और रेल्वे स्टेशनों पर पुस्तकालय की चर्चा तो गर्ग जी ने की ही है। पुस्तकों से संपर्क बढ़ा कर अपनत्व, आशीर्वाद, पाया जा सके तो जीवन सुवासित होगा। **(अवकाशप्राप्त प्राचार्य, डी ए वी कॉलेज मैनेजिंग कमिटी, नई दिल्ली)**

### मनुहार

साजन मत जई हो सौतन घर अब की
मंजरी देख भँवरा बौराई
अली के द्वारे अलि खुद आई
फागुन का रंग गहराया ।
बिरह की सोच से मन घबड़ाये
बिन मौसम बरखा बौराई
बयार बहे हिलोर उठे रे
मनवाँ करे पुकार रे।
प्रेम मगन भई
बाट जोहत हैं
हर आहट पर टीस उठे है
करजेवा में लागे तीर हो।
चकवा खोजे चकाई
रतियाँ में लागे चाँद उदास रे
हवा के झोंका संग मन बोले
साजन मत जई हो सौतन घर अबकी।

**- नाग मणि**

धर्म

# महावीर नये भारत के अभ्युदय की जीवंत प्रेरणा हैं



ललित गर्ग

***राष्ट्रीय*** स्वयंसेवक संघ ने भगवान महावीर के 2550वें मोक्ष कल्याणक दिवस को मनाने की सार्थक पहल करके एक अनूठा उदाहरण प्रस्तुत किया है। दिनांक 12 फरवरी 2024 को विज्ञान भवन में आयोजित इस राष्ट्रीय समारोह में संघ के सर संघचालक मोहन भागवत एवं चारों जैन संप्रदाय के आचार्य और मनी गण भाग लेंगे। महावीर का मोक्ष कल्याणक महोत्सव का महत्व सिर्फ जैनियों के लिए ही नहीं, बल्कि सम्पूर्ण मानव समाज के लिये है। महावीर की शिक्षाओं की उपादेयता सार्वकालिक, सार्वभौमिक एवं सार्वदेशिक है, दुनिया के तमाम लोगों ले इनके जीवन एवं विचारों से प्रेरणा ली है। सत्य, अहिंसा, अनेकांत, अपरिग्रह ऐसे सिद्धान्त हैं, जो हमेशा स्वीकार्य रहेंगे और विश्व मानवता को प्रेरणा देते रहेंगे। महावीर का संपूर्ण जीवन मानवता के अभ्युदय की जीवंत प्रेरणा है। लाखों-लाखों लोगों को उन्होंने अपने आलोक से आलोकित किया है। इसलिए नए भारत में महावीर बनना जीवन की सार्थकता का प्रतीक है। भगवान महावीर की शिक्षाओं का हमारे जीवन और विशेषकर व्यावहारिक जीवन में किस प्रकार समावेश हो और कैसे हम अपने जीवन को उनकी शिक्षाओं के अनुरूप ढाल सकें, यह अधिक आवश्यक है लेकिन इस विषय पर प्रायः सन्नाटा देखने को मिलता है। विशेषतः जैन समाज के लोग एवं अनुयायी ही महावीर को भूलते जा रहे हैं, उनकी शिष्याओं को ताक पर रख रहे हैं। दुःख तो इस बात का है कि जैन समाज के सर्वे-सर्वा लोग ही सबसे ज्यादा महावीर को सबसे अधिक अप्रासंगिक बना रहे हैं, महावीर ने जिन-जिन बुराइयां पर प्रहार किया, वे उन्हें ही अधिक अपना रहे हैं। उस महान क्रांतिकारी वीर महापुरुष का मोक्ष कल्याणक महात्सव आयोजनात्मक ही नहीं प्रयोजनात्मक नहीं हो , इस दृष्टि से संघ का यह आयोजन संपूर्ण देशवासियों को एक नया संदेश देगा। हम महावीर को केवल पूजते हैं, जीवन में धारण नहीं कर पाते हैं। हम केवल कर्मकाण्ड और पूजा विधि में ही लगे रहते हैं और जो मूलभूत सारगर्भित शिक्षाएं हैं, उन्हें जीवन में नहीं उतार पाते।

> **भगवान महावीर की शिक्षाओं का हमारे जीवन और विशेषकर व्यावहारिक जीवन में किस प्रकार समावेश हो और कैसे हम अपने जीवन को उनकी शिक्षाओं के अनुरूप ढाल सकें।**



बोधि वृक्ष

## एलोरा का भव्य कैलाश मंदिर

**महाभारत पट्टिका :** रावण द्वारा कैलाश पर्वत को हिलाते हुए दर्शाती एक पट्टिका

**मंदिर का नाम :** ऐसा कहा गया है कि कैलाश मंदिर पर मूल रूप से सफेद रंग के प्लास्टर की एक मोटी परत थी जिससे ये पवित्र कैलाश पर्वत के समान दिखता था, इसलिए इसका यह नाम पड़ा। विद्वानों का दावा है कि पूरे मंदिर पर पुताई और प्लास्टर किया गया था। यही वजह है कि इसे रंग महल के रूप में भी जाना जाता था। पुराने भित्तिचित्रों के कुछ अंश अभी भी ऊपरी मंदिर के बरामदे की छत पर देखे जा सकते हैं। हालाँकि, यह अभी भी स्पष्ट नहीं है कि सतह का कितना हिस्सा सफेद रंग में रंगा गया था। एक अन्य दृष्टिकोण यह है कि कैलाश मंदिर शिव जी के निवास स्थान, कैलाश पर्वत का केवल एक रूपक भर है। यह भी कहा जाता है कि शायद मुख्य मंदिर के दक्षिणी हिस्से में रावण अनुग्रह मूर्ति की शानदार त्रि-आयामी प्रतिमा के कारण मंदिर को 'कैलाश' नाम दिया गया था। मूर्ति में रावण को कई हाथों के साथ, कैलाश पर्वत को हिलाते हुए दर्शाया गया है, जहाँ शिव जी भी विराजमान हैं। शिव जी अपने पैर के केवल एक अँगूठे से ही रावण के अहंकार को रौंदते हुए दर्शाये गये हैं।

**मंदिर के पीछे-कैलाश और ब्रह्मांड विज्ञान**

अपने शानदार स्थापत्य तत्वों के अतिरिक्त, मंदिर परिसर में ब्रह्मांड-संबंधी कुछ अन्य पहलू भी हैं। कुछ विद्वानों के हिसाब से मंदिर परिसर के स्थापत्य डिजाइनों को सांसारिक से आध्यात्मिक, सांसारिक से आकाशीय और पदार्थ से मन की यात्रा के रूप में देखा जा सकता है। गोपुरम, या प्रवेश द्वार, प्रवेश का मुख्य बिंदु है और भू लोक से स्वर्ग लोक तक के मार्ग का प्रतीक है। **(क्रमशः)**

## फेसबुक वॉल से

Prakash Sahay is with Vinay Bharat and 9 others.
5 h

जाड़ों की नर्म धूप
और लॉन में लेट कर
आँखों पे खींच कर
तेरे दामन के साये को
औंधे पड़े रहें
कभी करवट लिए हुए
दिल ढूंढता है फिर वही
फुर्सत के रात दिन



## X - से

Praveen Kumar
@RigidDemocracy

मोदी विरोध की पराकाष्ठा देखिए, ये रवीश कुमार इतना अंधा हो गया है कि इसको ये भी ज्ञान नहीं रहा कि सुप्रीम कोर्ट का ऑर्डर है कि किसी भी अखबार के विज्ञापन पर सिर्फ प्रधानमंत्री का ही तस्वीर रह सकता है, ना की किसी मंत्री का।

मोदी विरोध में इसका मानसिक संतुलन बिगड़ गया है जो की अब लाइलाज है।

twitter.com/ravishndtv/sta...

Translate post

1:11 PM · 10/02/24 From Earth · 3.1K Views

10 Reposts 43 Likes

salil dhawan @salildhawan6 · 1h
Ye kab hua
2 153

Show additional replies, including those that may contain offensive Show

अपने पत्र हमें इमेल कर सकते हैं-article.rnmail@gmail.com

# लोकसभा में 100 प्रतिशत उत्पादकता हासिल करने की उम्मीद



किशन भावनानी

***वैश्विक*** स्तर पर दुनियां के सबसे बड़े लोकतंत्र भारत में 10 फरवरी 2024 का दिन लोकतंत्र के इतिहास में एक महत्वपूर्ण दिन गिना जायेगा क्योंकि आज 17 वीं लोकसभा का अंतिम दिवस था इसके बाद लोकसभा का अनिश्चितकाल के लिए स्थगन कर दिया गया वैसे तो यह रीति हर सत्र के बाद हमेशा की जाती है, परंतु आज पूरी 17वीं लोकसभा के अध्याय को हमेशा के लिए स्थगित कर दिया गया था,क्योंकि अब 18वीं लोकसभा के साथ ही सदन का सत्र शुरू होगा, जिसमें कुछ महत्वपूर्ण व्यक्तित्व और चेहरों को दोहराने की निश्चितता की परंपरा कायम रहेगी परंतु संभावना है कि 18वीं लोकसभा में अनेको नये चेहरे दिखाई देंगे, पुराने चेहरों को आराम या अन्य कार्यभार सौंपा जा सकता है। मेरा स्पष्ट मानना है के 18वीं लोकसभा का रूप कुछ अलग ही देखने को मिल सकता है क्योंकि इस लोकसभा में सत्ता पक्ष के नारे अबकी बार हैट्रिक सहित 400 पार का नारा हकीकत में तब्दील हो सकता है तथा उसे पक्ष की वापसी 50 प्रतिशत से अधिक वोटिंग शेयर प्रतिशत से हो सकती है, मेरे अनुभव के आधार पर आंकलन है सटीकता नहीं और 18 वीं लोकसभा में हंड्रेड परसेंट उत्पादकता सहित विकसित भारत परिकल्पना को अधिकतम कामयाब बनाने की व्यवस्था की जायेगी। परंतु बीती 17 वीं लोकसभा में हुई कार्य उत्पादकता 97 प्रतिशत और अनेक महत्वपूर्ण विधेयकों को कानून में बदलने को लिए पीढ़ियों तक याद किया जायेगा, क्योंकि इस 17 वीं लोकसभा में विकास की परिभाषा ही बदल दी थी अनुच्छेद 370, 35 ए, राम मंदिर, तीन तलाक, नारी शक्ति वंदन अधिनियम साहित ऐसे अनेकों कानून दिये जिसकी परिकल्पना दशकों से की जा रही थी दूसरी ओर भारतीय न्याय संहिता सहित कुल 222 कानून बनाये गये। 97 प्रतिशत उत्पादकता रही जो पिछले पांच लोकसभा से सर्वाधिक है, 729 गैर सरकारी विधेयक सदन में प्रस्तुत किये गये, 274 बैठकें हुई, इसमें 1354 घंटे चली 345 घंटे नये समय से अधिक काम किया गया, सदन ने 387 घंटे व्यवधान की वजह से बर्बाद हुए।

> **मेरा स्पष्ट मानना है के 18वीं लोकसभा का रूप कुछ अलग ही देखने को मिल सकता है क्योंकि इस लोकसभा में सत्ता पक्ष के नारे अबकी बार हैट्रिक सहित 400 पार का नारा हकीकत में तब्दील हो सकता है।**

टेक वर्ल्ड

## भूलकर भी न करें यह गलतियां

इस संदर्भ में कई सारे बड़े ब्रांड का कहना है कि स्मार्टफोन में ब्लास्ट होने की जो भी घटनाएं सामने आई हैं, उनमें यूजर्स की ही गलती रही है क्योंकि उन्होंने गलत तरीके से स्मार्टफोन का इस्तेमाल किया है।



**डैमेज फोन का उपयोग ना करें :** कई बार ऐसा होता है कि हमारा स्मार्टफोन गिर जाता है और कहीं से डैमेज हो जाता है और हम लापरवाही बस टूटे हुए फोन का इस्तेमाल करते रहते हैं। ऐसे में फोन के अंदर पानी घुसने या पसीना जाने की संभावना बनी रहती है। ऐसे फोन को इस्तेमाल करना दुर्घटना भरा हो सकता है और आपका फोन टूट गया है तो आप तुरंत ही सर्विस सेंटर पर जाकर अपने फोन को चेक करवाएं।

**कभी भी डुप्लीकेट चार्जर का प्रयोग ना करें**

आपके स्मार्टफोन के साथ जो चार्ज मिलता है उसे आपके फोन के हिसाब से बनाया गया होता है, और उसमें उसका एडेप्टर कुछ इस तरीके से डिजाइन होता है कि आपके फोन को जितने पावर की आवश्यकता होती है उतना ही उसे सप्लाई हो। ऐसे में अगर आप नकली या डुप्लीकेट चार्जर का प्रयोग करते हैं तो आपके फोन के साथ दुर्घटना होने की संभावना बनी रहती है।

**फोन गर्म होने पर प्रयोग ना करें :** कई बार बाहर रहने पर गर्मी के कारण आपका फोन असामान्य तरीके से गर्म हो जाता है या फिर बहुत देर तक चार्जिंग में लगाये रहने से आपका फोन गर्म हो जाता है, ऐसे में फोन का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए और फोन को ऐसी जगह पर रख देना चाहिए कि वह सामान्य अवस्था में आ सके। **(क्रमशः)**

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-3553943, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

## एक नजर

### जिपस ने मुख्यमंत्री को सौंपा 11 सूत्री मांग पत्र



**गढ़वा।** भवनाथपुर जिला परिषद सदस्य रंजनी कुमारी उर्फ रंजनी शर्मा ने मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन जी के गढ़वा आगमन पर उन्हें 11 सूत्री मांग पत्र सौंपा। उन्होंने मुख्यमंत्री से सभी मांगों पर सहानुभुतिपूर्वक विचार करते हुए नियमानुकुल कार्रवाई करने की मांग की है। सौंपे गये मांग पत्र में राज्य के पत्रकारों के हित में पत्रकार सुरक्षा बीमा एवं स्वास्थ्य बीमा कराने, सभी विभाग में कार्यरत आउटसोर्सिंग कर्मियों व मानदेय पर कार्यरत दैनिक मजदूरों की सेवा नियमितीकरण करने, समान काम के बदले समान वेतन देने, जिला परिषद सदस्यों को निर्वाचित क्षेत्र, प्रखंड या जिला मुख्यालय में कार्यालय उपलब्ध कराने, बड़े पैमाने पर बढ़ रहे भूमि विवाद के समाधान के लिए सभी हाल सर्वे, बिहार सरकार की तर्ज पर हाल सर्वे को निरस्त करते हुए पुनः नया एवं त्रुटिहीन सर्वे करवा कर भूमि विवाद का निष्पादन करना आदि शामिल है। साथ ही झारखंड में केश कला बोर्ड का गठन कर नाई जाति के लिए पद सुरक्षित करने, भवनाथपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सभी रिक्त पदों पर चिकित्सा एवं स्वास्थ्य कर्मी की पदस्थापना कराने, भवनाथपुर के ग्राम बंसानी झगराखांड़ में नए डिग्री महाविद्यालय की स्थापना कराने, झगराखांड़ में मेडिकल कॉलेज की स्थापना कराने, ग्राम बंसानी के कछरवा में कृषि विज्ञान केंद्र सह कृषि महाविद्यालय की स्थापना कराने का आग्रह किया है।

ठाकुर अनुकूल के अनुयायियों ने किया सत्संग का आयोजन

## सभी जीवों से प्रेम है विश्वनाथ की पूजा

**नवीन मेल संवाददाता**

**श्री बंशीधर नगर।** श्रीश्री ठाकुर अनुकूलचन्द्र जी के अनुयायियों द्वारा जंगीपुर ग्राम स्थित सत्संग उपासना केंद्र उर्जितपा के प्रांगण में साप्ताहिक सत्संग का आयोजन किया गया। सत्संग का शुभारंभ बन्दे पुरुषोत्तम ध्वनि व शंख ध्वनि के साथ दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इसके बाद सामूहिक प्रार्थना, नाम जप, सत्यानु शरण पाठ,नारी नीति ग्रंथ का पाठ किया गया। सत्संग में रामा देवी,चंचला गुप्ता,धृतिसुन्दर लाल ने भक्ति मूलक भजन प्रस्तुत किया। इष्टचर्चा करते हुये ऋत्विक विजय नंदन सिन्हा ने कहा कि सात्वति पत्रिका का पाठ सभी सत्संगी को करना चाहिये। इस पत्रिका में श्रीश्री ठाकुरजी की जीवनी और उनके द्वारा अनेक लोगों से किये गये बातचीत के अंश का वर्णन है। ऋत्विक



धृतिसुन्दर लाल ने कहा कि कर्म की प्रधानता ही मनुष्य को प्रगति के पथ पर ले जाती है। कर्म विहीन मनुष्य आगे नही बढ़ सकता है। सत्संगी शक्तिदास सिन्हा ने कहा कि इष्ट के बताये मार्ग पर चलकर जीवन को सार्थक करना चाहिये। उन्होंने कहा कि प्रत्येक नारी ही मां का विभिन्न रूप होती है। नारी जगत जननी होती है। उन्होंने कहा कि विश्वनाथ का पूजा करने का अर्थ है विश्व के सभी जीवों से प्रेम करना। याजक राजकुमार दा ने कहा कि श्रीश्री ठाकुर जी युग पुरुषोत्तम का दीक्षा ग्रहण करना ही मानव का श्रेष्ठ कर्तव्य है। सत्संग में गोविन्द दा,अजय दा,संजय दा, श्रीकांत लाल, पीयूष, सत्यम, शिवम, धृतिदीप्त, प्रभा देवी, दीपमाला, सतवंती देवी, रीना जायसवाल, अनिता सिन्हा, सृष्टि,तनु, प्रिया सहित कई अनुयायी उपस्थित थे।

विधायक ने किया सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास

## दूरस्थ अंचल में पहुंचाई विकास की किरण





**नवीन मेल संवाददाता**

**कांडी।** क्षेत्रीय विधायक रामचन्द्र चंद्रवंशी व मुखिया अनिता देवी ने रविवार को खुटहेरिया पंचायत में

**जल्द ही पखनाहा के पाल व यादव टोला में बिजली बहाल कराकर हाई स्कूल खरसोता की चहारदीवारी का निर्माण कराया जायेगा : श्री चंद्रवंशी**

मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना से दो किलोमीटर लम्बी व 1.96 करोड़ की लागत से बनने वाली सड़क का शिलान्यास किया। इसके तहत मुख्य सड़क पखनाहा मोड़ से कुसुम नदी होते प्रावि पखनाहा तक सड़क का निर्माण किया जायेगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता व मंच संचालन राणाडीह पंचायत मुखिया ललित बैठा ने किया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए विधायक श्री चंद्रवंशी ने कहा कि पहले यह क्षेत्र विकास से कोसों दूर था। अथक परिश्रम कर उन्होंने दूरस्थ अंचल में विकास की किरण पहुंचाई है। उन्होंने कहा कि जल्द ही पखनाहा के पाल व यादव टोला में बिजली बहाल कराकर हाई स्कूल खरसोता की चहारदीवारी का निर्माण कराया जायेगा। इससे पूर्व मुखिया अनिता देवी ने अंग वस्त्र व माल्यार्पण कर विधायक का स्वागत किया। मझिआंव नगर मंडल अध्यक्ष पवन गुप्ता, प्रखण्ड अध्यक्ष संजय कमलापुरी,ओम प्रकाश मेहता,जिला विधायक प्रतिनिधि भोला चंद्रवंशी, विश्रामपुर प्रखंड विधायक प्रतिनिधि रामचन्द्र यादव ने भी संबोधित किया। रामलला दुबे ने धन्यवाद ज्ञापन किया। मौके पर सरकोनी पंचायत मुखिया सुबोध कुमार वर्मा,दुदुन उपाध्याय, विनोद राम,रविन्द्र राम,रामलखन चंद्रवंशी, विधायक प्रतिनिधि अजय सिंह,मोतीलाल लाल यादव,चंद्रमा यादव,मणिकांत सिंह,विजय सिंह,प्रवीण सिंह उपस्थित थे।

अस्पताल के बाहर गंदे जगह पर मानसिक दिव्यांग महिला का किया इलाज

# मरीज का जख्म या अस्पताल का सिस्टम सड़ा?

**राशिद अनवर**

**श्रीबंशीधर नगर।** श्रीबंशीधर नगर अनुमंडल अस्पताल में एम्बुलेंस की जगह ठेले पर मरीज के ढोने के 24 घंटे के भीतर दूसरी बार मानवता को शर्मसार करने वाला मामला सामने आया है। इस बार एक मानसिक दिव्यांग महिला के जख्म की ड्रेसिंग अस्पताल में करने की जगह उसे अस्पताल के बाहर रखे गये जेनरेटर के बगल में बैठा कर किया जा रहा है। इसे देख लोगों के जेहन में सहसा ही सवाल उठता है कि मरीज का जख्म सड़ा है या अस्पताल का सिस्टम? जानकारी के मुताबिक नगर ऊंटारी रेलवे स्टेशन के आसपास रहने वाली आग से जलकर जख्मी एक मानसिक दिव्यांग महिला को रविवार की शाम में अनुमंडल अस्पताल लाया गया था। उसके बायें पैर का काफी पुरान जख्म पूरी तरह से सड़ गया था। जख्म से दुर्गंध आ रही थी। अस्पताल में उस महिला का बेहद अमानवीय तरीके से अस्पताल के बाहर रखे गये जेनरेटर के बगल में गंदे जगह पर बिठाकर इलाज किया जा रहा था। उसका इलाज इस तरह से किया जा रहा था मानो उक्त महिला इंसान नहीं कोई हिंसक जानवर हो। कर्मियों के द्वारा दूर से ही सीरिंज से उसके जख्म को धोया जा रहा था। ड्यूटी पर तैनात डॉ. कैसर आलम की मौजूदगी में एएनएम नीलम कुमारी एवं सफाई कर्मी मीना कुमारी ड्रेसिंग कर रही थीं। इसी दौरान मौके पर पहुंचे प्रेस प्रतिनिधियों द्वारा पूछने पर अस्पताल कर्मियों ने बताया कि उक्त महिला बाहर आ गई थी। इसलिये इसका इलाज बाहर ही किया जा रहा है। उसके कर्मी उसे उठाकर बेड पर ले गये।





### नहीं पहुंचा एंबुलेंस तो ठेला पर लेकर पहुंचे मरीज

इससे पूर्व शनिवार रात में भी जब सूचना देने के बाद भी एंबुलेंस नहीं पहुंचा तो परिजन गंभीर रूप से बीमार अहिरपुरवा निवासी प्रताप राम को ठेले पर लादकर अस्पताल पहुंचे। लोगों ने प्रशासन व सरकार का ध्यान इस तरफ आकृष्ट कराया है।

**वर्जन...** इस संबंध में एसडीओ रतन कुमार सिंह ने कहा कि यह गंभीर मामला है। पूरे मामले की जांच कराकर दोषी कर्मियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जायेगी।

एआईएमआईएम की बैठक में संगठन विस्तार का निर्णय

## सरकार ने नहीं पूरा किया कोई भी वादा



**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** चिनिया प्रखंड मुख्यालय स्थित अनहरीदाह में एआईएम आईएम पार्टी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में अति शीघ्र चिनिया प्रखंड कार्यकारिणी के विस्तार का निर्णय लिया गया। पार्टी के पलामू प्रमंडल प्रभारी सह गढ़वा-रंका विधानसभा प्रभारी डा. एमएन खान ने कहा कि एआईएमआईएम पार्टी गरीब, शोषित और वंचितों की पार्टी है। पार्टी की लोकप्रियता लगातार बढ़ रही है। वर्ष 2024 का विधानसभा चुनाव पार्टी निश्चित तौर पर गढ़वा विधानसभा क्षेत्र से लड़ेगी। प्रदेश सरकार को सभी मोर्चे पर विफल करार देते हुये उन्होंने कहा कि सरकार ने जनता से किया कोई भी वायदा पूरा नहीं किया। जिला अध्यक्ष सत्येंद्र कुमार रजक, जिला प्रवक्ता अब्दुल रहमान अंसारी, सोशल मीडिया प्रभारी मजहर हुसैन, मेराल प्रखंड अध्यक्ष फारूक अंसारी, युवा जिला अध्यक्ष मोजाहिम अंसारी, प्रखंड सचिव अवध किशोर मेहता, रंका सचिव मोबिन अंसारी, हसनैन मंसूरी, आफताब अंसारी, अब्दुल रहमान अंसारी, इरशाद अंसारी, बिहारी प्रसाद गुप्ता, नवाज शरीफ, विजय प्रसाद गुप्ता, बाली प्रजापति, रमेश कोरवा उपस्थित थे।

## बलिगढ़ पंचायत में नहीं है उप स्वास्थ्य केन्द्र, परेशानी





**नवीन मेल संवाददाता**

**केतार।** सरकार का अंतिम व्यक्ति तक स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ पहुंचाने का प्रयास केतार प्रखंड में खोखला साबित हो रहा है। प्रखंड के बलिगढ़ पंचायत में उप स्वास्थ्य केन्द्र नहीं रहने से यहां के नौनिहालों, गर्भवती महिलाओं सहित सात हजार की आबादी भगवान भरोसे है। नौनिहालों और गर्भवती महिलाओं को सप्ताहिक रोग प्रतिरोधक टीका भी समय पर नहीं लग पा रहा है। पंचायत में बलिगढ़, खोनहर, चेचरीया तीन राजस्व गांव है। इसकी आबादी सात हजार से अधिक है। पंचायत में कुल सात आंगनबाड़ी केंद्र है। इनमें दासीपुर और बलिगढ़. आंगनबाड़ी केंद्र पर केतार उप स्वास्थ्य केन्द्र की एएनएम सबिता कुमारी के द्वारा प्रतिमाह नौनिहालों को रोग-प्रतिरोधक टीका लगाया जाता है,लेकिन चेचरीया गांव के तीन आंगनबाड़ी केंद्र खोनहर व अजनीया गांव के दो आंगनबाड़ी केंद्रों पर टीकाकरण नियमित रूप से नहीं लगाया जाता है। आंगनबाड़ी सेविका गीता देवी, सुषमा कुमारी, लालती देवी, अनिता देवी ने बताया की कुपा उप स्वास्थ्य केन्द्र की एएनएम की सेवानिवृत्त के बाद से आंगनबाड़ी केंद्र पर बच्चों और महिलाओं को नियमित टीकाकरण नही लगाया जाता है। चार माह के अंतराल के बाद विगत 24 जनवरी को भवनाथपुर सीएचसी के द्वारा कैंप लगाकर टीकाकरण किया गया था। ग्रामीणों ने बताया की बलिगढ़.पंचायत की गर्भवती महिलाओं को प्रसव कराने के लिए 15 किलोमीटर दूर भवनाथपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाना पड़ता है। गरीब तबके के लोगों को काफी परेशानी होती है। ग्रामीणों द्वारा क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों से कई बार उप स्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण कराने की मांग की जा चुकी है। इसके बाद भी कोई पहल नहीं किये जाने से समस्या जस की तस कायम है।

बलिगढ़.पंचायत की मुखिया ललिता कुमारी ने कहा की



पंचायत में उप स्वास्थ्य केन्द्र भवन नहीं रहने से ग्रामीणों को बहुत परेशानी होती है। पंचायत में उप स्वास्थ्य केन्द्र निर्माण कर एएनएम और सीएचओ की पदस्थापना करना चाहिए ताकि लोगों को स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ मिल सके। उप प्रमुख शम्भू सिंह खरवार ने



कहा की उप स्वास्थ्य केन्द्र के अभाव में नौनिहालों को समय पर टीकाकरण नहीं लग पाता है। प्रसव के लिए महिलाओं को भवनाथपुर जाना पड़ता है।

ग्रामीण मनीष कुमार ने बताया की



पंचायत में उप स्वास्थ्य केन्द्र नहीं रहने से ग्रामीणों को बहुत परेशानी होती है, इस पंचायत में उप स्वास्थ्य केन्द्र होना अति आवश्यक है। ताकि लोगों को स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ मिल सके।

कीटनाशक खाने के बाद पलामू से लाई गई महिला ने तोड़ा दम

## उपायुक्त का आदेश भी नहीं आया काम, गुहार लगाता रह गया पति



**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** पलामू जिले के पांडु थाना क्षेत्र के लोवर पांडु के बंधु विश्वकर्मा की पत्नी 40 वर्षीय निर्मला देवी ने पति से नोंकझोंक कर रविवार को कीटनाशक खा लिया था। इसके बाद उसे इलाज के लिए 2.45 बजे गढ़वा सदर अस्पताल में लाया गया। तब इमर्जेंसी ड्यूटी में डा.नौशाद आलम मौजूद थे, लेकिन उन्होंने महिला का यह कहकर इलाज शुरू नहीं किया कि अब उनकी ड्यूटी का समय 15 मिनट में समाप्त हो जाएगा। इसके इलाज में लगेंगे तो रुक जाना पड़ेगा। जब उनका रिलीवर चिकित्सक आएगा, वही इलाज करेगा। बताते हैं कि वहां मौजूद एक समाजसेवी ने भी चिकित्सक से उक्त महिला का इलाज करने का अनुरोध किया। लेकिन चिकित्सक की संवेदना नहीं जगी। तब तक महिला छटपटाती रही। तब समाजसेवी ने उपायुक्त को इसकी सूचना दी । इसके पश्चतात उपायुक्त ने सिविल सर्जन को फोन कर महिला का तुरंत इलाज कराने का निर्देश दिया। हैरत यह कि उसके बाद भी महिला का इलाज शुरू नहीं हो सका और उसकी मौत हो गई। इसके बाद दोपहर 3:29 बजे ड्यूटी में आए चिकित्सक डा.कौशल किशोर ने परीक्षण कर महिला को मृत घोषित कर दिया।

### सिविल सर्जन ने उपायुक्त को भी किया गुमराह

सदर अस्पताल में चिकित्सकीय लापरवाही का मामला लगातार सामने आ रहा है। सदर अस्पताल के उपाधीक्षक अक्सर ही ड्यूटी से गायब रहते हैं। यह स्थिति पहले भी उपायुक्त के औचक निरीक्षण में उजागर हो चुका है। रविवार को भी किसी चिकित्सा पदाधिकारी को प्रभार देकर उपाधीक्षक गायब थे। जब महिला की मौत की सूचना मिली, तब उपायुक्त शेखर जमुआर ने अनुमंडल पदाधिकारी गढ़वा विजय कुमार को सदर अस्पताल में भेज कर इसकी जांच कराई। जांच के बाद अनुमंडल पदाधिकारी ने कहा कि उपाधीक्षक के गायब रहने तथा चिकित्सकों की लापरवाही के कारण महिला का इलाज नहीं किए जाने का मामला पाया गया है। वे इसकी रिपोर्ट उपायुक्त को देंगे। हालांकि दूरभाष पर जानकारी देते हुए उपायुक्त ने कहा कि उन्हें जब महिला के इलाज शुरू नहीं होने की सूचना मिली, तब उन्होंने सिविल सर्जन को तुरंत ही इसे देखने को कहा था। तब सिविल सर्जन ने उन्हें सूचना दी कि उन्होंने डा.टी पीयूष को भेज दिया है। लेकिन 45 मिनट तक कोई भी चिकित्सक उसके इलाज के लिए नहीं पहुंचा और महिला की मौत हो गई।

### विद्यार्थियों का कराया गया व्यवसायिक भ्रमण

केतार। प्रखंड के परसोडीह गांव स्थित उत्क्रमित टेन प्लस टू उच्च विद्यालय में व्यवसायिक शिक्षा के तहत दसवीं कक्षा के विद्यार्थियों का औद्योगिक भ्रमण विद्यालय प्रबंधन के द्वारा कराया गया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक दीपक कुमार सिंह ने बताया कि प्रत्येक वर्ष विद्यार्थियों का औद्योगिक भ्रमण कराया जाता है। ताकि विषय आधारित व्यवहारिक विषय को विद्यार्थी अच्छे तरीके से समझ सकें। इस वर्ष विद्यार्थियों को भवनाथपुर के टाउनशिप स्थिति डीएवी विद्यालय, बीएसएनएल का बंद क्रशर प्लांट, दुर्गा मंदिर सहित अन्य जगहों का भ्रमण कराया गया। भ्रमण के दौरान उन्हें विभिन्न गतिविधियों के बारे में जानकारी दी गई। इस मौके पर अध्यक्ष लव वर्मा, उप मुखिया प्रतिनिधि सत्येन्द्र गुप्ता,शिक्षक अविनाश दुबे मौजूद थे।

### नौसंमो के स्थापना दिवस पर सामूहिक विवाह की तैयारी जोरों पर

भवनाथपुर। भाजपा विधायक भानु प्रताप शाही के नेतृत्व में आगामी 28 फरवरी को नौसंमो के स्थापना दिवस पर होने वाले सामूहिक विवाह की तैयारी जोरों पर है। रविवार को टाउनशिप स्थित अपने आवास पर विधायक ने उपस्थित 51 जोड़े के माता-पिता को शगुन के रूप में शादी का जोड़ा प्रदान किया। उन्होंने कहा कि सभी लोग वर-वधु के साथ 27 फरवरी को ही टाउनशिप स्थित उनके आवास पहुंचे। रात में पूरे विधान के साथ 51 बहनों का मड़वा कार्यक्रम किया जायेगा। उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 से छठी बार इस कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि 2014 में 11 बहनों से शुरू हुआ कारवां 51 पर पहुंच गया है। अब तक 236 बहनों की शादी करायी जा चुकी है। उनका लक्ष्य विधान सभा के विभिन्न गांवों से 1000 बहनों की शादी कराने का है।



सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र रंका में उन्मूलन कार्यक्रम शुरू

## फाइलेरिया से बचाव के लिये मच्छरों से बचना जरूरी



**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र रंका में फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत एमडीए 2024 का उद्घाटन फाइलेरिया रोधी दवा खिलाकर किया गया। इसकी शुरूआत प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. असजद अंसारी ने खुद दवा खाकर की। वीबीडी पदाधिकारी डॉ. पुष्पा सहगल द्वारा प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ . असजद अंसारी को फाइलेरिया रोधी दवा खिलायी गयी। अस्पातल के सभी चिकित्सक सह कर्मियों ने भी फाइलेरिया रोधी दवा खाया। डॉ. अंसारी ने बताया कि पूरे झारखंड में 25 फरवरी तक अभियान चलाया जाएगा। अभियान में एएनएम, पोषण सखी, सहिया, आंगनबाड़ी सेविका व सहायिका को लगाया गया है। उन्होंने कहा कि फाइलेरिया मच्छर के काटने से फैलता है। इसलिए बेहतर है कि मच्छरों से बचाव किया जाए। इसके लिए घर के आस-पास और अंदर साफ- सफाई रखें। पानी जमा न होने दें। वहीं समय-समय पर कीटनाशक का छिड़काव करें। मौके पर अरविंद दिवेदी, बीपीएम सुधीर कुमार, पंकज विश्वकर्मा उपस्थित थे।

**दुखद**

भारतीय आदिवासी एकता ट्रस्ट ने प्रकट किया क्षोभ, जताई नाराजगी

# स्वतंत्रता सेनानी के वंशजों को नहीं मिल रहा सरकारी लाभ

**नवीन मेल संवाददाता**

**चिनीयां।** प्रखंड मुख्यालय के रानी चेरी गांव में रविवार को भारतीय आदिवासी एकता ट्रस्ट के बैनर तले आदिवासी समाज की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में विभिन्न प्रखंडों से कार्यकर्ता शामिल हुये। बैठक को संबोधित करते हुये आदिवासी एकता ट्रस्ट के सुखलाल बाखला ने कहा कि बैठक का मुख्य उद्देश्य जिले के विभिन्न प्रखंडों के आदिवासी समाज के स्वतंत्रता सेनानियों के वंशजों को सरकारी लाभ पहुंचाना है। पढ़े-लिखे होने के बावजूद वे दूसरे राज्यों में जाकर दिहाड़ी मजदूरी का कार्य करने को विवश हैं। उनके वंशजों को 21वीं सदी में भी कुएं से पानी पीना काफी दुखद है। यहां तक कि अभी सरकार द्वारा व्यापक पैमाने पर दिये जा रहे अबुआ आवास का भी लाभ इन वीर सपूतों के वंशजों को नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने क्षेत्रीय विधायक सहित सीएम का ध्यान इस तरफ आकृष्ट कराया है। मौके पर विधायक प्रतिनिधि गंगेश्वर सिंह,सूर्य प्रकाश सिंह, सुभाष उरांव, संतोष सिंह, रमाकांत सिंह, नोद सिंह, अनुज प्रताप सिंह, बाबूलाल सिंह, जगन्नाथ उरांव, शिवकुमार सिंह, बाबूलाल सिंह आदि मौजूद थे ।



**बैठक का मुख्य उद्देश्य जिले के विभिन्न प्रखंडों के आदिवासी समाज के स्वतंत्रता सेनानियों के वंशजों को सरकारी लाभ पहुंचाना है। पढ़े-लिखे होने के बावजूद वे दूसरे राज्यों में जाकर दिहाड़ी मजदूरी का कार्य करने को विवश हैं : सुखलाल बाखला**

# 'अपना आकर्षण खो रही रणजी ट्रॉफी को खत्म कर दिया जाए' : मनोज तिवारी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पूर्व भारतीय क्रिकेटर और बंगाल के वर्तमान कप्तान मनोज तिवारी ने अगले सत्र से रणजी ट्रॉफी को खत्म करने की मांग करते हुए कहा है कि भारत के प्रथम श्रेणी टूर्नामेंट में कई चीजें 'गलत हो रही हैं', जो 1934 से चली आ रही हैं।

तिवारी, जो बंगाल के खेल मंत्री भी हैं, ने सोशल मीडिया पर अपने सुझाव के पीछे विशेष तर्क बताने से परहेज किया।

उन्होंने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर लिखा, 'अगले सीजन से रणजी ट्रॉफी को कैलेंडर से हटा देना चाहिए। टूर्नामेंट में कई चीजें गलत हो रही हैं। समृद्ध इतिहास वाले इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट को बचाने के लिए कई चीजों पर ध्यान देने की जरूरत है। यह अपना आकर्षण और महत्व खो रहा है। मैं बिल्कुल निराश हूं।" इसके अलावा, तिवारी ने रणजी ट्रॉफी के संबंध में कुछ चिंताओं पर प्रकाश डालने के लिए फेसबुक पर एक लाइव सत्र आयोजित किया। उन्होंने एक फेसबुक लाइव में कहा, 'बंगाल केरल के खिलाफ अपना मैच एक बाहरी स्थान पर खेल रहा है, न कि स्टेडियम में, जबकि वह कई साल पहले बनाया गया था। ड्रेसिंग रूम ऐसे हैं कि आप ठीक से रणनीति भी नहीं बना सकते क्योंकि हमारा ड्रेसिंग रूम और विपरीत टीम का ड्रेसिंग रूम एक-दूसरे के बहुत करीब हैं। दूसरा यह कि आप सुन सकते हैं कि दूसरे क्या कह रहे हैं। कोई गोपनीयता नहीं है।



" उन्होंने इस सीजन के बाद रणजी ट्रॉफी से संन्यास लेने के अपने फैसले की भी घोषणा की। उन्होंने कहा, 'इस मैच और बिहार के खिलाफ ईडन गार्डन में होने वाले मैच के बाद मैं अपना रणजी ट्रॉफी करियर खत्म कर दूंगा...मैं व्यक्तिगत रूप से घोषणा करना चाहता हूं कि मैंने ईडन से शुरूआत की थी और वहीं अपना करियर खत्म करूंगा।' 19 साल से अधिक समय तक खेलने के बाद, तिवारी ने पिछले साल क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास की घोषणा की और एक सप्ताह से भी कम समय में अपने फैसले को पलटते हुए कहा कि वह बंगाल को रणजी ट्रॉफी जीतने में मदद करने के लिए एक और प्रयास करना चाहते हैं। बंगाल के खिलाड़ी ने रणजी ट्रॉफी को खत्म करने की वकालत करने वाले ट्वीट के पीछे के सही कारण का खुलासा नहीं किया है। लेकिन उन्होंने अपने करियर के समापन पर कारण का खुलासा करने का वादा किया। उन्होंने कहा, 'मैं अधिक विस्तार से नहीं बता सकता क्योंकि मैं एक खिलाड़ी और एक राज्य का कप्तान हूं और मुझे बीसीसीआई की आचार संहिता का पालन करना है। मैं मैच के दौरान सार्वजनिक रूप से कुछ भी नहीं कह सकता।' तिवारी ने मौजूदा रणजी ट्रॉफी में बंगाल के लिए छह पारियों में असम के खिलाफ एक शतक के साथ 216 रन बनाए हैं।

# असली शो चुराने वाला 'बूमबॉल' है : अश्विन

**बुमराह के नौ विकेटों की बदौलत भारत ने इंग्लैंड को 106 रनों से हराकर पांच मैचों की श्रृंखला 1-1 से बराबर कर ली।**



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अनुभवी भारतीय ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने विशाखापत्तनम में दूसरे टेस्ट में इंग्लैंड पर 106 रनों की जीत में नौ विकेट लेकर अपने सनसनीखेज प्रदर्शन के लिए तेज गेंदबाजी के अगुआ जसप्रीत बुमराह की भरपूर प्रशंसा की और उन्हें 'असली शो चुराने वाला' करार दिया। विशाखापत्तनम में पहली पारी में 6/45 के शानदार प्रदर्शन सहित, बुमराह के नौ विकेटों की बदौलत भारत ने इंग्लैंड को 106 रनों से हराकर पांच मैचों की श्रृंखला 1-1 से बराबर कर ली। अगला मैच 15 फरवरी में राजकोट में शुरू होगा। प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार दिए जाने और प्रारूप में सबसे तेज 150 विकेट तक पहुंचने वाले भारतीय गेंदबाज बनने के कुछ दिनों बाद, बुमराह आईसीसी पुरुष टेस्ट बॉलिंग रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचने वाले देश के पहले तेज गेंदबाज बन गए।

अश्विन ने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा, 'असली शो चुराने वाला बूमबॉल है। हमने थोड़ा जैसबॉल भी देखा है। बुमराह ने असाधारण गेंदबाजी की है। वह 14 विकेट के साथ अग्रणी विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं और नंबर 1 रैंक वाले टेस्ट गेंदबाज भी हैं। मैं उनका बहुत बड़ा प्रशंसक हूं और यह एक हिमालयी उपलब्धि है।"

उन्होंने युवा बल्लेबाजों यशस्वी जयसवाल और शुभमन गिल की भी प्रशंसा की, जिन्होंने विशाखापत्तनम टेस्ट में क्रमशः 209 और 104 रन बनाए। 'यशस्वी जयसवाल ने जबरदस्त विकास दिखाया है। उन्होंने दोहरा शतक बनाया। शुभमन गिल के पास कितनी प्रतिभा है, इसके बारे में कोई संदेह नहीं है। लेकिन शतक ने एक बल्लेबाज के रूप में उसके पास मौजूद कवच को सही ठहराया।' अश्विन, जो प्रारूप में 500 स्कैलप की उल्लेखनीय उपलब्धि तक पहुंचने से एक विकेट दूर हैं, ने आगे बताया कि मेजबान टीम को कोई वास्तविक घरेलू लाभ क्यों नहीं है। 'इससे पहले पांच ऐसे स्थानों पर इस तरह की मार्की टेस्ट श्रृंखला कभी नहीं हुई है। 2017 में, हमने रांची और धर्मशाला में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट खेले थे। 'हालांकि, उस श्रृंखला में, अन्य स्थान पुणे और बैंगलोर थे। आमतौर पर, यदि 4-5 मैचों की टेस्ट श्रृंखला होती है, तो कम से कम एक या दो मेट्रो शहरों में होती हैं। इसके विपरीत, इस बार, यह उन स्थानों पर हो रहा है जो विश्व कप मैचों का हिस्सा नहीं थे। अधिकांश भारतीय खिलाड़ियों के लिए, ये स्थान नए हैं।"

'हमारी अपनी टीम में बहुत सारे खिलाड़ी खेल रहे हैं जिन्होंने डॉ. वाई.एस. राजशेखर रेड्डी क्रिकेट स्टेडियम में कोई टेस्ट मैच या प्रथम श्रेणी मैच नहीं खेला है। मुझे यकीन नहीं है कि क्या यह किसी अन्य देश में संभव है। भारत में, यह संभव है क्योंकि यहां बहुत सारे टेस्ट स्थल हैं। 'यदि आप इंग्लैंड का मामला लेते हैं, तो इस टेस्ट श्रृंखला में टॉम हार्टले ने पदार्पण किया। यदि टॉम हार्टले और रेहान अहमद इंग्लैंड में टेस्ट मैच खेल रहे हैं, तो वे कभी नहीं कह सकते कि मैंने लंकाशायर मैदान या वॉर्सेस्टरशायर मैदान में नहीं खेला है। वास्तव में, वॉर्सेस्टरशायर में मैच कभी नहीं होते हैं। 'वे यह नहीं कह सकते कि उन्होंने सरे ओवल में कभी नहीं खेला है क्योंकि वे खेले होंगे। न केवल काउंटी मैच, बल्कि टेस्ट मैच भी इन स्थानों पर होते हैं। लेकिन भारत में, क्योंकि बहुत सारे स्थान हैं, यहां तक कि भारतीय खिलाड़ियों के लिए भी यह पहली बार है कि वे इन स्थानों पर कोई टेस्ट या प्रथम श्रेणी मैच खेल रहे हैं। अश्विन ने निष्कर्ष निकाला, 'तो इन मामलों में घरेलू परिचितता गायब हो गई है। बेशक, उन्होंने यहां और वहां आईपीएल, टी20 या वनडे मैच खेले होंगे। लेकिन लंबे प्रारूप में लाल गेंद से खेलने में, परिचितता वास्तव में फर्क लाती है।'

## विकेट के पीछे धोनी से भी तेज है बेन फोक्स : एलेक स्टीवर्ट

**लंदन (एजेंसी)।** इंग्लैंड के पूर्व विकेटकीपर एलेक स्टीवर्ट का मानना है कि भले ही एमएस धोनी के पास कीपर के रूप में तेज हाथ थे, लेकिन मौजूदा समय में बेन फोक्स विकेट के पीछे उनसे भी बेहतर हैं। भारत के खिलाफ पहले दो टेस्ट मैचों में बेन फोक्स ने उन परिस्थितियों में अपने विकेटकीपिंग कौशल के लिए प्रशंसा अर्जित की है, जो विदेशी कीपरों के लिए एक कठिन परीक्षा पेश करती है। अब तक, उन्होंने भारत दौरे पर छह कैच लिए हैं और दो स्टंपिंग की है, जिसमें विशाखापत्तनम में लेग स्पिनर रेहान अहमद की गेंद पर दो शानदार कैच लेना भी शामिल है। स्टीवर्ट ने द टाइम्स से कहा, 'वह ऐसे काम करते हैं जो कोई नहीं कर सकता। उनके हाथ की गति किसी से कम नहीं है। एमएस धोनी के हाथ तेज थे लेकिन फोक्स के हाथ इस खेल में सबसे तेज हैं।' स्टीवर्ट, जो अपने खेल के दिनों में इंग्लैंड के लिए 82 टेस्ट मैचों में विकेटकीपर थे, ने काउंटी क्लब सरे में क्रिकेट निदेशक के रूप में बेन फोक्स को भारत के टेस्ट दौरे की तैयारी में मदद की थी। उन्होंने भारत दौरे के लिए अपने दस सप्ताह की तैयारी में बेन फोक्स द्वारा उनकी निगरानी में किए गए तैयारी कार्य के बारे में बताया, जिसमें क्रिसमस और नए साल के बीच सत्र शामिल थे। हैदराबाद में बेन फोक्स ने बल्ले से अहम भूमिका निभाई थी और ओली पोप के साथ छठे विकेट के लिए 112 रनों की साझेदारी की थी, जिन्होंने शानदार 196 रन बनाए थे। हालांकि, वह पहली पारी की शुरूआत में केएल राहुल को स्टंप करने से चूक गए थे। बेन फोक्स इस श्रृंखला में इंग्लैंड के लिए स्टंप के पीछे विश्वसनीय कीपर और एक बेहतरीन खिलाड़ी रहे हैं।

# निदेशक ने झारखंड टीम के सदस्यों को किया सम्मानित



**रांची।** झारखंड मलखंब अकादमी, बंगीय सांस्कृतिक परिषद विधालय, सेक्टर-2 ,धुर्वा रांची के प्रांगण में एसजीएफआई, राष्ट्रीय स्कूली गेम्स उज्जैन में आयोजित प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने पर झारखंड टीम के सभी सदस्यों को झारखंड राज्य मलखंब संघ के महासचिव सह झारखंड मलखंब अकादमी के निदेशक डॉ. अजय झा ने प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया। प्रमाण-पत्र देने से पूर्व राष्ट्रीय सीनियर मलखंब खिलाड़ी कौशल कुमार ने आगन्तुकों का स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन वरीय राष्ट्रीय मलखंब खिलाड़ी सरिता कुमारी ने किया। जबकि धन्यवाद ज्ञापन झारखंड राज्य मलखंब संघ के कार्यकारिणी सदस्य सुभाष गांगुली ने किया।

# ऐतिहासिक 'द्वितीय कोल इंडिया मैराथन' संपन्न


**रांची।** राजधानी में बिरसा मुण्डा स्टेडियम, मोराबादी, रांची में कोल इंडिया लिमिटेड के तत्वावधान में सीसीएल द्वारा अविस्मरणीय एवं ऐतिहासिक 'द्वितीय कोल इंडिया मैराथन' सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस मैराथन में झारखंड राज्य सहित देश भर से लगभग 75 सौ धावकों से अधिक ने हिस्सा लिया। वहीं कोल इंडिया लिमिटेड के तत्वावधान में सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड द्वारा रविवार को आयोजित यह कोल इंडिया मैराथन का दूसरा संस्करण सफल रहा। चार श्रेणियों में आयोजित यह मेगा इवेंट (फुल मैराथन- 42.19 किमी, हाफ मैराथन- 21 किमी, 10 किमी दौड़ और 5 किमी) आईएमएस से आधिकारिक रूप से पंजीकृत मैराथन था। इस प्रतियोगिता में महिला और पुरुष धावकों के लिए अलग-अलग श्रेणियां थीं। मैराथन बिरसा मुंडा स्टेडियम, मोरहाबादी से शुरू होकर कांके रोड और पिठोरिया होते हुए अंत में बिरसा मुंडा स्टेडियम में समाप्त हुआ।

इस अवसर पर सभी प्रतिभागियों को प्रोत्साहित करने के लिए इस कार्यक्रम में न्यायाधीश उच्च न्यायालय, झारखण्ड, एस.एन पाठक, सांसद (राज्यसभा) एवं एक सर्वकालिक महान एथलीट पीटी उषा, सॉलिसिटर जनरल अनिल कुमार, अपर. सचिव, कोयला मंत्रालय , एम नागराजू, अपर सचिव, कोयला मंत्रालय, रूपिंदर बरार, अध्यक्ष, सीआईएल, पीएम प्रसाद; सीएमडी, सीसीएल, डॉ बी वीरा रेड्डी; सीएमडी, सीएमपीडीआईएल, मनोज कुमार; पूर्व अध्यक्ष, सीआईएल प्रमोद अग्रवाल; निदेशक (का.), सीआईएल, विनय रंजन; निदेशक (विपणन), सीआईएल, मुकेश चौधरी; निदेशक (बीडी), सीआईएल, देबाशीष नंदा; सीवीओ, सीआईएल ब्रजेश कु. त्रिपाठी, अबू बकर सिद्दीकी, सचिव (खान एवं कृषि), मनोज कुमार, सचिव (खेल), अखिलेश झा, आईपीएस, वाईएस रमेश, आईपीएस, निदेशक (तक/स.), सीसीएल राम बाबू प्रसाद; निदेशक (का.), सीसीएल हर्ष नाथ मिश्र; निदेशक (वित्त), सीसीएल, पवन कुमार मिश्रा; निदेशक (तक./यो. /प.), सीसीएल, बी साईराम; सीवीओ, सीसीएल पंकज, निदेशक (कार्मिक), ईसीएल आहुति स्वाईन, का . निदेशक (आईआईसीएम) डॉ कामाक्षी रमन, सुनीता बोदरा, प्रसिद्ध एथलीट, श्रमिक संगठनों के प्रतिनिधिगण और बड़ी संख्या में सरकारी क्षेत्र, निजी क्षेत्र के गणमान्य व्यक्ति, संस्थानों के प्रमुख और अन्य उपस्थित थे।

वहीं सीसीएल परिवार ने इस मैराथन के सफल आयोजन के लिए झारखंड सरकार, स्थानीय प्रशासन, एथलेटिक फैडरेशन ऑफ इंडिया, विभिन्न संस्थानों एवं आयोजन में प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष सभी लोगो का उनके बिना शर्त सहयोग, मार्गदर्शन एवं आशीर्वाद के लिए आभार व्यक्त किया।

# भारत बनाम इंग्लैंड: जैक लीच बची हुई टेस्ट सीरीज से बाहर

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** इंग्लैंड के बाएं हाथ के स्पिनर जैक लीच बाएं घुटने की चोट के कारण भारत के खिलाफ टेस्ट सीरीज के बाकी मैचों से बाहर हो गए हैं। जैक लीच को हैदराबाद में टेस्ट श्रृंखला के शुरूआती मैच के पहले दिन फील्डिंग करते समय अपने बाएं घुटने में चोट लग गई, जहां वह एक चौका रोकते समय चोटिल हो गए थे। मैच के दूसरे दिन लीच की चोट ने उन्हें काफी परेशान किया। इसलिए, उन्होंने पहली पारी में 26 ओवर फेंके लेकिन लीच दूसरी पारी में 10 ओवर फेंकने में सफल रहे। जिसके बाद वह दूसरे टेस्ट के लिए समय पर ठीक होने में असफल रहे। विशाखापत्तनम में राजशेखर रेड्डी एसीए-वीडीसीए क्रिकेट स्टेडियम, जिसमें इंग्लैंड को 106 रन से हार झेलनी पड़ी। ऐसी उम्मीद थी कि लीच दस दिन के ब्रेक में फिट हो जाएंगे और 15 फरवरी से राजकोट में भारत के खिलाफ शुरू होने वाले इंग्लैंड के तीसरे टेस्ट के लिए उपलब्ध होंगे। लेकिन अबू धाबी में टीम के ब्रेक पर होने के कारण, यह तय हो गया है कि लीच बाकी बचे तीन टेस्ट मैचों में इंग्लैंड के लिए कोई हिस्सा नहीं ले पाएंगे। यह इंग्लैंड के लिए बहुत बड़ा झटका है, क्योंकि लीच हाल ही में पीठ में स्ट्रेस फ्रैक्चर से लौटे हैं, जिसके कारण वह पिछले साल घरेलू मैदान पर एशेज से बाहर हो गए थे। इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) के एक बयान में कहा, 'वह अगले 24 घंटों में अबू धाबी से घर के लिए उड़ान भरेंगे, जहां इंग्लैंड की टीम राजकोट में गुरुवार से शुरू होने वाले तीसरे टेस्ट से पहले रुकी हुई है। लीच अपने पुनर्वास के संबंध में इंग्लैंड और समरसेट मेडिकल टीमों के साथ मिलकर काम करेंगे। इंग्लैंड किसी प्रतिस्थापन को नहीं बुलाएगा।' इंग्लैंड को सोमवार को भारत पहुंचना है और तीसरे टेस्ट से पहले मंगलवार को राजकोट में अपना अभ्यास शुरू करना है, जो इस प्रारूप में कप्तान बेन स्टोक्स की 100वीं उपस्थिति भी होगी।



**इंग्लैंड टेस्ट टीम**

बेन स्टोक्स (कप्तान), रेहान अहमद, जेम्स एंडरसन, गस एटकिंसन, जॉनी बेयरस्टो, शोएब बशीर, हैरी ब्रुक, जैक क्रॉली, बेन डकेट, बेन फॉक्स, टॉम हार्टले, ओली पोप, ओली रॉबिन्सन, जो रूट और मार्क वुड।

पटना पाइरेट्स के कप्तान सचिन ने कहा

# 'हमने यू मुंबा के खिलाफ अपनी योजनाओं को सफल किया'


**कोलकाता (एजेंसी)।** प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) के 10वें सीजन में पटना पाइरेट्स ने यू मुंबा को हराकर प्लेऑफ में जगह बना ली है। टीम के कप्तान सचिन ने कहा कि यह जीत उनके खिलाड़ियों द्वारा अपनी योजनाओं को सफल करने के कारण आई है। शनिवार को कोलकाता में अपनी 44-23 की जीत के बारे में बोलते हुए पटना पाइरेट्स के कप्तान सचिन ने कहा, 'हमारे रक्षा और रेडिंग विभाग ने यू मुंबा के खिलाफ बहुत अच्छा खेला। जहां तक प्लेऑफ के लिए हमारी योग्यता का सवाल है, यह हमारे लिए बहुत महत्वपूर्ण मैच था। हम धैर्यपूर्वक खेलना चाहते थे और यह सुनिश्चित करना चाहते थे कि हम मैच जीतें।' सचिन ने यह भी कहा कि खिलाड़ियों का आत्मविश्वास काफी बढ़ा है। उन्होंने कहा, 'हमारे खेमे में आत्मविश्वास बहुत ऊंचा है और हम अपने आगामी मैचों में इसी तरह खेलना जारी रखना चाहते हैं। अगर हम अपने प्रदर्शन को नियंत्रित कर सकते हैं, तो हम निश्चित रूप से टूनार्मेंट में बहुत आगे तक जाएंगे।'



इस बीच, यू मुंबा के खिलाफ मैच में सात रेड अंकों के साथ योगदान देने वाले सुधाकर एम ने कहा, 'मुझे हमारे कोच और सचिन से बहुत समर्थन मिला है। मेरा मुख्य ध्यान प्रशिक्षण सत्र के दौरान बहुत कठिन अभ्यास करना है और फिर सुनिश्चित करना है मैं हर मैच से पहले पूरी तरह से ठीक होने के लिए पर्याप्त आराम भी करता हूं।' पटना पाइरेट्स, जो फिलहाल 63 अंकों के साथ चौथे स्थान पर है। मंगलवार को अपने अगले मैच में तेलुगु टाइटंस से भिड़ेगी।

## खबरें व्यापार जगत की

# यूपी में 19 फरवरी को 10 लाख करोड़ की 14 हजार परियोजनाएं शुरू होंगी



**लखनऊ (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ सरकार ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी (जीबीसी) 4.0 के साथ राज्य में विकास के एक और चरण को शुरू करने के लिए पूरी तरह तैयार है। इसमें 14 हजार परियोजनाओं को शामिल करते हुए 10 लाख करोड़ के एमओयू (समझौता ज्ञापन) 19 फरवरी को लखनऊ में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उपस्थिति में पेश किए जाएंगे।

इन परियोजनाओं से राज्य में 33.50 लाख रोजगार के अवसर पैदा होने की उम्मीद है। आधिकारिक प्रवक्ता के अनुसार, जीबीसी 4.0 के लिए अनुमानित निवेश की शुरूआत पिछले तीन ग्राउंडब्रेकिंग समारोहों में लागू 2.0 लाख करोड़ रुपये से अधिक के संचयी निवेश से पांच गुना ज्यादा है।

इस बार इनमें से 52 प्रतिशत से अधिक परियोजनाएं पश्चिमी उत्तर प्रदेश में शुरू की जाएंगी। लगभग 29 प्रतिशत एमओयू पूर्वांचल क्षेत्र में लागू किया जाएगा, जिसमें राज्य के पूर्वी हिस्से शामिल हैं। इसके अलावा 14 प्रतिशत एमओयू मध्यांचल और 5 प्रतिशत एमओयू बुन्देलखण्ड में लागू किये जायेंगे। इन एमओयू पर फरवरी 2023 में लखनऊ में आयोजित उत्तर प्रदेश ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2023 में हस्ताक्षर किये गये थे।

19 फरवरी के कार्यक्रम में प्रसिद्ध उद्योगपति, 500 कंपनियों के प्रतिनिधि, विदेशी निवेशक, राजदूत, उच्चायुक्त और अन्य विशिष्ट अतिथियों सहित लगभग 3000 लोग शामिल होंगे। राज्य सरकार के प्रवक्ता के अनुसार, 19.24 प्रतिशत निवेश का एक बड़ा हिस्सा आवास क्षेत्र में है। इसके अलावा, 15 प्रतिशत निवेश नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में, 13 प्रतिशत विनिर्माण में, 10 प्रतिशत आईटी और आईटी-सक्षम सेवाओं में, 7.83 प्रतिशत लॉजिस्टिक्स और वेयरहाउसिंग में, ऊर्जा में 7.5 प्रतिशत और खाद्य प्रसंस्करण में 6.01 प्रतिशत है।


## एलन मस्क ने 10 लाख लोगों को मंगल ग्रह पर शिफ्ट करने की योजना बनाई



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अरबपति एलन मस्क ने रविवार को दस लाख लोगों को मंगल ग्रह पर शिफ्ट करने की योजना की घोषणा की है। एलन मस्क ने एक्स डॉट कॉम पर एक पोस्ट में लिखा, 'हम दस लाख लोगों को मंगल ग्रह पर ले जाने के लिए एक गेम प्लान तैयार कर रहे हैं।' उन्होंने कहा, 'स्टारशिप अब तक बना सबसे बड़ा रॉकेट है, जो हमें मंगल ग्रह तक ले जाएगा।' एलन मस्क ने कहा कि एक दिन, मंगल ग्रह की यात्रा पूरे देश में एक उड़ान की तरह होगी। उन्होंने यह जवाब उन यूजर्स को दिया जिन्होंने लाल ग्रह पर स्टारशिप के लॉन्च के बारे में पूछा था। एलन मस्क ने बीते हफ्ते कहा था कि स्टारशिप को 5 साल से कम समय में चंद्रमा पर पहुंचने में सक्षम होना चाहिए। स्पेसएक्स ड्रैगन अंतरिक्ष यान अंतरिक्ष यात्रियों को आधी सदी से भी अधिक समय में पृथ्वी से सबसे दूर ले जाएगा। मंगल ग्रह पर रहने के लिए बहुत काम करना होगा। इसके अलावा, एलन मस्क ने जनवरी में कहा था कि उन्हें उम्मीद है कि स्पेसएक्स अगले आठ वर्षों के भीतर लोगों को चंद्रमा पर भेजेगा। मस्क ने कहा, 'अब से आठ साल बाद चीजें कैसी होंगी। मुझे लगता है कि हम मंगल ग्रह पर उतर चुके होंगे और मुझे लगता है कि हमने लोगों को चंद्रमा पर भेज दिया होगा।'

उनका लक्ष्य चंद्रमा पर बेस बनाने का भी है। उन्होंने कहा, "हमें चंद्रमा पर स्थायी रूप से कब्जे वाले मानव आधार की तरह चंद्रमा पर एक आधार बनाना चाहिए, और फिर लोगों को मंगल ग्रह पर भेजना चाहिए।" उन्होंने बीते दिनों कहा था कि हो सकता है कि अंतरिक्ष स्टेशन से परे भी कुछ हो, लेकिन हम देखेंगे।" एलन मस्क को यह भी उम्मीद है कि इस साल तीसरा स्टारशिप उड़ान परीक्षण कक्षा में पहुंचेगा और साबित करेगा कि अंतरिक्ष यान विश्वसनीय रूप से कक्षा से बाहर निकल सकता है।

## प्रत्यक्ष कर संग्रह 2023-24 के संशोधित अनुमानों के 80 फीसदी पर पहुंचा




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** वित्त वर्ष 2023-24 में 10 फरवरी तक रिफंड को हटाकर 15.60 लाख करोड़ रुपये है, जो पिछले साल की इसी अवधि के मुकाबले 20.25 प्रतिशत अधिक है। चालू वित्त वर्ष में अब तक शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह सालाना आधार पर 20 फीसदी बढ़कर 15.60 लाख करोड़ रुपये हो गया है। यह राशि 2023-24 के संशोधित अनुमानों का 80 प्रतिशत है। केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड ने बयान में कहा, 'प्रत्यक्ष कर संग्रह के अनंतिम आंकड़ों में लगातार वृद्धि दर्ज की जा रही है। ऐसे में 10 फरवरी, 2024 तक प्रत्यक्ष कर संग्रह से पता चलता है कि सकल संग्रह 18.38 लाख करोड़ रुपये है। यह राशि पिछले साल की इसी अवधि के मुकाबले 17.30 प्रतिशत अधिक है।' वित्त वर्ष 2023-24 में 10 फरवरी तक रिफंड को हटाकर प्रत्यक्ष कर संग्रह 15.60 लाख करोड़ रुपये है, जो पिछले साल की इसी अवधि के मुकाबले 20.25 प्रतिशत अधिक है। यह संग्रह 2023-24 के लिए प्रत्यक्ष करों के कुल संशोधित अनुमान का 80.23 प्रतिशत है। बयान में कहा गया कि एक अप्रैल, 2023 से 10 फरवरी, 2024 के दौरान 2.77 लाख करोड़ रुपये का रिफंड जारी किया गया है।

## लार्ज-कैप म्यूचुअल फंड को जनवरी में मिला 1,287 करोड़ रुपए का निवेश, 19 माह का उच्चस्तर

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** निवेशकों ने जनवरी में लार्ज-कैप म्यूचुअल फंड (बड़े शेयरों में निवेश वाले कोष) में 1,287 करोड़ रुपए का निवेश किया है। यह 19 माह में निवेश का उच्चस्तर है। छोटी और मझोली कंपनियों के कोषों में तेजी ने उनके मुनाफावसूली के लिए प्रेरित किया है और लॉर्ज-कैप में उनका निवेश बढ़ा है। इससे पहले दिसंबर, 2023 में उन्होंने लार्ज-कैप फंड से 281 करोड़ रुपए की शुद्ध निकासी की थी। निवेश का मौजूदा स्तर पिछले साल जनवरी के 716 करोड़ रुपए के आंकड़े से 80 प्रतिशत अधिक है। इस ताजा प्रवाह के बाद बड़े शेयरों में निवेश करने वाले म्यूचुअल फंड का संपत्ति आधार जनवरी में 26 प्रतिशत बढ़कर तीन लाख करोड़ रुपए हो गया, जो एक साल पहले 2.38 लाख करोड़ रुपए था। एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एम्फी) के हालिया आंकड़ों के अनुसार, लार्ज-कैप पर केंद्रित इक्विटी म्यूचुअल फंड को जनवरी में 1,287 करोड़ रुपए का निवेश प्राप्त हुआ।

# पंडित दीनदयाल के सपनों को साकार कर रही मोदी सरकार : बाबूलाल मरांडी

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची/गिरिडीह।** भाजपा ने रविवार को पूरे प्रदेश में पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि को समर्पण दिवस के रूप में बूथ स्तर पर मनाया। प्रदेश, जिला मंडल, बूथ के पार्टी पदाधिकारियों, जन प्रतिनिधियों ने अपने-अपने क्षेत्र में दीनदयाल उपाध्याय के चित्र एवं प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर चर्चा की। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने रविवार को गिरिडीह जिलांतर्गत राजधनवार में आयोजित कार्यक्रम में दीनदयाल के चित्र पर माल्यार्पण किया। उन्होंने कहा कि दीनदयाल असाधारण प्रतिभा के धनी महामानव थे। उन्होंने विश्व की अनेक विचारधाराओं पूंजीवाद, साम्यवाद, समाजवाद के बीच एकात्म मानववाद का सर्व ग्राह्य दर्शन दिया, जिसने आज विश्व को नई दिशा दी है। दीनदयाल के एकात्म चिंतन में व्यष्टि से समष्टि का चिंतन है। उनके अंत्योदय के चिंतन ने भारत को सर्व स्पर्शी, सर्व व्यापी विकास को सुनिश्चित किया। देश की नरेन्द्र मोदी सरकार का सबका साथ, सबका विकास अंत्योदय का पर्याय है। मोदी सरकार गांव गरीब, किसान, मजदूर, महिला, आदिवासी, दलित, पिछड़ों को समर्पित है। विभिन्न कल्याणकारी योजनाएं चाहे जनधन हो, शौचालय निर्माण हो, पेंशन योजना हो, प्रधानमंत्री आवास हो, आयुष्मान कार्ड हो, गरीब कल्याण अन्न योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना, किसान सम्मान निधि हो, सभी अंत्योदय आधारित हैं।

**दीनदयाल उपाध्याय के एकात्म चिंतन में व्यष्टि से समष्टि का चिंतन समाहित**

**अंत्योदय के चिंतन ने देश में सर्वस्पर्शी और सर्वव्यापी विकास सुनिश्चित किया**

### पंडित दीनदयाल का जीवन राष्ट्रसेवा व समर्पण का विराट प्रतीकः कर्मवीर सिंह



भाजपा के संस्थापक सदस्य पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर रांची प्रदेश कार्यालय में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। पं. दीनदयाल उपाध्याय की चित्र पर प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह सहित कई कार्यकताओं ने माल्यार्पण किया। मौके पर कर्मवीर सिंह ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय के विचारों ने विकसित भारत के निर्माण के लिए प्रेरणास्त्रोत का काम किया है। दीनदयाल का जीवन राष्ट्रसेवा व समर्पण का विराट प्रतीक है। उनका मानना था कि कोई भी देश अपनी संस्कृति के मूल विचारों को भुलाकर प्रगति नहीं कर सकता। जब भी मानवता के कल्याण की बात होगी, पंडित जी के एकात्म मानववाद और अंत्योदय के सिद्धांत सम्पूर्ण मानवजाति को ध्रुव तारे की तरह मार्गदर्शित करेंगे।

## आदिवासी समाज को एकजुट और जागरूक होने की जरूरत : चमरा लिंडा

**लोहरदगा।** कुडू प्रखंड के चीरी पतरा में रविवार को राजी पड़हा सरना प्रार्थना सभा, आदिवासी छात्र संघ व आदिवासी सरना समाज के तत्वावधान में एक दिवसीय बैठक सह चिंतन शिविर व वनभोज कार्यक्रम सम्पन्न हो गया। चिंतन शिविर के मुख्य अतिथि आदिवासी छात्र संघ के केन्द्रीय अध्यक्ष सह विशुनपुर विधायक चमरा लिंडा तथा विशिष्ट अतिथि राजी पड़हा सरना प्रार्थना सभा व आदिवासी छात्र संघ के प्रदेश स्तरीय नेता थे। चिंतन शिविर को संबोधित करते हुए विधायक चमरा लिंडा ने कहा कि आदिवासी समाज को एकजुट तथा जागरूक होने की जरूरत है। समाज बिखरा हुआ है। नतीजन समाज को मिलने वाला हक तथा अधिकार नहीं मिल पा रहा है। सभा को कई अन्य ने भी सम्बोधित किया। इस मौके पर आदिवासी छात्र संघ के केंद्रीय उपाध्यक्ष शिवराम कच्छप, रांची महानगर सरना प्रार्थना सभा के अध्यक्ष संतोष तिर्की, कैरो प्रखंड प्रमुख श्रीराम उरांव, आदिवासी समाज के लोग मौजूद रहे।

## दो दिवसीय शिक्षक संवर्धन कार्यशाला का समापन



**रांची।** डीएवी पब्लिक स्कूल हेहल में शिक्षकों के लिए क्षमता संवर्धन पर आयोजित दो दिवसीय कार्यशाला का समापन रविवार को हुआ। इसमें विभिन्न विद्यालयों के विभिन्न विषयों के 56 शिक्षक और शिक्षिकाओं ने भाग लिया। इस अवसर पर सी.बी.एस.ई की ओर से रिसोर्स पर्सन सुलगना आइच, पीजीटी राजनीतिक विज्ञान, विद्याभारती चिन्मया विद्यालय टेलको, जमशेदपुर एवं तनुश्री सेन गुप्ता, कांउसलर एवं फेमली थेरेपिस्ट,ट्रेनर इन द लाइफलांग लर्निंग सेक्टर सह पैरेन्ट चाइल्ड इन्टरेक्शन ट्रेनर थे। विद्यालय के सुपरवाइजरी हेड अरविन्द कुमार अमरेश ने कहा कि बड़े भाग्य की बात है जब हम ऐसी महत्ती विभूतियों के द्वारा कुछ ज्ञानार्जन करते हैं। कक्षा प्रबंधन एक प्रभावी अनुशासन है। यह छात्रों को प्रेरित करता है और उन्हें एक सुरक्षित एवं आरामदायक वातावरण प्रदान करता है जिसमें वे सीखते एवं आत्मसम्मान का निर्माण करते हैं।

## पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत से कल्पना सोरेन ने की मुलाकात



फाइल फोटो

**रांची।** पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन रविवार को ईडी ऑफिस पहुंची। एयरपोर्ट रोड स्थित ईडी के क्षेत्रीय कार्यालय पहुंच कर उन्होंने हेमंत सोरेन से मुलाकात की। यह मुलाकात लगभग आधे घंटे चली। इसके बाद कल्पना सोरेन बाहर निकली और सीधे घर चली गई। उल्लेखनीय है कि शादी कि 18वीं सालगिरह पर भी कल्पना सोरेन हेमंत सोरेन से मिलने ईडी ऑफिस पहुंची थीं। दोनों के बीच उस दिन भी बातचीत हुई थी।

## बजट में चंपई सरकार ले सकती है बड़ा फैसला

**रांची।** विधानसभा में शीघ्र ही बजट सत्र की शुरूआत होगी। तैयारियां तो पहले से ही हो रही हैं। इस बार बजट में चुनावी वर्ष का प्रतिबिंब भी दिखेगा और कई बड़ी घोषणाओं को जगह देने की कोशिश की जाएगी। वित्त विभाग तैयारियों में जुटा हुआ है। अभी तक की तैयारियों के अनुसार विभाग के पास सभी अन्य विभागों से मांगों से संबंधित ब्यौरे पहुंच चुके हैं। सत्र 23 फरवरी से शुरू होकर नौ मार्च तक चलने का अनुमान लगाया जा रहा है। अधिक संभावना है कि 27-28 को बजट पेश किया जाए। अभी तक की तैयारियों के अनुसार बजट लोक-लुभावन होगा। इसी के आधार पर सरकार विधानसभा चुनाव में उतरेगी। बड़े पैमाने पर ग्रामीण और शहरी इलाकों में सड़कों के लिए योजनाओं को स्वीकृति दी जाएगी। पथ निर्माण विभाग और ग्रामीण कार्य विभाग के बजट में इजाफा होगा तो कृषि भी सरकार के फोकस में है। कृषि विभाग की कई योजनाओं के लिए सरकार खजाने का मुंह खोलने जा रही है। स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्र में भी सरकार का बजट पिछले वर्षों की तुलना में बढ़ना तय है।

## नीलकंठ सिंह मुंडा ने किताहातू पंचायत में चलाया गांव चलो अभियान

**खूंटी।** खूंटी के विधायक और भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष नीलकंठ सिंह मुंडा के नेतृत्व में रविवार को भाजपा कार्यकताओं ने गांव चलो अभियान के तहत किताहातु पंचायत के कूड़ापूर्ति ग्राम में बूथ संख्या 2 91, 292, 293, 294 और 295 में जनसंपर्क अभियान चलाया। पार्टी के निर्देश पर कार्यकर्ता और नेता गांवों में जाएंगे और वहीं रात्रि प्रवास करेंगे। इस अवसर पर विधायक ने उपस्थित बूथ अध्यक्षों और ग्रामीण से कहा कि पिछले 10 वर्ष में केंद्र में नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री रहते हुए विकास के नये आयाम कायम किये हैं। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने युवाओं, महिलाओं और गरीबों के साथ ही आदिवासियों के लिए कई योजनआं की शुरूआत की है। हमें जागयक होकर इन योजनाओं का लाभ उठाना चाहिए। उन्होंने ग्रामीणों का आह्वान किया कि आनेवाले संसदीय चुनाव में एक बार फिर नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाने के लिए भाजपा के पक्ष में मतदान करें।

## एक नजर

### लता देश में ही नहीं बल्कि विदेशों में भी मशहूर थीं : देवेश खान

**रांची।** मेरी आवाज मेरी पहचान की ओर से हरमू मारवाड़ी भवन में एक कार्यक्रम आयोजित कर लता मंगेशकर को श्रद्धांजलि अर्पित की गई । कलाकारों ने स्व लता जी कि तस्वीर पर फूल माला चढ़ाकर श्रद्धांजलि अर्पित की । सभी कलाकारों ने लता जी के गानों को अपने-अपने अंदाज में गया । एक्टर देवेश खान ने कहा कि लता जी देश में ही नहीं बल्कि विदेशों में भी मशहूर थी । उन्होंने अपनी गायकी से देश के साथ-साथ दुनिया में भी लोगों का दिल जीता। फिल्म आर्ट कला उप समिति के चेयरमैन आनंद जालान ने कहा कि लता जी सुरों की मल्लिका हैं। लता जी को कभी भुलाया नहीं जा सकता है। कार्यक्रम का संचालन वीना श्री जी ने किया जबकि धन्यवाद ज्ञापन किशन अग्रवाल ने किया । इस मौके पर एक्टर देवेश खान,आनंद जालान, सिंगर कुमार गहलोत, पूनम बाला और जी खान आदि मौजूद थे।

### राज्य में जवाबदेह राजनीति को स्थापित करना होगा : सुदेश

**चतरा।** आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने कहा कि झारखंड में चल रही सरकार ने राज्य की छवि बिगाड़ कर रख दी है। जिस तरह के हालात बने हैं उसमें राज्य को संवारना और साख बचाना जरूरी है। साथ ही जवाबदेह राजनीति को स्थापित करना होगा। महतो रविवार को चतरा के प्रतापपुर में आयोजित पंचायत एवं ग्राम प्रतिनिधियों के सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। चतरा के विधायक और सरकार में मंत्री सत्यानंद भोक्ता पर निशाना साधते हुए आजसू प्रमुख ने कहा कि चतरा की जनता ने उन्हें जनप्रतिनिधि बना कर सदन में भेजा। इनके श्रम एवं नियोजन मंत्री होते हुए भी मात्र 54 लोगों को नौकरी ही मिल पाई। वह भी होम गार्ड और कंप्यूटर ऑपरेटर की। युवाओं को नियोजन से जोड़ने के लिए नियोजन नीति बनाने में भी मंत्री विफल रहे। सरकार रोजगार मेले का आयोजन कर प्राइवेट कंपनियों में युवाओं को काम के नाम पर ऑफर लेटर थमा देती है।

### प्रतुल शाहदेव ने हरमू में चलाया बूथ चलें हम अभियान



**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने रविवार को पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के हरमू के गृह बूथ नंबर 288 में बूथ चलें हम अभियान चलाया। इसके बाद ट्विटर (एक्स) पर पोस्ट कर उन्होंने हेमंत सोरेन को चुनौती दी कि कम से कम अपने बूथ से तो लीड लेकर दिखाएं। उन्होंने कहा कि आप तो इसी बूथ से वोटर हैं। सभी कार्यकताओं की तरफ से हेमंत सोरेन को चुनौती है कि अपने घर वाले बूथ से तो बढ़त लेकर दिखाएं। उन्होंने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि हेमंत सोरेन इस चुनौती को स्वीकार करेंगे। अभियान के तहत उन्होंने केंद्र सरकार की नीतियों का पार्टी कार्यकताओं के साथ मिलकर प्रचार-प्रसार भी किया।

# आईएएस में प्रोन्नत अधिकारियों को किया जाएगा सम्मानित

**झारखंड प्रशासनिक सेवा संघ की कार्यकारिणी की बैठक हुई**

**राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों से जुड़े कई समसामयिक विषयों पर हुआ विमर्श**



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड प्रशासनिक सेवा संघ की कार्यकारिणी की बैठक रविवार को संघ भवन में हुई। झासा की अध्यक्ष रंजीता हेंब्रम की अध्यक्षता में आहूत इस बैठक में राज्य प्रशासनिक सेवा से जुड़े कई समसामयिक विषयों पर विमर्श हुआ। बैठक में महासचिव राहुल कुमार, संयुक्त सचिव मीना, कोषाध्यक्ष राम नारायण सिंह, मीडिया प्रभारी संजय कुमार, कार्यकारिणी सदस्य जितेंद्र कुमार पांडे ने भी अपने विचार रखे। बैठक में निर्णय लिया गया कि हाल ही में जिन सदस्यों को झारखंड प्रशासनिक सेवा से भारतीय प्रशासनिक सेवा में प्रोन्नति मिली है उन सभी के लिए संघ की ओर से अभिनंदन समारोह आयोजित किया जाएगा। उसी दिन झासा के उन अधिकारियों के लिए विदाई सह सम्मान समारोह भी आयोजित करने का निर्णय लिया गया है जो पिछले एक साल के दौरान झाप्रसे से सेवानिवृत हुए हैं।

**जिलों की इकाइयों से नियमित बैठकें करने की अपील :** अध्यक्ष श्रीमती रंजीता हेंब्रम ने झासा की जिला इकाइयों से भी अपील की है कि वे निर्धारित अंतराल पर जिलों में झासा की बैठक जरूर करते रहें। इससे न केवल अधिकारियों में आपसी मेलजोल बढ़ेगा बल्कि जिले में प्रशासनिक समन्वय भी बेहतर होगा। अध्यक्ष हेंब्रम ने कहा कि झारखंड प्रशासनिक सेवा राज्य की अत्यंत महत्वपूर्ण सेवा है। अत्यधिक कार्य बोझ एवं उत्तरदायित्व के चलते अधिकारियों की दैनंदिन व्यस्तता स्वाभाविक है। इसके बावजूद राप्रसे अधिकारियों को विभिन्न खेलकूद की गतिविधियों एवं कला-साहित्य जैसी सांस्कृतिक गतिविधियों से भी जोड़ने के लिए संघ अपने स्तर से जरूरी पहल करेगा।

## तमाड़ : 18 एकड़ में पोस्ते की फसल नष्ट की



**तमाड़।** सशस्त्र सीमा बल 26वीं वाहिनी जी कंपनी तमाड़ और तमाड़ पुलिस ने संयुक्त अभियान चलाकर 18 एकड़ पोस्ता की फसल नष्ट कर दी। पुलिस को पेलकाडीह और बिरडीह के जंगलों में बड़े पैमाने पर पोस्ता की खेती करने की सूचना मिली थी। अभियान सहायक कमांडेंट अजीत कुमार उपाध्याय, एएसआई परमेश्वर शर्मा के नेतृत्व में एसएसबी और जिला पुलिस के जवानों ने पेलकाडीह और बिरडीह में पोस्ता की फसल नष्ट की। मालूम हो कि कुछ दिन पूर्व ऐसे ही अभियान के दौरान चतरा में दो जवान शहीद हो गए थे जबकि एक गंभीर रूप से घायल हो गया था।

# झारखंड में फिर बदलेगा मौसम का मिजाज, कई इलाकों में होगी बारिश

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड में एक बार फिर मौसम का मिजाज सोमवार से बदला बदला दिखेगा. रविवार को जहां आसमान में आंशिक बादलों के साथ मौसम प्रायः शुष्क रहने का पूवार्नुमान है, वहीं 12 फरवरी से अगले तीन दिनों तक राज्य के अलग अलग क्षेत्र में गर्जन के साथ हल्के से मध्यम दर्जे की वर्षा होने का पूवार्नुमान मौसम केंद्र रांची ने जारी किया है. इस दौरान वज्रपात की संभावना देखते हुए 12 से 14 फरवरी तक के लिए वर्षा वाले इलाकों में वज्रपात का येलो अलर्ट जारी किया गया है.



**झारखंड में कैसा रहेगा मौसम का मिजाजः** 11 फरवरी को राज्य के कुछ इलाकों में आसमान में आंशिक बादल छाएंगे, लेकिन मौसम प्रायः शुष्क रहने की संभावना है. 12 फरवरी को राज्य के पश्चिमी जिले और उससे सटे निकटवर्ती जिलों में गर्जन के साथ हल्के दर्जे की वर्षा होने की संभावना है. 13 फरवरी को झारखंड के उत्तर पश्चिमी, दक्षिणी और निकटवर्ती जिलों में गर्जन के साथ हल्के से मध्यम दर्जे की वर्षा होगी. 14 फरवरी को झारखंड के उत्तरी, दक्षिणी और निकटवर्ती जिलों में गर्जन के साथ हल्के से मध्यम दर्जे की वर्षा होने की संभावना है. 15 और 16 फरवरी को राज्य में कहीं कहीं पर गर्जन के साथ हल्के दर्जे की वर्षा हो सकती है.

**12-14 फरवरी तक के लिए येलो अलर्टः** मौसम केंद्र रांची ने 12 फरवरी से लेकर 14 फरवरी तक जिन जिन क्षेत्रों में आसमान में बादल छाए रहने के साथ साथ गर्जन के साथ वर्षा की संभावना जताई है, उन जिलों में उस दौरान वज्रपात का येलो अलर्ट भी जारी किया है.

**रांची में कैसा रहेगा मौसमः** रांची को लेकर मौसम पूवार्नुमान में कहा गया है कि 11 फरवरी को जहां आसमान में आंशिक बादल दिखेगा, वहीं 12 फरवरी से 14 फरवरी के बीच गरज के साथ हल्के से मध्यम दर्जे की वर्षा हो सकती है. इस दौरान रांची का तापमान 14 से 27 के बीच रहेगा.


**पिछले 24 घंटे में कैसा रहा मौसम का मिजाजः** झारखंड में पिछले 24 घंटे में मौसम की बात करें तो राज्य के पश्चिमी जिलों में कुछ स्थानों पर शीत लहर का प्रभाव देखा गया. अन्य जगहों पर मौसम प्रायः शुष्क रहा है. इस दौरान चाईबासा में राज्य का अधिकतम तापमान 27.4 डिग्री सेल्सियस और गढ़वा में राज्य का सबसे कम यानि न्यूनतम तापमान 6.1 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया.

# जेएसएससी सीजीएल परीक्षा पेपर लीक मामले में सीबीआई जांच की मांग

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

जेएसएससी सीजीएल परीक्षा पेपर लीक मामले में सीबीआई जांच की मांग को लेकर अखिल झारखंड छात्र संघ का चरणबद्ध आंदोलन 12 फरवरी, सोमवार से शुरू होने जा रहा है। आंदोलन के तहत 12 फरवरी को राज्य के सभी विश्वविद्यालय एवं कॉलेज में हस्ताक्षर अभियान चलाया जाएगा । इस अभियान का मकसद छात्रों और अभ्यर्थियों को सीबीआई जांच पर जोर देने के लिए एक मंच पर लाना है। गौरतलब है कि आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो के निर्देश पर अखिल झारखंड छात्र संघ ने इस संवेदनशील और गंभीर मामले में सीबीआई जांच की मांग को लेकर आंदोलन के रूपरेखा तय की है। हस्ताक्षर अभियान चलाने के लिए विश्वविद्यालय और कॉलेज में प्रभारी नियुक्त भी नियुक्त किए गए हैं।

हस्ताक्षर अभियान के बाद दूसरे दिन 13 फरवरी को मशाल जुलूस निकाला जायेगा। जबकि 15 फरवरी को सभी जिलों के उपायुक्तों को मांग पत्र सौंपा जाएगा। इसी सवाल पर 17 फरवरी को राजभवन के सामने प्रदर्शन किया जाएगा। इन कार्यक्रमों को सफल बनाने के लिए कॉलेज, विश्वविद्यालय, जिला इकाई को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं।




**विश्वविद्यालयों व कालेजों में हस्ताक्षर अभियान चलायेगा अखिल झारखंड छात्र संघ**

# महाशिवरात्रि पर जीवंत झांकी के साथ निकलेगी शोभायात्रा

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

श्रीश्री शिव बारात आयोजन समिति एवं चंद्रशेखर आजाद श्री दुर्गा पूजा समिति की ओर से महाशिवरात्रि पर कई मनोहारी झांकी निकाली जाएगी। दिल्ली के कलाकारों की टीम द्वारा प्रस्तुत जीवंत झांकियों में श्रीराम लला और परमपिता शिव के विग्रह की झांकी प्रमुख होगी। समिति की रविवार को सर्जना चौक के समीप श्रीराम मंदिर परिसर में अध्यक्ष रमेश सिंह की अध्यक्षता में हुई बैठक में आयोजन को लेकर चर्चा हुई। कमेटी के अध्यक्ष रमेश सिंह ने बताया कि शोभायात्रा में बैंड-बाजा, ताशा पार्टी, छऊ नृत्य की प्रस्तुति कलाकारों द्वारा होगी। इसके अलावा शिव भक्त शोभायात्रा में केसरिया ध्वज थामे शामिल होंगे। बैठक में शैलेंद्र कुमार, नवीन पपनेजा, सुनीता देवी, रवि अरोड़ा, नीरज जायसवाल, संजय अरोड़ा, हीरलाल पपनेजा, गिरधारी लाल शर्मा, सुमित बजाज, राजू वर्मा, रामकुमार, बीजू वर्मा, शुभम, विकास, ओमप्रकाश, शंकर किंगर समेत अन्य शामिल हुए।

### पहाड़ी बाबा का सौ लीटर दूध से हुआ अभिषेक

**रांची।** पहाड़ी मंदिर तिलक उत्सव समिति की ओर से रविवार को पहाड़ी बाबा का महारूद्राभिषेक अनुष्ठान हुआ। सभी की सुख-समृद्धि की कामना के साथ समिति से जुड़े श्रद्धालुओं ने पहाड़ी बाबा का जल, सौ लीटर दूध, दही, मधु व गन्ने के रस से अभिषेक किया। अभिषेक के बाद महाआरती हुई। इसके बाद भक्तों के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। शिव कुमार गुप्ता और ललिता देवी मुख्य यजमान बने। अनुष्ठान पुरोहित नवीन पांडे, पिंटू पांडे व अशोक पांडे ने संपन्न कराया। धार्मिक कार्यक्रम में बड़ी संख्या में शिव भक्त शामिल हुए। समिति की ओर से बसंत पंचमी पर 14 फरवरी को मंदिर परिसर में बाबा का तिलक उत्सव आयोजित किया जाएगा।

**बैठक में पार्टी के कांग्रेस प्रभारी भी होंगे शामिल**

# कांग्रेस चुनाव समिति की पहली बैठक आज

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

नवगठित झारखंड प्रदेश कांग्रेस चुनाव समिति की पहली बैठक 12 फरवरी को प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में आयोजित की गई है। रविवार को प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सोनाल शांति ने बताया कि बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश कांग्रेस प्रभारी गुलाम अहमद मीर उपस्थित रहेंगे। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर करेंगे। सोनाल शांति ने बताया कि बैठक के बाद चुनाव समिति के सदस्य विभिन्न लोकसभा के इच्छुक प्रत्याशियों से भी मुलाकात करेंगे। चुनाव समिति में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर,विधायक दल नेता आलमगीर आलम, डॉ. अजय कुमार,डॉ. रामेश्वर उरांव ,सुबोध कांत सहाय, प्रदीप बालमुचू, सुखदेव भगत, गीता कोड़ा, बंधु तिर्की, जलेश्वर महतो, शहजादा अनवर, फुरकान अंसारी, बन्ना गुप्ता, बादल पत्रलेख,श्री प्रदीप यादव, प्रणव झा, दीपिका पांडे सिंह, काली चरण मुंडा, केशव महतो कमलेश, बृजेंद्र सिंह, रमा खलको, अशोक चौधरी, भीम कुमार, सुल्तान अहमद, बिमला कुमारी, मणि शंकर, निरंजन पासवान, अमूल्य नीरज खलको,सतीश रजक प्रदेश युवा कांग्रेस अध्यक्ष अभिजीत राज, गुंजन सिंह,आमिर हाशमी, नेली नाथन शामिल है। शांति ने बताया कि बैठक में मुख्य रूप से आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर गहन चर्चा एवं विचार विमर्श किया जाएगा तथा लोकसभा चुनाव में पार्टी के बेहतरीन प्रदर्शन के लिए एक पूरी रूपरेखा तय की जाएगी। केंद्र की भाजपा सरकार की विफलताओं को किस तरह से जनता के सामने रखा जाए ताकि जनता मोदी सरकार द्वारा फैलाए गए झूठ के आडंबर की सच्चाई जान सके, इस पर भी पूरा मंथन किया जाएगा।




## पृष्ठ एक के शेष

**जेएसएससी पेपर लीक मामले में...**

कुमार बेसरा के नेतृत्व में स्पेशल टास्क फोर्स गठित की गई है। एसआईटी में चार पुलिस निरीक्षक समेत कई पुलिसकर्मी शामिल हैं। रांची एसएसपी ने इससे संबंधित आदेश जारी कर दिया था। इस मामले में रांची एसएसपी ने चार अलग अलग टीमें बनाई थी, जिसके बाद इस मामले में दो दर्जन से ज्यादा लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई थी, इसी दौरान मो शमीम के बारे में पुलिस को सूचना मिली जिसके बाद शमीम के साथ साथ उसके दो बेटों को धर दबोचा गया। मालूम हो कि शनिवार को दो लोगों को पलामू से हिरासत में लिया गया था जबकि एसआईटी द्वारा दो को पटना व तीन को चेन्नई से पकड़ने की सूचना भी मिली थी।

**28 जनवरी को हुआ था...**

अग्रेतर अनुसंधान के लिए अनुसंधानकर्ता के रूप में नामित किया गया। प्रश्नपत्र लीक मामले में नामकुम थाना में 29 जनवरी 2024 को प्राथमिकी (कांड संख्या 45/24) दर्ज की गई थी। इस केस में भारतीय दंड विधान की धारा 467/ 468/420/120बी के अलावा 66 आइटी एक्ट एवं 12 झारखंड प्रतियोगिता परीक्षा (भर्ती में अनुचित साधनों की रोकथाम एवं निवारण) विधेयक 2023 के अन्तर्गत अज्ञात अभियुक्तों के विरुद्ध मामला दर्ज किया गया है।

**बेटे से विवाद में मां की कर...**

हैं। सभी शहर व चैनपुर थाना क्षेत्र के रहने वाले हैं। पुलिस ने इनके पास से दो देशी कट्टा, एक पिस्टल और तीन मोबाइल फोन बरामद किया है। गौरतलब हो कि शहर के भीड़भाड़ वाले सद्दीक चौक पर स्थित एक होटल में बीते बुधवार को नमिता देवी की की सरेआम गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। हत्याकांड के खुलासे के लिए पुलिस ने एक विशेष टीम का गठन किया था । पलामू एसपी रिष्मा रमेशन ने बताया कि महताब नाम के युवक का नमिता देवी के बेटे रितिक से विवाद हुआ था। इसी विवाद में दोनों के बीच बहस हुई। जिसके बाद महताब ने हत्या की योजना तैयार की। घटना के दिन भास्कर पांडे, रितेश और महताब सद्दीक मंजिल चौक स्थित दुकान पर पहुंचे, जहां भास्कर और रितेश ने फायरिंग की। जबकि महताब कुछ दूरी पर खड़ा था। एसपी ने बताया कि हत्या करने के बाद अपराधी बाइक से कोयल पार शाहपुर के इलाके में चले गये थे। वहां से वे बबलू कुमार नामक युवक के साथ कार से गढ़वा भाग गये। पुलिस की विशेष टीम ने छापेमारी कर चारो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। एसपी ने बताया कि हत्या करने के बाद अपराधियों ने हथियार को चैनपुर में छिपाया था। उनकी निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त हथियार भी बरामद कर लिये गये हैं। इस छापेमारी में शहर थाना प्रभारी अभय कुमार सिन्हा, एसआई नितिन कुमार पोद्दार, एएसआई रेवा शंकर राणा व नबी अंसारी आदि शामिल थे।

**क्या कांग्रेस में सिर्फ वही रह...**

केवल छः साल के लिए ही क्यों निकाला जा रहा है। मैं छात्र जीवन से करीब 17 वर्ष की आयु में स्व. राजीव गांधी से मिला था। तब से लेकर मैं कांग्रेस में रहा। राजीव गांधी को मैंने एक वायदा किया था। हमने कहा था कि हम आखिरी सांस तक कांग्रेस के साथ रहेंगे। आचार्य ने कहा कि बहुत से ऐसे मोड़ आये, बहुत से फैसले थे जिस पर मैं सहमत नहीं था। क्योंकि राजीव गांधी को जो वचन दिया था वह आड़े आ रहा था। उन्होंने कहा कि जो शख्स अपनी दादी, अपनी मां,अपने पिता के साथ सुख-दुख में खड़े रहने वाले नेताओं की इज्जत करना नहीं जानता है तो हम क्या हैं। आचार्य प्रमोद कृष्णम ने कहा कि कांग्रेस को हमने नहीं, कांग्रेस ने हमको छोड़ा है। अब आखिरी सांस तक प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ रहेंगे।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist &
Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More "
छात्र-छात्राओं के लिए
50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिबल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज
CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com



## अमेरिकी सांसदों ने बाइडेन से पाक चुनाव परिणामों को मान्यता नहीं देने को कहा



**एजेंसी। वाशिंगटन**

कई अमेरिकी सांसदों ने बाइडेन प्रशासन से कथित अनियमितताओं की जांच होने तक पाकिस्तान के चुनाव परिणामों को मान्यता नहीं देने का आग्रह किया है। यह बात मीडिया रिपोर्ट में कही गई है। अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता ने चुनावी प्रक्रिया में हस्तक्षेप के आरोपों पर चिंता व्यक्त करते हुए शुक्रवार को एक बयान में कहा, हस्तक्षेप या धोखाधड़ी के दावों की पूरी जांच की जानी चाहिए। बयान में कहा गया है, हम विश्वसनीय अंतरराष्ट्रीय और स्थानीय चुनाव पर्यवेक्षकों के साथ उनके आकलन में शामिल हैं कि इन चुनावों में अभिव्यक्ति और शांतिपूर्ण सभा की स्वतंत्रता पर अनुचित प्रतिबंध शामिल हैं।

द न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार हाउस फॉरेन अफेयर्स कमेटी के अध्यक्ष माइकल मैककॉल, रैंकिंग सदस्य ग्रेगरी मीक्स ने कहा कि पाकिस्तानी लोकतंत्र के समर्थन में अन्य प्रमुख सांसदों के हालिया कड़े बयानों को देखते हुए हम बाइडेन प्रशासन और कांग्रेस से मतगणना अनियमितताओं और मतपत्र से छेड़छाड़ की चिंताओं पर ध्यान देने का आग्रह करते हैं। शक्तिशाली हाउस फॉरेन अफेयर्स कमेटी के एक वरिष्ठ सदस्य, कांग्रेसी ब्रैड शेरमन ने कहा, पाकिस्तान में प्रेस संगठनों को वोट सारणीकरण की रिपोर्ट करने के लिए स्वतंत्र होना चाहिए और परिणामों की घोषणा में कोई अनुचित देरी नहीं होनी चाहिए।

द न्यूज ने बताया इसके साथ ही कांग्रेस सदस्य रशीदा तलीब ने कहा हमें पाकिस्तानी लोगों के साथ खड़ा होना चाहिए क्योंकि उनका लोकतंत्र गंभीर खतरे में है। उन्हें बिना किसी हस्तक्षेप और प्रक्रिया में छेड़छाड़ के अपने नेताओं का चुनाव करने में सक्षम होना चाहिए और अमेरिका को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि हमारे कर डॉलर किसी को भी नुकसान न पहुंचे।

कांग्रेस महिला दीना टाइटस ने कहा कि वह जमीनी स्तर पर स्थिति पर करीब से नजर रख रही हैं और अधिकारियों से कानून के शासन का पालन करने का आग्रह कर रही हैं। उन्होंने पाकिस्तान में राजनीतिक हिंसा के इस्तेमाल और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर प्रतिबंध की निंदा करते हुए कहा, स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव लोकतंत्र की आधारशिला हैं।

# पाकिस्तान : जरदारी ने बिलावल के लिए मांगा प्रधानमंत्री का पद

**एजेंसी। इस्लामाबाद**

पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) के अध्यक्ष शहबाज शरीफ ने अपनी पार्टी के नेताओं से कहा कि पूर्व राष्ट्रपति आसिफ जरदारी ने अपने बेटे और पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) के अध्यक्ष बिलावल भुट्टो जरदारी के लिए प्रधानमंत्री पद, और प्रमुख मंत्रिस्तरीय विभागों की मांग की है। द न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, एक बड़े घटनाक्रम में, पीपीपी इस शर्त पर पीएमएल-एन के साथ गठबंधन सरकार बनाने पर सहमत हो गई है कि बिलावल को प्रधानमंत्री बनाया जाएगा। शहबाज ने पार्टी नेताओं को बताया कि जरदारी ने पेशकश की कि बदले में पीपीपी पंजाब प्रांत में सरकार बनाने के लिए पीएमएल-एन का समर्थन करेगी। न्यूज को पीएमएल-एन सूत्रों से पता चला है



कि शहबाज शरीफ ने शुक्रवार रात आसिफ अली जरदारी और बिलावल से मुलाकात की और भविष्य के गठबंधन पर चर्चा की। पार्टी सूत्रों ने शनिवार को कहा कि पीएमएल-एन नेताओं ने केंद्र के साथ-साथ पंजाब प्रांत में भावी सरकार बनाने के लिए विभिन्न विकल्पों पर चर्चा की। पार्टी सूत्रों ने दावा किया कि पीएमएल-एन नेतृत्व सदमे में है क्योंकि चुनाव परिणाम उनकी उम्मीदों से बिल्कुल अलग थे। उन्होंने कहा कि नवाज शरीफ, मरियम नवाज और अन्य पीएमएल-एन नेता अति आत्मविश्वास में थे और पार्टी नेतृत्व ने सार्वजनिक रैलियों, घर-घर अभियान, बड़े पैमाने पर सार्वजनिक अभियान और मतदाताओं के साथ सीधे संपर्क पर ज्यादा ध्यान नहीं दिया, खासकर चुनाव के दिन।

द न्यूज के अनुसार, पार्टी सूत्रों ने कहा कि अब तक जरदारी के साथ गठबंधन बनाना पहला विकल्प था जिसे पीएमएल-एन तलाश रही थी लेकिन वह प्रधानमंत्री का पद छोड़ना नहीं चाहती थी। सूत्रों ने दावा किया कि बैठक में निर्णय लिया गया कि यदि पीपीपी के साथ बातचीत विफल रही, तो पीएमएल-एन उस स्थिति में एमक्यूएम, जेयूआई-एफ और अन्य छोटे दलों के साथ गठबंधन सरकार बनाएगी। द न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, उन्होंने आगे दावा किया कि इस परिदृश्य में, पीएमएल-एन शहबाज शरीफ को प्रधानमंत्री और मरियम नवाज को पंजाब प्रांत का मुख्यमंत्री बनाएगी।

### पीटीआई समर्थित निर्दलीय उम्मीदवार आगे

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) समर्थित निर्दलीय उम्मीदवारों ने पाकिस्तान के नेशनल असेंबली में 95 सीटों पर कब्जा कर लिया है। 265 में से 257 निर्वाचन क्षेत्रों के अनौपचारिक परिणाम आ गए हैं। जानकारी के मुताबिक, सात निर्वाचन क्षेत्रों के अपुष्ट और अनौपचारिक परिणाम अभी भी आने बाकी हैं, जबकि नेशनल एसेंबली के एक निर्वाचन क्षेत्र का परिणाम रोक दिया गया है।

### लॉजिस्टिक्स के चलते चुनाव नतीजों में देरी : मंत्री

**इस्लामाबाद।** बलूचिस्तान प्रांत के कार्यवाहक सूचना मंत्री जान अचकजई ने कहा है कि पाकिस्तान के आम चुनाव के नतीजों में लॉजिस्टिक्स के कारण देरी हुई है। क्वेटा में मीडियाकर्मियों से अचकजई ने कहा कि जब कुछ क्षेत्रों में कड़ाके की ठंड पड़ रही है, तो यह स्वाभाविक है कि लॉजिस्टिक्स के कारण नतीजों में देरी होगी। डॉन ने अचकजई के हवाले से कहा कि चुनाव आयोग ने भी यही कहा है। विभिन्न राजनीतिक दलों ने चुनाव के नतीजों में देरी की निंदा की है।

## पीएम ने हमारी संस्कृति व विरासत को पुनर्जीवित किया : अमित शाह



**एजेंसी। मैसूरु (कर्नाटक)**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश की संस्कृति और विरासत को पुनर्जीवित किया है और उन्हें विश्व मानचित्र पर स्थापित किया। वह सुत्तूर मठ में एक गेस्ट हाउस का उद्घाटन करने के बाद लोगों को संबोधित कर रहे थे। शाह ने कहा, अयोध्या में राम मंदिर, काशी में काशी विश्वनाथ कॉरिडोर, उज्जैन में महाकाल कॉरिडोर और केदारनाथ और बद्रीनाथ तीर्थस्थलों के कायाकल्प सहित, पीएम मोदी ने कई सांस्कृतिक केंद्रों को पुनर्जीवित किया है। गृह मंत्री ने कहा कि पीएम मोदी देश की सुरक्षा सुनिश्चित करने के साथ-साथ इसे समृद्ध बनाने पर भी ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। अमित शाह ने कहा कि मोदीजी ने योग, आयुर्वेद और भाषाओं के संरक्षण पर भी ध्यान दिया। मैं स्वामीजी, स्वयं और भाजपा के प्रत्येक पार्टी कार्यकर्ता को बताना चाहता हूं कि हम मठ द्वारा किए गए सामाजिक कार्यों को सम्मान और भक्ति के साथ देखेंगे। प्रदेश अध्यक्ष बीवाई विजयेंद्र ने कहा कि सुत्तूर मठ में अमित शाह के आगमन से न केवल दक्षिण कर्नाटक बल्कि पूरे राज्य में हलचल मच गई है। उन्होंने कहा, कर्नाटक मठों की भूमि है, और उन्होंने सभी क्षेत्रों में राज्य के लिए योगदान दिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी सुत्तूर मठ के प्रति अपनी भक्ति व्यक्त की है। अमित शाह के नेतृत्व में, देश जिन मुद्दों का सामना कर रहा है, उनका समाधान खोजा गया है। इस मौके पर सुत्तूर मठ के पुजारी शिवरात्रि देशीकेंद्र स्वामीजी, केंद्रीय खान, कोयला और कानून मंत्री प्रल्हाद जोशी, विपक्ष के नेता आर. अशोक, पूर्व सीएम बसवराज बोम्मई, भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय महासचिव सीटी रवि और पार्टी के वरिष्ठ नेता प्रभाकर कोरे उपस्थित थे।

## 23 महिलाओं से गैंगरेप के आरोप में घिरे सभापति आयुक्त, दोस्तों संग मिलकर की थी दरिंदगी

**सिरोही, राजस्थान।** कोतवाली में नगरपरिषद सभापति महेंद्र मेवाड़ा एवं आयुक्त महेंद्र चौधरी पर 23 महिलाओं के साथ गैंगरेप का मामला दर्ज किया गया है। इस मामले में पाली निवासी महिला द्वारा पुलिस में रिपोर्ट दर्ज करवाई गई है। अब पुलिस उप अधीक्षक पारसाराम इस मामले की जांच करेंगे। पीड़िता की ओर से दर्ज रिपोर्ट में आरोप लगाया कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता बनाने के नाम पर सभापति महेंद्र मेवाड़ा एवं आयुक्त महेंद्र चौधरी ने उसे व उसके साथ पंद्रह-बीस महिलाओं को झांसा देकर बुलाया तथा गैंगरेप किया। इसके बाद वीडियो बनाकर महिलाओं को ब्लैकमेल करने का भी आरोप है। रिपोर्ट के अनुसार दो-तीन माह पहले आंगनबाड़ी में काम के लिए वह अपनी साथी महिलाओं के साथ सिरोही आई थी। इस दौरान वे सभापति महेंद्र मेवाडा एवं आयुक्त महेंद्र चौधरी से मिली थी। इस दौरान खाने में नशीला पदार्थ खिलाकर इन दोनों ने अपने साथियों के साथ महिलाओं से दुष्कर्म किया। पीड़िता ने यह भी बताया कि जब सभी महिलाओं को होश आया तो उनके सिरदर्द हो रहा था। परस्पर बातचीत के बाद सभापति व आयुक्त से पूछा तो मामले का पता चला। वे दोनों व उन दस-पंद्रह साथी हंसते हुए बोले कि हम लोगों ने इस काम के लिए ही तुम लोगों को धोखे से यहां बुलाया था। रिपोर्ट में आरोपियों के उनके वीडियो बनाने एवं ब्लैकमेल करने का भी आरोप लगाया गया है। इधर, इस मामले में सिरोही नगर परिषद सभापति महेंद्र मेवाडा का कहना है इन आरोपों का कोई आधार नहीं है। इस तरह का कोई घटनाक्रम नहीं है। यह केवल उनकी उनकी राजनीतिक छवि खराब करने के लिए किसी का षड्यंत्र है। पूर्व में भी ऐसा प्रयास किया गया था जो बाद में झूठा पाया गया था। जांच के बाद सारी वास्तविकता सामने आ जाएगी।

### केजरीवाल का दिल्ली की सभी 7 सीटों पर चुनाव लड़ने का ऐलान

**नई दिल्ली।** 'इंडिया' गठबंधन में दरार कम होने का नाम नहीं ले रही है। एक तरफ नीतीश कुमार के पाला बदलते ही जहां गठबंधन को झटका लगा, वहीं ममता बनर्जी के सख्त रवैये और कांग्रेस को लेकर नाराजगी ने बता दिया था कि इस गठबंधन का अब कुछ नहीं हो सकता। गठबंधन के खत्म होने को लेकर रही सही कसर आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने पंजाब में बयान देकर पूरी कर दी। वहीं अब केजरीवाल ने कह दिया कि राजधानी दिल्ली की सभी लोकसभा सीटों पर पार्टी चुनाव लड़ेगी। ऐसे में कयास लगाए जाने लगे कि कांग्रेस के साथ इंडी गठबंधन में बने रहने का अब केजरीवाल का मूड नहीं है। केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली की जनता दिल्ली की सात लोकसभा सीट आम आदमी पार्टी को देने के मूड में है। ऐसे में लगने लगा है कि ममता बनर्जी की तरह ही अरविंद केजरीवाल भी अब इंडी गठबंधन में रहने के मूड में नहीं हैं।

## बाल शोषण क्षमा मामले में हंगरी की राष्ट्रपति ने दिया इस्तीफा



**एजेंसी। बुडापेस्ट**

हंगरी की राष्ट्रपति कातालिन नोवाक ने बाल दुर्व्यवहार क्षमा घोटाले के बाद पद से इस्तीफा दे दिया है।

नोवाक ने शनिवार को राष्ट्रीय टेलीविजन चैनल पर कहा मैं आपको आखिरी बार राष्ट्रपति के रूप में संबोधित कर रही हूं, मैं गणतंत्र के राष्ट्रपति के पद से इस्तीफा देती हूं। उन्होंने कहा मैं उन लोगों से माफी मांगती हूं, जिनको मैंने ठेस पहुंचाई है और उन सभी पीड़ितों से, जिन्होंने महसूस किया होगा कि मैं उनके साथ नहीं खड़ी हूं। मैं बच्चों और परिवारों की सुरक्षा के समर्थन में थी, हूं और रहूंगी।

नोवाक ने अप्रैल 2023 में एक बाल गृह के पूर्व उप निदेशक एंड्रे के को माफ कर दिया था। एक स्थानीय समाचार साइट ने इस माफी के बारे में खुलासा किया, इसके बाद शुक्रवार को बुडापेस्ट में उनके इस्तीफे की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन हुआ। नोवाक के इस्तीफे के तुरंत बाद, हंगरी के पूर्व न्याय मंत्री जुडिट वर्गा ने भी पद से इस्तीफा दे दिया। वर्गा ने कहा, मैं राष्ट्रपति के फैसले पर प्रतिहस्ताक्षर करने की राजनीतिक जिम्मेदारी लेती हूं। मैं सार्वजनिक जीवन से हट रही हूं, अपने संसदीय जनादेश से इस्तीफा दे रही हूं और यूरोपीय संसद की सूची के प्रमुख के रूप में पद छोड़ रही हूं। जब नोवाक ने विवादास्पद क्षमादान पर हस्ताक्षर किए तब वर्गा न्याय मंत्री थीं।

## तृणमूल ने राज्यसभा चुनाव के लिए चार उम्मीदवारों को किया नामांकित

**कोलकाता।** तृणमूल कांग्रेस ने रविवार को आगामी राज्यसभा चुनाव के लिए चार उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की, जो जल्द ही खाली होने वाले हैं। घोषित किए गए चार उम्मीदवार मोहम्मद नदीमुल हक, ममता बाला ठाकुर, सुष्मिता देव और सागरिका घोष हैं। हक दोबारा नामांकन पाने वाले पार्टी के एकमात्र मौजूदा राज्यसभा सदस्य हैं। ठाकुर और देव दोनों पूर्व सांसद हैं, देव असम की पूर्व कांग्रेस नेता हैं और सागरिका घोष पेशे से पत्रकार हैं। तृणमूल कांग्रेस के तीन मौजूदा राज्यसभा सदस्य, जिन्हें दोबारा नामांकन नहीं मिला, वे हैं डॉ शांतनु सेन, सुभाशीष चक्रवर्ती और अबीर रंजन विश्वास। बंगाल की पांच सीटों के लिए चुनाव होंगे जो अप्रैल में खाली होने वाली हैं, साथ ही देश के बाकी हिस्सों की 51 अन्य सीटों के लिए भी चुनाव होंगे। पश्चिम बंगाल विधानसभा में विधायकों के वर्तमान संख्यात्मक वितरण के अनुसार, तृणमूल कांग्रेस के चार और भाजपा के एक उम्मीदवार की जीत सुनिश्चित है।

### 29 तक अमरमणि की संपत्ति जब्त करे पुलिस

**बस्ती।** उत्तर प्रदेश के बस्ती में एमपी/एमएलए अदालत ने पूर्व मंत्री अमर मणि त्रिपाठी की संपत्ति जब्त करने के लिए पुलिस को 20 दिन का समय दिया है। एसपी बस्ती गोपाल कृष्ण ने पुष्टि की कि पुलिस के अनुरोध पर, अदालत ने संपत्तियों की कुर्की के लिए प्रगति रिपोर्ट देखने के बाद समय दिया है। अधिकारियों ने कहा कि अदालत ने बस्ती के एसपी को एक रिसीवर नामित करने की प्रक्रिया पूरी करने और संबंधित जिला अधिकारियों से संपत्तियों को जब्त करने के लिए एक न्यायिक मजिस्ट्रेट उपलब्ध कराने और देश भर में अमर मणि त्रिपाठी की संपत्तियों के बारे में विस्तृत रिपोर्ट देने का अनुरोध करने का निर्देश दिया था। बस्ती में छह दिसंबर 2001 को स्कूली छात्र राहुल गुप्ता के अपहरण के 23 साल पुराने मामले में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रमोद गिरि ने अगली तारीख 29 फरवरी तय की है।

### गुजरात के कृषि मंत्री को ब्रेन हेमरेज, अस्पताल में भर्ती

**अहमदाबाद।** गुजरात के कृषि एवं पशुपालन मंत्री राघवजी पटेल को ब्रेन हेमरेज स्ट्रोक के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया है। डॉक्टरों ने कहा है कि 65 वर्षीय मंत्री की हालत में सुधार हो रहा है। पटेल को जामनगर में एक कार्यक्रम में भाग लेने के दौरान मस्तिष्क आघात हुआ। राजकोट के सिनर्जी अस्पताल के न्यूरोसर्जन डॉ संजय तिलाला ने कहा कि पटेल को उनकी सुविधा के लिए रेफर किए जाने से पहले जामनगर के एक स्थानीय अस्पताल में प्राथमिक उपचार मिला। पटेल 2012 में राजनीति में शामिल हुए और उसी साल कांग्रेस के टिकट पर जामनगर-ग्राम्या सीट से अपनी पहली विधानसभा सीट जीती। हालांकि, पटेल 2017 में बीजेपी में शामिल हो गए।

### ईरान में गोलीबारी में नौ पाकिस्तानियों की मौत

**तेहरान।** प्रांतीय सुरक्षा सूत्र ने बताया कि रविवार को ईरान के सिस्तान और बलूचिस्तान प्रांत में स्थित सिकरान में एक सशस्त्र हमले में नौ पाकिस्तानी नागरिक मारे गए। मेहर न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, प्रांत के डिप्टी गवर्नर अलीरेजा मरहमती के अनुसार, यह घटना तब हुई जब तीन बंदूकधारियों ने पाकिस्तानी नागरिकों पर गोलीबारी शुरू कर दी। उन्होंने बताया कि घटना के दौरान तीन लोग घायल हो गये। घटना की निंदा करते हुए, मरहमती ने पीड़ितों के परिवारों और पाकिस्तानी लोगों के प्रति सहानुभूति व्यक्त की। ईरानी पुलिस बलों को तुरंत घटनास्थल पर भेजा गया लेकिन बंदूकधारी घटना स्थल से भागने में सफल रहे।

### मुंबई में अमेरिकी वाणिज्य दूतावास को बम से उड़ाने की धमकी, सुरक्षा बढ़ाई गई

**मुंबई।** मुंबई के बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स इलाके में स्थित अमेरिकी वाणिज्य दूतावास को बम से उड़ाने की धमकी भरा ई-मेल मिलने के बाद सुरक्षा बढ़ा दी गई है। ई- मेल में कहा गया है अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन को तुरंत सार्वजनिक माफी मांगनी चाहिए नहीं तो मैं हर अमेरिकी दूतावास को उड़ा दूंगा।

## मैं कांग्रेस का वफादार, हाईकमान का गुलाम नहीं : राजन्ना



**बेंगलुरु।** कर्नाटक के सहकारिता मंत्री केएन राजन्ना ने रविवार को कहा कि वह कांग्रेस के वफादार हैं, पार्टी आलाकमान के गुलाम नहीं हैं। मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के करीबी माने जाने वाले राजन्ना ने कहा मेरा आलाकमान मेरे लोग हैं। मैं कांग्रेस का वफादार हूं, लेकिन आलाकमान का गुलाम नहीं। राजन्ना ने कहा मैं आलाकमान से नहीं डरता। मैं खुद हाईकमान हूं। मेरे लिए कोई आलाकमान नहीं हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के प्रदेश और राष्ट्रीय अध्यक्ष हैं और वह हमेशा उनके पद का सम्मान करेंगे। उन्होंने कहा मैं उनके फैसलों को कभी चुनौती नहीं दूंगा। राजन्ना ने पहले भी राज्य में उपमुख्यमंत्री के अधिक पदों के सृजन की वकालत की थी, जिसे प्रदेश अध्यक्ष और उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने नापसंद किया था।

## बीजेपी कर्नाटक में गारंटी योजनाओं को विफल कर रही : सीएम सिद्धारमैया



**एजेंसी। बेंगलुरु**

कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने रविवार को आरोप लगाया कि भाजपा राज्य में गारंटी योजनाओं को अस्थिर करने की कोशिश कर रही है। यदि गारंटी योजनाओं पर कोई आपत्ति है तो भाजपा नेताओं को तुरंत अपना विरोध स्पष्ट रूप से बताना चाहिए और भाजपा शासित राज्यों में घोषणा करनी चाहिए कि सभी मौजूदा गारंटी योजनाएं बंद कर दी जाएंगी। सिद्धारमैया ने सवाल किया कि इसके बजाय, भाजपा नेता कर्नाटक में गारंटी योजनाओं को अस्थिर करने की कोशिश क्यों कर रहे हैं? क्या उनके मन में कर्नाटक के लोगों के प्रति नफरत है? अब, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, जो कर्नाटक पहुंचे हैं, ने गारंटी योजनाओं के कारण खजाना खाली है कहकर राज्य सरकार के प्रति अपनी ईर्ष्या व्यक्त की है। उन्होंने कहा, अगर यह अमित शाह की दृढ़ राय है, तो उन्हें मेरे साथ सार्वजनिक बहस में भाग लेना चाहिए। सिद्धारमैया ने कहा, मैं साबित कर सकता हूं कि गारंटी योजनाओं के कारण हमारा खजाना खाली नहीं है। इसके बजाय, केंद्र से राज्य को करों का अनुचित वितरण हो रहा है। यह अमित शाह के लिए भी एक चुनौती है। सीएम सिद्धारमैया ने कहा कर्नाटक के बारे में बात करते समय जो भाजपा नेता हमारे राज्य में गारंटी योजनाओं का विरोध करते हैं, उन्हीं गारंटी योजनाओं को उन राज्यों में लागू करने का वे वादा कर रहे हैं जहां उनका शासन है।

# हल्द्वानी हिंसा पर सीएम धामी हुए और सख्त

### घटना में शामिल उपद्रवियों और अराजक तत्वों पर कार्रवाई लगातार जारी

### प्रदेश में जहां कहीं भी अतिक्रमण है उस पर कार्रवाई निश्चित तौर पर होगी

**एजेंसी। नई दिल्ली**

उत्तराखंड के हल्द्वानी के बनभूलपुरा में हुई हिंसा को लेकर धामी सरकार लगातार एक्शन मोड में है। इस मामले को लेकर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी खुद पैनी नजर बनाए हुए हैं। साथ ही हिंसा में शामिल उपद्रवियों के खिलाफ सख्त एक्शन लेने के आदेश के बाद प्रशासन भी सतर्क हो गया है। अभी तक इस मामले में 5 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है, जिसमें इस हमले का मास्टरमाइंड अब्दुल मलिक भी शामिल है। वह दिल्ली में छुपकर बैठा हुआ था। इसी बीच सीएम धामी ने लोहाघाट (चंपावत) में मंच से लोगों को संबोधित करते हुए बनभूलपुरा हिंसा में शामिल दंगाइयों को चेतावनी दी और कड़ी सजा देने की बात कही।



**हल्द्वानी में चलाए जा रहे इस अभियान को रोका नहीं जाएगा :** सीएम धामी ने सोशल मीडिया एक्स पर वीडियो पोस्ट करते हुए लिखा हल्द्वानी में हुई घटना में शामिल उपद्रवियों और अराजक तत्वों पर कार्रवाई लगातार जारी है। सभी दंगाइयों को एक-एक कर गिरफ्तार किया जा रहा है। जो भी प्रदेश में अवैध अतिक्रमण है उस पर कार्रवाई निश्चित तौर पर होगी, इस अभियान को रोका नहीं जाएगा।

सीएम धामी ने कहा अराजक तत्वों ने हल्द्वानी के बनभूलपुरा क्षेत्र में महिला पुलिस के जवानों के साथ, जो अवैध अतिक्रमण हटाने गए थे। पत्रकारों के साथ जो वहां यह कवर करने गए थे, उन्हें डंडों और पत्थरों से मारा, पत्रकारों के कैमरे छीन लिए गए, आग में फेंकने का प्रयास किया गया। महिला पुलिसकर्मी और जवानों पर आत्मघाती हमला किया गया। मैं आप सबको कहना चाहता हूं कि हमारा प्रदेश एक शांतिपूर्ण प्रदेश है, यह देवभूमि है और यहां का माहौल किसी भी सूरत में बिगड़ने नहीं दिया जाएगा। मैं दोहराना चाहता हूं कि हमारी सरकार कठोरतम कार्रवाई जारी रखेगी। जो दंगा करने वाले हैं, उनको सजा अवश्य मिलेगी। बता दें कि बनभूलपुरा में सरकारी जमीन पर अवैध अतिक्रमण के मामले में हिंसा का मास्टरमाइंड अब्दुल मलिक को दिल्ली से पुलिस ने धर दबोचा। इस मामले में अबतक पांच गिरफ्तारी हो चुकी है।